60 वीं

एम्स

वार्षिक रिपोर्ट

2015 -16

शरीरमाद्यं खलुधर्मसाधनम्

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
नई दिल्ली–110029

संयुक्त रूप से संपादित :

डॉ. कल्पना लूथरा, जैव रसायन विभाग

डॉ. अल्पना शर्मा, जैव रसायन विभाग

डॉ. विरेन्दर कुमार बंसल, शल्य चिकित्सा विभाग एवं उप–संकायाध्यक्ष (शैक्षिक)

डॉ. संदीप अग्रवाला, बालशल्य चिकित्सा विभाग

डॉ. संजीव लालवानी, न्याय चिकित्सा विभाग एवं कुल–सचिव

डॉ. पीयूष साहनी, जठरांत्र शल्य चिकित्सा एवं यकृत प्रत्यारोपण विभाग

डॉ. प्रताप शरण, मनोचिकित्सा विभाग

डॉ. यतन पाल सिंह बलहारा, मनोचिकित्सा विभाग

डॉ. दीप्ति विभा, तंत्रिका विज्ञान विभाग

डॉ. पुरवा माथुर, प्रयोगशाला चिकित्सा विभाग, जय प्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा केंद्र

डॉ. एच. के. भट्टाचार्जी, शल्य चिकित्सा विभाग

डॉ. रोहित सक्सेना, डॉ. राजेंद्र प्रसाद नेत्र विज्ञान केंद्र

डॉ. राकेश लोढ़ा, बाल चिकित्सा विभाग

डॉ. आर. लक्ष्मी, हृद् जैव रसायन विभाग

डॉ. प्रिया जगिया, हृद् विकिरण विज्ञान

डॉ. टोनी जॉर्ज जैकब, शरीर रचना विज्ञान विभाग

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (अ. भा. आ. सं.) की स्थापना सन 1956 में संसद के एक अधिनियम के द्वारा राष्ट्रीय महत्व के एक संस्थान के रूप में की गई थी। संस्थान की स्थापना का मुख्य उद्देश्य स्नातक–पूर्व तथा स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा में इसकी सभी शाखाओं में शैक्षिक पैटर्न विकसित करना, भारत में सभी मेडिकल कॉलेजों एवं अन्य संबद्ध संस्थानों के लिए चिकित्सा शिक्षा का एक उच्च स्तरीय निदर्शन करना; स्वास्थ्य कार्यकलापों की सभी महत्वपूर्ण शाखाओं में कार्मिकों के प्रशिक्षण हेतु सर्वोच्च स्तर की शैक्षिक सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना; तथा स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा में आत्मनिर्भरता प्राप्त करना था।

संस्थान में शिक्षण, अनुसंधान तथा रोगी उपचार हेतु व्यापक सुविधाएं हैं। संस्थान द्वारा स्नातक–पूर्व तथा स्नातकोत्तर स्तरों पर चिकित्सा परा–चिकित्सीय पाठ्यक्रमों में शैक्षिक कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं तथा अपनी ही डिग्रियां प्रदान की जाती हैं। यहां 52 विषयों में शिक्षण एवं अनुसंधान कार्य संचालित किया जाता है। एक वर्ष में अपने संकाय–सदस्यों तथा अनुसंधानकर्ताओं के 2000 से भी अधिक अनुसंधान प्रकाशनों के साथ संस्थान चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में अग्रणी है। एम्स द्वारा एक नर्सिंग कॉलेज भी चलाया जाता है। विभिन्न विभागों और केंद्रों द्वारा पूर्व एवं परा–नैदानिक विभागों की सहायता से सभी प्रकार की बीमारियों का व्यावहारिक रूप से उपचार किया जाता है। संस्थान द्वारा हरियाणा में बल्लभगढ़ में व्यापक ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र में 50 बिस्तरों वाला एक अस्पताल भी चलाया जाता है जिसमें सामुदायिक चिकित्सा केंद्र के माध्यम से लगभग 8 लाख लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

विषय–सूची

1. निदेशक की समीक्षा 007
2. संस्थान और इसकी समितियां 014
3. शैक्षिक अनुभाग 017
4. परीक्षा अनुभाग 025
5. सामान्य प्रशासन 032
6. मुख्य अस्पताल 037
7. नर्सिंग महाविद्यालय 067
8. अनुसंधान अनुभाग 075

9. विभाग

9.1 संवेदनाहरण विज्ञान 094
9.2 शरीर रचना विज्ञान 106
9.3 जैव रसायन 120
9.4 जैव आयुर्विज्ञान इंजीनियरी 134
9.5 जैव भौतिकी 139
9.6 जैव सांख्यिकी 144
9.7 जैव प्रौद्योगिकी 155
9.8 सामुदायिक चिकित्सा केंद्र 161
9.9 त्वचा एवं रतिज रोग विज्ञान 180
9.10 आपात चिकित्सा 186
9.11 अंतःस्राविकी एवं चयापचय 189
9.12 न्याय चिकित्सा और विष विज्ञान 198
9.13 जठरांत्र रोग विज्ञान एवं मानव पोषण 202
9.14 जठरांत्र शल्य–चिकित्सा एवं यकृत प्रत्यारोपण 215
9.15 जराचिकित्सा 222
9.16 रुधिर विज्ञान 227
9.17 अस्पताल प्रशासन 233
9.18 प्रयोगशाला चिकित्सा 237
9.19 काय–चिकित्सा 250
9.20 सूक्ष्म जैव विज्ञान 260
9.21 वृक्क विज्ञान 273
9.22 नाभिकीय चुंबकीय अनुनाद 280
9.23 नाभिकीय चिकित्सा 288
9.24 प्रसूति एवं स्त्रीरोग विज्ञान 295
9.25 अस्थि रोग विज्ञान 313
9.26 कान, नाक एवं गला रोग विज्ञान एवं सिर एवं ग्रीवा शल्य चिकित्सा 321
9.27 बाल चिकित्सा विज्ञान 327

9.28 बाल शल्य चिकित्सा 356
9.29 विकृति विज्ञान 367
9.30 भेषजगुण विज्ञान 383
9.31 भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास 390
9.32 शरीर क्रिया विज्ञान 395
9.33 मनोचिकित्सा 408
9.34 पुल्मोनरी चिकित्सा एवं निद्रा विकार 424
9.35 विकिरण निदान 429
9.36 प्रजनन जैव विज्ञान 440
9.37 शल्य चिकित्सा 445
9.38 प्रतिरोपण प्रतिरक्षा विज्ञान एवं प्रतिरक्षा आनुवंशिकी 451
9.39 मूत्ररोग विज्ञान 460
9.40 प्रतिरोपण प्रतिरक्षा विज्ञान एवं प्रतिरक्षा आनुवंशिकी 462
9.41 मूत्ररोग विज्ञान 468

10. केंद्र

10.1 हृदय वक्ष विज्ञान केंद्र 476
10.2 दंत शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र 508
10.3 डॉ. बी. आर. अंबेडकर संस्थान रोटरी कैंसर अस्पताल 520
10.4 डॉ. राजेंद्र प्रसाद नेत्र विज्ञान केंद्र 550
10.5 जय प्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा केंद्र 570
10.6 राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केंद्र 595
10.7 तंत्रिका विज्ञान केंद्र 608

11. केंद्रीय सुविधाएं

11.1 बी. बी. दीक्षित पुस्तकालय 641
11.2 कैफेटेरिया 645
11.3 केंद्रीय पशु सुविधा 647
11.4 केंद्रीय कार्यशाला 649
11.5 कंप्यूटर सुविधा 651
11.6 इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी सुविधा 657
11.7 छात्रावास अनुभाग 660
11.8 संस्थान की नीति विषयक समिति 663
11.9 के. एल. विग आयुर्विज्ञान शिक्षा एवं प्रौद्योगिकी केंद्र 664
11.10 मीडिया और प्रोटोकॉल प्रभाग 669

12. प्रकाशन 675

13. वित्त प्रभाग

13.1 बजट एवं वित्त 848
13.2 लेखा–परीक्षा रिपोर्ट 1040

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान

संगठन संरचना

संस्थान निकाय

शासी निकाय

वित्त समिति | चयन समिति | शैक्षिक समिति | संपदा समिति | अस्पताल प्रबंध समिति

1. निदेशक की समीक्षा

मुझे संस्थान की 60वीं वार्षिक रिपोर्ट और वर्ष 2015–16 के लिए लेखों का लेखा परीक्षित विवरण प्रस्तुत करते हुए गौरव का अनुभव हो रहा है।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली की स्थापना 1956 में भारत की संसद के एक अधिनियम द्वारा चिकित्सा शिक्षा में उत्कृष्टता के पोषण तथा स्वास्थ्य देखभाल के सभी पक्षों के केंद्र के रूप में कार्य करने के लिए की गई थी। इसे दुनिया भर में भारत के सर्वोत्तम चिकित्सा संस्थान के रूप में मान्यता दी गई है जिसमें उद्देश्यपूर्ण चिकित्सा शिक्षा, नवाचारी जैव चिकित्सा अनुसंधान और मानव स्वास्थ्य देखभाल है। जैसाकि भारत के माननीय स्वास्थ्य मंत्री, श्री जे.पी. नड्डा ने कहा, संस्थान की उत्कृष्टता यहां के हजारों संकाय सदस्यों, नर्सिंग कार्मिकों, वैज्ञानिकों, इंजीनियरी कर्मचारियों, तकनीशियनों, स्वच्छता और स्वास्थ्य परिचरों का सामूहिक प्रयास है और इन सबके अलावा यहां छात्रों द्वारा युवा ऊर्जा का प्रतिनिधित्व किया जाता है। हमारी मूल उपलब्धियों में से कुछ उपलब्धियों को इस रिपोर्ट में उजागर करने में मुझे बहुत खुशी हो रही है।

शिक्षा

भविष्य में आने वाली चुनौतियों और अवसरों की तैयारी के लिए हम भविष्य के लिए नेतृत्व के विविध प्रकार के समुदाय का पोषण करते हुए ऐसी नींव का निरंतर निर्माण कर रहे हैं जो स्वास्थ्य के संवर्धन और मानव कष्ट उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने अगले तीन वर्षों में शिक्षा के लिए संस्थान की मूल संरचना को उन्नत बनाने के लिए लगभग 1,500 करोड़ रुपए का आबंटन किया है।

इसके 7 केंद्रों सहित विभिन्न अध्यापन विभागों और सुविधाओं तथा 41 स्टैंड–एलोन विभागों और लगभग 10,000 से अधिक जनशक्ति सहित 650 से अधिक संकाय सदस्यों के साथ एम्स, नई दिल्ली में बड़ी संख्या में विशेषज्ञ (एमडी/एमएस), सुपर–स्पेशलिस्ट (डीएम/एमसीएच), पीएचडी अध्येता और संबंधित स्वास्थ्य और बुनियादी विज्ञान विशेषज्ञ सहित नर्स और पैरामेडिकल पेशेवर कार्मिक तैयार किए जाते हैं। वर्ष के दौरान हमने विभिन्न पाठ्यक्रमों में 798 अध्येताओं का नामांकन किया है। इसकी अल्पावधि प्रशिक्षण योजना के तहत संस्थान द्वारा 653 प्रत्याशियों, 9 दीर्घ–अवधि प्रशिक्षुओं, 3 डब्ल्यूएचओ अध्येताओं (विदेशी नागरिकों) को डब्ल्यूएचओ अध्येतावृत्ति कार्यक्रम के तहत, और 35 डब्ल्यूएचओ अध्येताओं (भारतीय नागरिकों) को डब्ल्यूएचओ स्वदेशी अध्येतावृत्ति कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। हमने अन्य एम्स के लिए और प्रवेश परीक्षा के आयोजन तथा एमबीबीएस और बीएससी (ऑनर्स) नर्सिंग पाठ्यक्रमों के छात्रों के अंतिम चयन के लिए काउंसलिंग में मुख्य भूमिका निभाना भी जारी रखा है।

नए विभागों, नामतः ओंको–एनेस्थेसिया और पैलिएटिव मेडिसिन विभाग, और रूमेटोलॉजी विभाग इस वर्ष एम्स में आरंभ किए गए। संक्रामक रोगों, बाल वृक्कविज्ञान, बाल पल्मोनोलॉजी और गहन देखभाल, व्यसन निवारण मनोचिकित्सा, उपचारार्थ नाभिकीय चिकित्सा और वेस्कुलर रेडियोलॉजी पर नए डीएम पाठ्यक्रम भी शुरू किए गए। एम्स द्वारा अपनी पाठ्यचर्या को समर्थन देने के लिए नई अधिगम प्रबंधन

प्रणाली भी आरंभ की गई। सूक्ष्म जैव विज्ञान विभाग में एक पूर्ण सुसज्जित, आधुनिकतम, स्नातक–पूर्व प्रायोगिक हॉल पूरी तरह प्रचालनरत हो गया है। शरीर रचना विज्ञान विभाग द्वारा सहयोगात्मक विकि फॉर्मेट में स्नातकोत्तर गोष्ठियों का आयोजन शुरू किया गया है।

अपने हीरक जयंती वर्ष में, एम्स ने राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दोनों ही स्तरों पर छात्रों की विस्तृत संख्या के लिए नवाचारी अनुदेशात्मक अवसर प्रदान करना जारी रखा है। एम्स द्वारा हजारों चिकित्सकों और स्वास्थ्य देखभाल व्यवसायिकों के लिए क्रमिक चिकित्सा शिक्षा प्रदान की गई है, ताकि उन्हें कौशलों में सुधार, ज्ञान में वृद्धि और निष्पादन बेहतर बनाने में मदद मिले। हमने 197 से अधिक कार्यशालाओं, गोष्ठियों, सम्मेलनों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन/मेजबानी विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के सहयोग से की। 60वें वर्ष के समारोह के भाग के रूप में, एम्स द्वारा सार्वजनिक व्याख्यानों की एक श्रृंखला का भी आयोजन किया गया, ताकि स्वास्थ्य देखभाल में एक भागीदार के तौर पर सामान्य जनता को भी सम्मिलित किया जा सके।

एम्स द्वारा हृदय रोग विज्ञान, तंत्रिका शल्य चिकित्सा, बाल शल्य चिकित्सा, विकिरण विज्ञान, स्त्री रोग और प्रसूति विज्ञान, अर्बुद विज्ञान और अस्पताल प्रबंधन में स्नातकोत्तर और चिकित्सा शिक्षा के अपने स्तर में सुधार के लिए मॉरिशस के चिकित्सा संस्थानों को सहायता दी जा रही है। इसके अलावा, एम्स अपनी टेलिमेडिसन सुविधा – अखिल अफ्रीकी ई – स्वास्थ्य नेटवर्क का उपयोग सर सीवुसागुर रामगुलाम नेशनल अस्पताल, पेम्पलमोशेस, मॉरिशस में लाइव सर्जरी के प्रदर्शन और परामर्श प्रक्रिया के कार्यान्वयन के लिए करेगा। फ्रांस स्थित एफएएम – मेडिकल अकादमी फाउंडेशन और एम्स के बीच संयुक्त गोष्ठियों और कार्यशालाओं के आयोजन पर एक आपसी समझौता किया गया है। झारखण्ड सरकार ने एम्स की तकनीकी सहायता मांगी है ताकि वह रांची में राजेंद्र चिकित्सा विज्ञान संस्थान में सरकार द्वारा संचालित एक मात्र तृतीयक अभिघात केंद्र को उन्नत बना सके।

शैक्षिक रैंकिंग

- एम्स ने इण्डिया टुडे समूह – मेडिकल कॉलेजों के लिए निल्सन सर्वश्रेष्ठ कॉलेज सर्वेक्षण में सभी मानकों में 100 अंक प्राप्त किए हैं।
- वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग केंद्र के अनुसार विश्व भर में डिग्री प्रदान करने वाले उच्चतर शिक्षा के 1,000 संस्थानों में भारत से केवल एम्स ही एक ऐसा चिकित्सा संस्थान है जो इसमें सम्मिलित है।

सेवाएं

नैदानिक

एम्स अस्पताल द्वारा बड़ी संख्या में रोगियों को लागत प्रभावी सेवाएं प्रदान करते हुए उच्च गुणवत्ता के स्तर बनाए रखे गए हैं। एम्स का मुख्य अस्पताल और इसके केंद्र–हृद वक्ष और तंत्रिका विज्ञान केंद्र (सीएन सेंटर), जय प्रकाश नारायण शीर्ष अभिघात केंद्र (जेपीएनएटीसी), डॉ. बी. आर. अंबेडकर संस्थान–रोटरी कैंसर अस्पताल (बीआरएआईआरसीएच), डॉ. राजेंद्र प्रसाद नेत्र विज्ञान केंद्र (आरएपीसीओएस), दंत शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र (सीडीईआर), राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केंद्र (एनडीडीटीसी) – में बिस्तरों की कुल संख्या 2365 है। वर्ष के दौरान, एम्स में लगभग 35.33 लाख बाह्य रोगियों और 2.19 लाख आंतरिक रोगियों का इलाज किया गया तथा अनुकूलतम रोगी देखभाल

सेवा मानकों पर 1.7 लाख से अधिक ऑपरेशन किए गए, जिसमें बिस्तर अधिभोग का औसत लगभग 88 प्रतिशत, अस्पताल में रहने की औसत अवधि 7.7 दिन और मृत्यु की निम्न निवल दर 1.8 प्रतिशत रही। एम्स ने भारत के अंदर और बाहर, खास तौर पर दक्षिणी और दक्षिण पूर्वी एशिया में स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने में की गई उन्नति जारी रखी है।

वर्तमान में एम्स में स्थायी विस्तार का चरण जारी है। दो वर्ष की अवधि के भीतर एम्स की आंतरिक रोगी क्षमता दोगुनी हो जाएगी। देश के सबसे बड़े 'राष्ट्रीय कैंसर संस्थान' की स्थापना झज्जर जिले के बाढ़सा में की जा रही है। यहां 710 बिस्तरों की सुविधा होगी। इसके अतिरिक्त, मातृ और शिशु ब्लॉक, एक नये ओपीडी ब्लॉक, नये सर्जिकल ब्लॉक, और आपातकालीन तथा नैदानिक ब्लॉक का कार्य विकास के विभिन्न चरणों में है। जय प्रकाश नारायण शीर्ष अभिघात केंद्र के विस्तार के लिए 1841 बिस्तरों की अतिरिक्त क्षमता के प्रस्ताव को भी अनुमोदित कर दिया गया है। इसमें पाचन रोग केंद्र, अंतःस्रावी विज्ञान, नाक, कान एवं गला रोग, स्पाइन, अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण और गुर्दा प्रत्यारोपण केंद्र शामिल हैं।

एम्स का रूपांतरण

एम्स द्वारा रूपांतरित बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) प्रक्रिया को टाटा कंसल्टेंसी सर्विसिस की सहायता से प्रारंभ किया गया है। इस नई एपॉइंटमेंट प्रणाली के साथ 100 नए ओपीडी पंजीकरण काउंटर पर प्रतिदिन 3000 से अधिक एपॉइंटमेंट की बुकिंग क्षमता उपलब्ध कराई गई है, जिससे एपॉइंटमेंट की प्रक्रिया में एक मिनट से कम का समय लगता है। ओपीडी रोगियों के लिए कुल प्रतीक्षा हॉल संख्या 4050 रोगियों तक बढ़ाई गई थी। इसके अलावा, एम्स ने अपनी ऑनलाइन एपॉइंटमेंट की प्रणाली 21 विभागों तक विस्तारित की है।

एम्स द्वारा रोगियों और आगंतुकों में संक्रमण का जोखिम घटाने के एक प्रयास में संक्रमण नियंत्रण के लिए आवश्यकतानुसार अनुकूल प्रक्रिया कार्यान्वित की गई है। बाल रोग विज्ञान विभाग के नवजात शिशु प्रभाग द्वारा एम्स में गुणवत्ता सुधार का प्रयास आरंभ किया गया है। इसके अलावा, डब्ल्यूएचओ इण्डिया के सहयोग से नवजात शिशु की देखभाल की गुणवत्ता में सुधार के लिए नर्सिंग मास्टर प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रभाग द्वारा भूटान में राष्ट्रीय गुणवत्ता सुधार का प्रयास भी आरंभ किया गया है।

एम्स द्वारा रोगी को ज्यादा अनुकूल तरीके से सहायता देने की प्रक्रिया का निर्माण करने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। एम्स में देश का प्रथम किफायती दवाइयों तथा उपचार के लिए विश्वसनीय आरोपण (अमृत) कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। इसमें कैंसर और हृदय रोगों के इलाज के लिए दवाओं तथा इम्प्लांट्स को इस कार्यक्रम के तहत बहुत अधिक रियायती दरों (50–90 प्रतिशत) पर बेचा जाएगा। एम्स द्वारा सशस्त्र सीमा बल आफिसर्स वाइव्ज एसोसिएशन के सहयोग से 570 बाहरी रोगियों को समायोजित करने के लिए अपनी रात्रि निवास सुविधाओं में वृद्धि की गई है। राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार एम्स ने अपने सभी फॉर्म, ओपीडी कार्ड, कागजात, मुहर और अन्य संबंधित सरकारी लेखन सामग्री को उन रोगियों की आसानी के लिए द्विभाषी हिंदी और अंग्रेजी के रूप में बदलना शुरू किया है, जो अंग्रेजी नहीं पढ़ सकते हैं। संस्थान ने

दिल्ली पुलिस के सहयोग से अंग परिवहन को आसान बनाने के लिए एक ग्रीन कॉरिडोर सफलतापूर्वक बनाया है।

जनस्वास्थ्य

एम्स संकाय से कई बार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय निकायों द्वारा स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में सुधार लाने के लिए सार्वजनिक नीतियों के विकास हेतु परामर्श लिया जाता है।

वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा

भारत में सूक्ष्मजैव रोधी प्रतिरोधकता का बढ़ना एक गंभीर स्वास्थ्य विषय है और इसे सितंबर 2015 में अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ माननीय प्रधानमंत्री की बैठक में उठाया गया था। अमेरिका सरकार की शासकीय वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा की कार्यसूची (जीएचएसए) जिसमें इबोला की महामारी के बाद नए और बार–बार होने वाले संक्रमणों के फैलाव की जानकारी दी गई है, इसमें भारत में सूक्ष्मजैव प्रतिरोधकता और इससे बेहतर तरीके से निपटने हेतु योजना बनाने के लिए 8 मिलियन डॉलर की राशि आबंटित की गई है। इस परियोजना का संयुक्त निष्पादन भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् (आईसीएमआर), एम्स और अमेरिका के सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एण्ड प्रीवेंशन के भारतीय कार्यालय द्वारा किया जाएगा। यह कार्य 6 बड़े अस्पतालों में निगरानी संबंधी गतिविधियों के लिए प्रशिक्षित जनशक्ति तैयार करने के साथ शुरू किया जाएगा। ये केंद्र अस्पतालों के अगले सेट को प्रशिक्षण देंगे, ताकि प्रत्येक राज्य में वर्ष 2020 तक कम से कम एक नोडल सुविधा बनाई जा सके। आईसीएमआर एम्स और नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के साथ मिलकर एच1एन1 वायरस के नियंत्रण हेतु सहयोग करेगा।

समुदायिक चिकित्सा केंद्र में विश्व स्वास्थ्य संगठन का गैर–संचारी रोगों के लिए क्षमता विकास और अनुसंधान हेतु सहयोगी केंद्र है। इस केंद्र द्वारा कैंसर, डायबिटीज़, ह्दय रोग सहित आघात की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम; राष्ट्रीय आयोडीन न्यूनता विकार नियंत्रण कार्यक्रम; और राष्ट्रीय एचआईवी/एड्स निगरानी में तकनीकी सूचनाएं प्रदान की गई। दंत शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र, एम्स को राष्ट्रीय मौखिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र और देश में मौखिक स्वास्थ्य संवर्धन के लिए यह डब्ल्यूएचओ का सहयोगी केंद्र घोषित किया गया है। कायचिकित्सा विभाग को तपेदिक में अनुसंधान और प्रशिक्षण के डब्ल्यूएचओ सहयोगी केंद्र के रूप में निर्दिष्ट किया गया। जरा चिकित्सा विभाग ने डब्ल्यूएचओ और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ''*बी हेल्दी*, बी मोबाइल'' परियोजना के समर्थन से वृद्ध लोगों के उपचार में मोबाइल टेलीफोनी की एप्लीकेशन पर एक परियोजना (एम. ऐजिंग परियोजना) प्रारंभ की है। भेषजगुण विज्ञान विभाग ने अनिवार्य औषधियों की राष्ट्रीय सूची में संशोधन करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। रूधिर विज्ञान विभाग द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम को राष्ट्रीय थैलिसेमिया नियंत्रण कार्यक्रम के साथ जोड़ने में योगदान दिया गया। राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केंद्र ने पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन ऑफ इण्डिया के सहयोग से राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन के समर्थन सहित ऑनलाइन ओपिओइड प्रतिस्थापना उपचार दूरस्थ अधिगम कार्यक्रम का विकास किया है, जो सेवा प्रदाताओं की क्षमता निर्मित करेगा। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने एम्स और सफदरजंग अस्पताल के विशेषज्ञों का एक दल नेपाल में आए भूकंप में सहायता के लिए भेजा।

अनुसंधान

रोग को बेहतर रूप से समझने, इसका इलाज करने और रोकथाम के सर्वोत्तम प्रयासों को हमारे विशेष जैव चिकित्सा अनुसंधान उद्यम द्वारा समर्थन दिया जाता है और इन्हें बढ़ाया जाता है। वर्ष 2015–16 में, एम्स के अनुसंधान समुदाय द्वारा अध्येतावृत्ति में इसके नवाचार और प्रकाशन के नेतृत्व के माध्यम से उल्लेखनीय योगदान दिया गया। यहां 610 से अधिक निधिकृत अनुसंधान परियोजनाओं का आयोजन किया गया और संस्थान को आधुनिकतम क्षेत्रों में 72 करोड़ रुपए से अधिक की बाह्य अनुसंधान राशि अनुदान के रूप में प्राप्त हुई। वर्ष के दौरान संस्थान के संकाय और वैज्ञानिकों ने 109 अनुसंधान परियोजनाएं आरंभ की तथा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में 2100 से अधिक अनुसंधान पत्र प्रकाशित किए गए तथा 450 से अधिक मोनोग्राफ, पुस्तकों में अध्यायों, और पुस्तकों का प्रकाशन किया गया। एम्स में खोज और अधिगम के उद्यम की अनिवार्यता के रूप में हमारे अनुसंधान प्रकोष्ठ द्वारा वैज्ञानिकों और अनुसंधानकर्ताओं की अगली पीढ़ी को शिक्षा देने के लिए प्रभावी नई विधियों के विकास का निरंतर अभियान जारी है। इसके अलावा 141 नई अनुसंधान परियोजनाओं को लेने के लिए प्रतिभाशाली युवा संकाय सदस्यों को 5.04 करोड़ रुपए का आंतरिक अनुदान संवितरित किया गया।

ऑस्ट्रेलिया और भारत के जन स्वास्थ्य विशेषज्ञ गैर–संचारी, जीवन शैली से संबंधित बीमारियों के बारे में नए अनुसंधान पर सहयोग करेंगे जो विकासशील दुनिया में मृत्यु का बढ़ता कारण बन गए हैं, जैसे कि मधुमेह, हृदय रोग, स्ट्रोक और कैंसर। यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबोर्न द्वारा गैर संचारी रोग अनुसंधान में अगले तीन वर्षों तक एनकोर – एक्सीलेंस का निधिकरण किया जाएगा। ग्लोबल एलाइंस फॉर क्रोनिक डिजीज और आईसीएमआर के तत्वावधान में जॉर्ज इंस्टीट्यूट फॉर ग्लोबल हेल्थ ऑफ ऑस्ट्रेलिया तथा एम्स द्वारा बंगलादेश, श्रीलंका और भारत में गर्भवती महिलाओं में प्रकार 2 मधुमेह की शुरूआत को टालने पर लक्षित जीवन शैली के संशोधन पर एक अनुसंधान परियोजना में सहयोग किया जा रहा है। मोनाश यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबोर्न के सहयोग से एम्स द्वारा दीर्घ अवधि ऑस्ट्रेलिया – भारत ट्रॉमा प्रणाली सहयोग परियोजना का भी आयोजन किया गया है जिससे राष्ट्रीय ट्रॉमा रजिस्ट्री की स्थापना में मदद मिलेगी।

एम्स ने बैंगलोर में स्थित स्वामी विवेकानंद योग और अनुसंधान संस्थान (एस–व्यास) के साथ एक समेकित स्वास्थ्य देखभाल केंद्र की स्थापना के लिए एक समझौता किया है। एम्स का समेकित स्वास्थ्य देखभाल केंद्र योग, हृदय रोग विज्ञान, शरीर क्रिया विज्ञान, कैंसर उपचार, जराचिकित्सा, दंत शिक्षा और संक्रामक रोगों के क्षेत्रों में अनुसंधान, नीति परिप्रेक्ष्य का विकास तथा नैदानिक उपचार प्रदान करेगा।

एम्स श्वसन और हृदय रोग परिस्थितियों तथा हवा की गुणवत्ता के बीच संबंध के अध्ययन के लिए आईसीएमआर द्वारा निधिकृत एक तीन–केंद्र वाली पहल का नेतृत्व करने के लिए तैयार है। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नेत्र विज्ञान केंद्र, एम्स द्वारा क्षेत्रीय नेत्र रोग संस्थान, गुवाहाटी, भारतीय जन स्वास्थ्य संस्थान, हैदराबाद और राष्ट्रीय भौतिकी प्रयोगशाला, दिल्ली के सहयोग से आंखों के स्वास्थ्य पर पर्यावरण और अंदरूनी धुंए के प्रभाव की जांच की जा रही है।

दिल्ली के महिला और बाल विकास विभाग द्वारा एम्स के सहयोग से सड़क पर रहने वाले बच्चों में नशीली दवाओं और मादक पदार्थों के नमूनों पर एक व्यापक अध्ययन किया जाएगा। इस अध्ययन से उन मुद्दों को पहचानने में मदद मिलेगी जैसे इलाज का अंतराल और जोखिम कारक, जिससे इस आबादी में विभिन्न रोगों की रोकथाम और इलाज के लिए उपचार के विकास में मार्गदर्शन पाने में मदद मिलेगी।

जनता के निहितार्थों के साथ कुछ अध्ययन

एंटीबायोटिक प्रतिरोधकता

चार चिकित्सा केंद्रों–एम्स (नई दिल्ली), जवाहर लाल स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (पुडुचेरी), स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (चण्डीगढ़) और क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज (वेल्लोर) में आईसीएमआर द्वारा एक अध्ययन आयोजित किया गया जिसमें प्रदर्शित किया गया कि एंटीबायोटिक के अंधाधुंध उपयोग से लगभग 50 प्रतिशत लोगों में एंटीबायोटिक की प्रतिरोधकता का विकास हो गया है।

चिरकालिक गैर संचारी विकारों के लिए योग

एम्स के संपूर्ण स्वास्थ्य क्लिनिक में किए गए अनेक अध्ययनों में दर्शाया गया है कि हाइपरटेंशन, कोरोनरी धमनी रोग और डायबिटीज़ मेलिटस पर योग के सकारात्मक प्रभाव होते हैं। योग, वजन में कमी और सिस्टोलिक रक्तचाप, हृदय रोगों के जोखिम कारकों के संशोधन और प्रदाहक एवं एंडोथेलियल कार्यों के मार्करों जैसे नैदानिक परिणामों में प्रभावी था।

प्रदूषण के स्वास्थ्य जोखिम

एम्स के रूमेटोलॉजी विभाग और भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित जलवायु परिवर्तन पर संचालित एक परियोजना में दर्शाया गया कि वायु प्रदूषण रूमेटोइड अर्थराइटिस के लक्षणों में वृद्धि करता है। एम्स के नेत्र रोग वैज्ञानिकों द्वारा किए गए एक अन्य अध्ययन में दर्शाया गया कि पर्यावरणीय प्रदूषण से आंखों में सूखापन और एलर्जी होती है।

पंजाब में मादक पदार्थों का उपयोग

पंजाब में राष्ट्रीय औषध निर्भरता उपचार केंद्र, एम्स और दिल्ली में स्थित गैर लाभकारी संगठन, सोसायटी फॉर प्रमोशन ऑफ यूथ एण्ड मासिस द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण में ओपिओइड पर निर्भरता की व्यापकता दर 0.84 प्रतिशत पायी गयी। ओपिओइड निर्भरता के लिए 50 प्रतिशत से अधिक के उपचार अंतराल की उपस्थिति से सेवाओं के विस्तार की जरूरत का सुझाव प्राप्त हुआ।

अन्य विकास

एम्स ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के कायाकल्प प्रयास के तहत स्वच्छता को प्रोत्साहन देने के अपने प्रयासों के लिए द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। एम्स द्वारा लगभग 138 एकड़ के अपने परिसर को देश में सबसे स्वच्छ और सबसे अधिक स्वास्थ्यप्रद रूप से रखे गए चिकित्सा प्रतिष्ठान के रूप में बदलने

का प्रयास किया गया है। एम्स जापान के न्यू एनर्जी एण्ड इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी डेवलेपमेंट ऑर्गनाइजेशन के समर्थन से बेहतरीन ऊर्जा बचत निष्पादन हेतु एक डाटा सेंटर बनाने के लिए कार्यरत है।

'म्युजियम गोज़ टू द हॉस्पिटल'' पहल के तहत राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली द्वारा बाल रोग विज्ञान विभाग के अंतरंग रोगी क्षेत्रों को एक जीवंत कला गैलरी में बदला गया, जहां उत्कृष्ट कलाकारों के लगभग 100 चित्रों का बहुमूल्य संग्रह प्रदर्शित किया गया है।

स्टाफ क्वार्टरों का पुनः विकास

नेशनल बिल्डिंग्स कन्सट्रक्शन कॉर्पोरेशन द्वारा एम्स के पश्चिमी परिसर और आयुर्विज्ञान नगर को एक परियोजना के तहत पुनः विकसित किया जाएगा जिसमें लगभग 4000 फ्लैटों का निर्माण सम्मिलित है।

एम्स को आयकर आथॉरिटी द्वारा राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के रूप में अधिसूचित किया गया है। अब एम्स को किए गए दान पर कर योग्य आय से दान की गई राशि पर आयकर की कटौती 100 प्रतिशत और यदि दान अनुसंधान प्रयोजन के लिए किया गया है तो आयकर की कटौती 175 प्रतिशत की जाएगी।

सम्मान

हमारे समुदाय के अनेक विशिष्ट सदस्यों को एम्स में बहुत सी उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं। प्रो. एम. वी. पद्मा श्रीवास्तव प्रतिष्ठित पद्मश्री पाने के लिए सबसे योग्य थी जोकि चौथा उच्चतम नागरिक सम्मान है जो कायचिकित्सा के क्षेत्र में योगदान के लिए दिया जाता है। प्रो. एन. आर. जगन्नाथन ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार की प्रतिष्ठित जे. सी. बोस राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति प्राप्त की। मैं ऐसे विशिष्ट सहकर्मियों के साथ काम करते हुए गौरव का अनुभव करता हूं।

एम्स ने भारत के लोगों को गुणवत्ता शिक्षा, लागत प्रभावी सेवा प्रावधान और नवाचारी जैव चिकित्सा अनुसंधान के माध्यम से बेहतरीन स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने के लिए अपने प्रयास में सरकार की सहायता के अधिदेश को पूरा करने के वास्तविक प्रयास किए हैं। इस महान संस्थान में सेवा प्रदान करना तथा कई ऊर्जावान व्यक्तियों के साथ कार्य करना, एक दुर्लभ सौभाग्य है। मैं एम्स के प्रत्येक उस व्यक्ति के प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं जिनकी प्रतिबद्धता ने इसे एक अद्वितीय संस्थान बनाया है।

एम. सी. मिश्र
निदेशक

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान

संस्थान निकाय
1.04.2015 से 31.3.2016 तक प्रभावी

1.	श्री जगत प्रकाश नड्डा केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री निर्माण भवन, नई दिल्ली 110011	अध्यक्ष
2.	श्री रमेश बिधूड़ी, सांसद (लोकसभा) म. नं. 179 संपत हाउस, तुगलकाबाद गांव, नई दिल्ली 110044	सदस्य
3.	श्री पवेश साहिब सिंह वर्मा, सांसद (लोकसभा) 1/14 बी, शांति निकेतन, नई दिल्ली	सदस्य
4.	प्रोफेसर राम गोपाल यादव, सांसद (राज्य सभा) 8–ए, लोधी स्टेट, नई दिल्ली – 110003.	सदस्य 29.4.2015 से
5.	श्री विनय शील ओबेरॉय सचिव, भारत सरकार उच्च शिक्षा विभाग मानव संसाधन विकास मंत्रालय शास्त्री भवन, नई दिल्ली 110001	सदस्य 16.7.2015 से
6.	डॉ. एम. के. भान पूर्व सचिव, भारत सरकार जैव प्रौद्योगिकी विभाग नई दिल्ली 110003	सदस्य 16.7.2015 से
7.	श्री भानु प्रताप शर्मा सचिव (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण) भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय निर्माण भवन, नई दिल्ली	सदस्य

8.	प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी कुलपति, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली 110007	सदस्य (पदेन) 16.7.2015 से
9.	डॉ. जगदीश प्रसाद महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं भारत सरकार निर्माण भवन, नई दिल्ली 110011	सदस्य (पदेन)
10.	डॉ. डी. एस. राणा अध्यक्ष, प्रबंधन बोर्ड सर गंगा राम हॉस्पिटल, नई दिल्ली	सदस्य 16.7.2015 से
11.	डॉ. (श्रीमती) विजय लक्ष्मी सक्सेना पूर्व महासचिव इंडियन साइंस कांग्रेस एसोसिएशन (आईएससीए) कोलकाता, पश्चिम बंगाल, प्रतिनिधित्व आईएससीए	सदस्य 16.7.2015 से
12.	प्रोफेसर (डॉ.) राज बहादुर कुलपति, बाबा फरीद विश्वविद्यालय, पंजाब	सदस्य 16.7.2015 से
	डॉ. महेश बी. पटेल आचार्य, विकृति विज्ञान बी. जे. मेडिकल कॉलेज अहमदाबाद, गुजरात	सदस्य 12.2.2016 से
13.	प्रोफेसर योगेश चावला निदेशक, पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़	सदस्य 16.7.2015 से
	डॉ. डी. जी. महेसकर कुलपति, महाराष्ट्र यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंस डिडोंरी रोड, महसरूल, नासिक 422004	सदस्य 12.2.2016 से
14.	डॉ. शिव सरीन निदेशक, आईएलबीएस, वसंत कुंज, नई दिल्ली	सदस्य 16.7.2015 से 11.3.2016 तक
15.	डॉ. एन. गोपालकृष्णन आचार्य, (वृक्क विज्ञान) मद्रास मेडिकल कॉलेज, चेन्नई	सदस्य 16.7.2015 से

16. श्रीमती विजया श्रीवास्तव — सदस्य
अपर सचिव एवं वित्त सलाहकार,
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
निर्माण भवन, नई दिल्ली

17. प्रोफेसर एम. सी. मिश्र — सदस्य सचिव
निदेशक
अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान

18. श्री अली रज़ा रिज़वी — विशेष आमंत्रित
संयुक्त सचिव
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
निर्माण भवन, नई दिल्ली

19. प्रोफेसर बलराम ऐरन — विशेष आमंत्रित
संकायाध्यक्ष
अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान

20. डॉ. डी. के. शर्मा, — विशेष आमंत्रित
चिकित्सा अधीक्षक
अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान

3. शैक्षिक अनुभाग

संकायाध्यक्ष
बलराम ऐरन

उप–संकायाध्यक्ष

विरेन्द्र कुमार बंसल

कुल सचिव
संजीव लालवानी

शैक्षिक अनुभाग नीतियां, योजनाएं विकसित करता है तथा शैक्षिक गतिविधियां कार्यान्वित करता है। इन गतिविधियों में चिकित्सा, नर्सिंग, तथा परा–चिकित्सा पाठ्यक्रमों हेतु स्नातक–पूर्व, स्नातकोत्तर तथा डॉक्टरल कार्यक्रमों को सम्मिलित किया गया है। इन गतिविधियों का संचालन स्नातक–पूर्व, स्नातकोत्तर एवं परा–चिकित्सा प्रकोष्ठों द्वारा किया जाता है।

स्नातक–पूर्व शिक्षा
इस अनुभाग द्वारा नए छात्रों के लिए प्रवेश के उपरांत की औपचारिकताओं, पाठ्यक्रम विकसित करने एवं संशोधित करने तथा विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए स्नातक–पूर्व छात्रों के आंतरिक मूल्यांकन सहित शैक्षिक कार्यक्रमों का प्रबंध किया जाता है। इन पाठ्यक्रमों में शामिल हैं एम.बी.बी.एस., बी.एस–सी. (ऑनर्स) रेडियोग्राफी तथा नेत्र विज्ञान में चिकित्सा प्रौद्योगिकी तकनीक, बी.एस–सी. नर्सिंग (पोस्ट सर्टिफिकेट) तथा बी.एस–सी. (ऑनर्स) नर्सिंग पाठ्यक्रम।

आयुर्विज्ञान एवं शल्य चिकित्सा स्नातक (एम.बी.बी.एस.)

एम.बी.बी.एस. में शिक्षा के पैटर्न की समीक्षा की गई तथा जुलाई 2004 से इसकी पुनर्संरचना की गई। एम.बी.बी.एस. पाठ्यक्रम की अवधि साढ़े पांच वर्ष की है जिसमें 3 चरण और इंटर्नशिप सम्मिलित है।

चरण	अवधि (वर्षों में)	प्रशिक्षण
प्रथम	एक वर्ष	पूर्व – नैदानिक
द्वितीय	डेढ़ वर्ष	परा – नैदानिक
तृतीय	दो वर्ष	नैदानिक
इंटर्नशिप	एक वर्ष	विभिन्न विभागों में अनिवार्य रूप से रोटेशन

वर्तमान में एम.बी.बी.एस. पाठ्यक्रम में, प्रति वर्ष 72 भारतीय छात्रों (37 सामान्य, 11 अनु. जाति, 5 अनु. जनजाति एवं 19 अ. पि. वर्ग) को दाखिला दिया जाता है। ये चयन अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा में योग्यता के आधार पर किए गए थे। निःशक्त हड्डी रोग (ओपीएच) के लिए प्रत्याशियों के 3 प्रतिशत का आरक्षण क्षैतिज आधार पर प्रदान किया गया। इन 72 सीटों के लिए, 2,08,012 आवेदन प्राप्त हुए थे और 1,91,000 प्रत्याशियों ने 29 मई 2015 को आयोजित प्रवेश परीक्षा में भाग लिया है। 31 मार्च 2016 के अनुसार 74 इंटर्न सहित एमबीबीएस नामांकन में छात्रों की संख्या 365 थी।

इसमें विदेश मंत्रालय, भारत सरकार की सिफारिशों के आधार पर 5 विदेशी नागरिकों के नामांकन के लिए प्रावधान है। हालांकि, इस वर्ष (2015–16) में प्रवेश के लिए किसी विदेशी नागरिक की सिफारिश नहीं की गई थी।

इस वर्ष में, व्यावसायिक परीक्षाओं के प्रथम, द्वितीय तथा अंतिम चरण में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 9 योग्य एम.बी.बी.एस. छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

परा – चिकित्सा तथा नर्सिंग शिक्षा

वर्ष 2015–16 में, बी.एस–सी. (ऑनर्स) नर्सिंग पाठ्यक्रम में 77 छात्रों (39 सामान्य, 11 अनु. जाति, 6 अनु. जनजाति एवं 21 अ. पि. वर्ग) को प्रवेश दिया गया। बी.एस–सी नर्सिंग (पोस्ट सर्टिफिकेट) पाठ्यक्रम में 23 छात्रों (13 सामान्य, 3 अनु. जाति, 2 अनु. जनजाति एवं 5 अ. पि. वर्ग) को प्रवेश दिया गया।

नेत्र रोग विज्ञान तकनीक में 19 छात्रों (10 सामान्य, 3 अनु. जाति, 1 अनु. जनजाति तथा 5 अ. पि. वर्ग) तथा बी. एस–सी. (ऑनर्स) रेडियोग्राफी चिकित्सा प्रौद्योगिकी में 9 छात्रों (5 सामान्य, 1 अनु. जाति, 1 अनु. जनजाति तथा 2 अ. पि. वर्ग) को प्रवेश दिया गया। दिनांक 31 मार्च 2016 तक इन पाठ्यक्रमों में पंजी पर रखे गए छात्रों की संख्या निम्नलिखित थी :

पाठ्यक्रम	छात्रों की संख्या
नर्सिंग	
बी.एस–सी. नर्सिंग (पोस्ट सर्टिफिकेट)	44
बी.एस–सी (ऑनर्स) नर्सिंग	308
परा – चिकित्सा	
बी.एस–सी. (ऑनर्स) नेत्र विज्ञान तकनीक	59
बी.एस–सी. (ऑनर्स) रेडियोग्राफी में चिकित्सा प्रौद्योगिकी	28

स्नातकोत्तर शिक्षा

शैक्षिक अनुभाग द्वारा जूनियर तथा सीनियर रेजीडेंटों सहित स्नातकोत्तर छात्रों के प्रवेश तथा प्रशिक्षण संबंधी सभी गतिविधियों का संचालन किया जाता है। इस अनुभाग द्वारा विभिन्न विषयों में पी–एच.डी., डी. एम., एम.सी–एच, एम. डी., एम. एस., एम. डी. एस., एम. एच. ए., एम. बायोटेक्नोलॉजी (एम. बायोटेक) तथा एम. एस–सी पाठ्यक्रमों से संबंधित सभी गतिविधियों का संचालन किया जाता है।

भारतीय नागरिकों तथा प्रायोजित उम्मीदवारों को सभी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश एक अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा के द्वारा दिया जाता है जो कि एम.एस–सी तथा एम. बायोटेक्नोलॉजी पाठ्यक्रमों के अलावा वर्ष में दो बार आयोजित की जाती है, जिसमें प्रवेश के लिए वर्ष में एक बार प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है। प्रायोजित श्रेणी के तहत, विदेशी नागरिकों को समान प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश दिया जाता है। वर्ष 2015–16 के दौरान विभिन्न पाठ्यक्रमों में 598 छात्रों को प्रवेश दिया गया। 31 मार्च 2016 तक पंजी पर स्नातकोत्तर तथा डॉक्टरल छात्रों की कुल संख्या 1525 थी।

वर्ष 2015–2016 में विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले

क्रम संख्या	पाठ्यक्रम का नाम	जुलाई 2015	जनवरी 2016	कुल
1	एम.एस–सी. / एम. बायोटेक / एम. एस–सी. नर्सिंग (अगस्त)	73	–	73
2	एमडी / एमएस / एमडीएस / एमएचए	180	156	336
3	डीएम / एमसीएच	38	87	125
4	पी.एच – डी	36	28	64

	कुल	**327**	**271**	**598**

दाखिले वर्ष में एक बार किए जाते हैं।

31 मार्च 2016 तक पंजी पर स्नातकोत्तर छात्र

क्र. सं.	पाठ्यक्रम का नाम	पंजीकृत छात्रों की संख्या
1	पी एच–डी	411
2	डीएम	194
3	एम–सीएच	122
4	अध्येता कार्यक्रम	1
5	एमडी / एमएचए	527
5	एमएस	83
6	एमडीएस	41
7	एम–एससी / एम. बायोटेक / एम–एससी. नर्सिंग	146
	कुल	**1525**

31 मार्च 2016 तक पंजी पर पीएच.डी. छात्रों का विषय–वार विवरण :–

क्र. सं.	विषय	सामान्य	प्रायोजित
1	संवेदनाहरण विज्ञान (डॉ. बीआरए आईआरसीएच)	5	0
2	संवेदनाहरण विज्ञान और गहन देखभाल (जेपीएनएटीसी)	1	0
3	शरीर रचना विज्ञान	32	0
4	जैव रसायन	29	0
5	जैव भौतिकी	34	0
6	जैव सांख्यिकी	5	0
7	जैव प्रौद्योगिकी	6	0
8	ब्लड बैंक	0	1
9	हृद् संवेदनाहरण विज्ञान	1	2
10	सामुदायिक चिकित्सा केंद्र	1	0
11	हृद् जैव रसायन	2	0
12	नैदानिक तंत्रिका मनोविज्ञान एनएस केंद्र	2	0
13	हृद् वक्ष केंद्र (स्टेम कोशिका)	2	0
14	नर्सिंग महाविद्यालय	2	0
15	हृद् विकिरण विज्ञान	1	0
16	हृद् वक्ष एवं वाहिका शल्य चिकित्सा	2	0
17	सामुदायिक नेत्र विज्ञान (डॉ. रा. प्र. केंद्र)	2	1
18	दंत शल्य चिकित्सा	1	0
19	त्वचा एवं रतिजरोग विज्ञान	4	0
20	आपात चिकित्सा	2	0
21	अंतःस्राविकी एवं चयापचय	7	0
22	न्याय चिकित्सा	4	0

23	जठरांत्र रोग विज्ञान एवं मानव पोषण एकक	7	0
24	जरा चिकित्सा	3	0
25	रुधिर विज्ञान	5	0
26	प्रयोगशाला चिकित्सा	15	0
27	प्रयोग अर्बुद विज्ञान	2	0
28	चिकित्सा अर्बुद विज्ञान (डॉ. बीआरए आईआरसीएच)	7	0
29	चिकित्सा भौतिक विज्ञान (डॉ. बीआरए आईआरसीएच)	3	0
30	काय चिकित्सा	3	0
31	सूक्ष्म जैव विज्ञान	28	2
32	तंत्रिका जैव रसायन	2	0
33	तंत्रिका मनोविज्ञान (तंत्रिका विज्ञान)	3	0
34	तंत्रिका विज्ञान	23	0
35	तंत्रिका शल्य चिकित्सा	6	1
36	नाभिकीय चुंबकीय अनुनाद	12	0
37	नाभिकीय चिकित्सा	5	0
38	न्यूरो – रेडियोलॉजी	1	0
39	प्रसूति एवं स्त्री रोग विज्ञान	0	1
40	नेत्र जैव रसायन (डॉ. रा. प्र. केंद्र)	4	0
41	नेत्र सूक्ष्मजैव विज्ञान (डॉ. रा. प्र. केंद्र)	1	0
42	नेत्र विकृति विज्ञान (डॉ. रा. प्र. केंद्र)	1	0
43	नेत्र भेषजगुण विज्ञान (डॉ. रा. प्र. केंद्र)	4	0
44	नेत्र विज्ञान (डॉ. रा. प्र. केंद्र)	3	0
45	बाल चिकित्सा	7	0
46	बाल चिकित्सा (नैदानिक / जनसांख्यिकी)	0	2
47	बाल चिकित्सा (अनुवांशिकी / बुनियादी विज्ञान)	9	1
48	विकृति विज्ञान	7	0
49	भेषजगुण विज्ञान	14	0
50	शरीर क्रिया विज्ञान	36	0
51	मनोचिकित्सा (व्यसन मनोविज्ञान)	1	0
52	मनोचिकित्सा (नैदानिक मनोविज्ञान)	8	0
53	मनोचिकित्सा (व्यसन मनोविज्ञान)	2	0
54	मनोचिकित्सा (क्लिनिकल मनोरोग)	1	0
55	पल्मोनरी चिकित्सा और निद्रा विकार	5	1
56	विकिरण अर्बुद विज्ञान (डॉ. बी.आर.अ. आई.आर.सी.एच.)	2	0
57	प्रजनन जैव विज्ञान	5	0
58	विकिरण अर्बुद विज्ञान	0	4
59	शल्य चिकित्सा	5	3
60	आघात शल्य चिकित्सा	0	1
61	प्रतिरोपण प्रतिरक्षा विज्ञान एवं प्रतिरक्षा आनुवांशिकी	6	0
	कुल	**391**	**20**

31 मार्च 2016 तक पंजी पर डी. एम. छात्रों का विषय–वार विवरण :–

क्र. सं.	विषय	सामान्य	प्रायोजित
1	हृद् संवेदनाहरण विज्ञान	8	2
2	हृद् विज्ञान	18	3
3	नैदानिक रुधिर विज्ञान	7	3
4	अंतःस्त्राविकी	8	3
5	जठरांत्र रोग विज्ञान	10	3
6	रुधिर विकृति विज्ञान	5	3
7	चिकित्सा अर्बुद विज्ञान	14	2
8	नवजात विज्ञान	4	3
9	वृक्क विज्ञान	8	5
10	तंत्रिका – संवेदनाहरण विज्ञान	10	3
11	तंत्रिका विज्ञान	20	1
12	तंत्रिका विकिरण विज्ञान	3	3
13	बाल तंत्रिका विज्ञान	6	3
14	नैदानिक भेषजगुण विज्ञान	3	0
15	फुफ्फुसीय चिकित्सा एवं निद्रा विकार	12	3
16	ओंको – एनेस्थेसिया, डॉ. बी.आर.अ. आई.आर.सी.एच.	3	0
17	गंभीर देखभाल चिकित्सा	4	1
18	संक्रामक रोग	3	0
19	चिकित्सीय औषधि	0	0
20	कार्डियक रेडियोलॉजी	1	0
21	व्यसन मनोरोग (एनडीडीटीसी)	2	0
22	बाल पल्मोनोलॉजी और गहन देखभाल	1	1
23	बाल नेफ्रोलॉजी	1	0
	कुल	**151**	**42**

31 मार्च 2016 तक पंजी पर एम.सी–एच छात्रों का विषय–वार विवरण :–

क्र. सं.	विषय	सामान्य	प्रायोजित
1	हृद् वक्ष एवं वाहिका शल्य चिकित्सा	12	1
2	तंत्रिका शल्य चिकित्सा	16	3
3	जठरांत्र शल्य चिकित्सा एवं वृक्क प्रतिरोपण	12	3
4	बाल शल्य चिकित्सा	5	3
5	मूत्र रोग विज्ञान	8	3
6	शल्यक अर्बुद विज्ञान	8	2
	कुल	**61**	**15**

31 मार्च 2016 तक पंजी पर विषय–वार अध्येतावृत्ति पाने वाले छात्रों विवरण :–

क्र. सं.	विषय	सामान्य	प्रायोजित
1	मातृ भ्रूण चिकित्सा (एमएफएम), प्रसूति एवं स्त्री रोग विज्ञान विभाग	1	0

31 मार्च 2016 तक पंजी पर एमसीएच (6 वर्ष पाठ्यक्रम) का छात्रों का विषय–वार विवरण :–

क्र. सं.	विषय	सामान्य	प्रायोजित
1	न्यूरोसर्जरी	11	0
2	बाल शल्य चिकित्सा	6	0
	कुल	**17**	**0**

31 मार्च 2016 तक पंजी पर डी. एम. (6 वर्षीय पाठ्यक्रम) के छात्रों का विषय–वार विवरण :–

क्र. सं.	विषय	सामान्य	प्रायोजित
1	संक्रामक रोग	1	0
	कुल	1	0

31 मार्च 2016 तक पंजी पर एम. डी. / एम. एस. / एम. डी. एस. छात्रों का विषय–वार विवरण :–

क्र. सं.	विषय	सामान्य	प्रायोजित
एमडी छात्र			
1	संवेदनाहरण विज्ञान	35	3
2	शरीर रचना विज्ञान	16	0
3	जैव रसायन	10	0
4	जैव भौतिकी	10	0
5	सामुदायिक चिकित्सा	15	1
6	त्वचा एवं रतिज रोग विज्ञान	14	3
7	न्याय चिकित्सा	8	0
8	अस्पताल प्रशासन	8	4
9	प्रयोगशाला चिकित्सा	8	0
10	काय चिकित्सा	52	2
11	सूक्ष्म जैव विज्ञान	12	0
12	नाभिकीय चिकित्सा	10	3
13	प्रसूति एवं स्त्रीरोग विज्ञान	35	3
14	नेत्र विज्ञान	103	4
15	बाल चिकित्सा	25	3
16	विकृति विज्ञान	17	3

17	भेषजगुण विज्ञान	10	1
18	भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास	8	1
19	शरीर क्रिया विज्ञान	10	0
20	मनोचिकित्सा विज्ञान	27	3
21	विकिरण निदान	24	0
22	विकिरण चिकित्सा	9	2
23	जरा चिकित्सा	11	3
24	आपात चिकित्सा	8	3
25	प्रशामक चिकित्सा	0	0
	कुल	**485**	**42**
एम.एस.			
26	अस्थि रोग विज्ञान	16	4
27	कान, नाक एवं गला रोग विज्ञान (ईएनटी)	15	3
28	शल्य चिकित्सा	42	3
	कुल	**73**	**10**
एम डी एस			
29	कंजरवेटिव डेंटिस्ट्री एवं एंडोडोंटिक्स	9	1
30	ऑर्थोडोंटिक्स	9	3
31	प्रोस्थोडोंटिक्स	7	1
32	ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल शल्य चिकित्सा	8	3
	कुल	**33**	**8**

31 मार्च 2016 तक पंजी पर एम.एस.सी. छात्रों का विषय–वार विवरण :–

क्र. सं.	विषय	सामान्य	प्रायोजित
1	शरीर रचना विज्ञान	10	1 (विदेशी नागरिक)
2	जैव रसायन	10	–
3	जैव भौतिकी	10	–
4	भेषजगुण विज्ञान	10	2 (विदेशी नागरिक)
5	शरीर क्रिया विज्ञान	10	–
6	परफ्यूजन प्रौद्योगिकी	12	–
7	जैव प्रौद्योगिकी	24	1 (विदेशी नागरिक)
8	नाभिकीय चिकित्सा प्रौद्योगिकी	11	1 (विदेशी नागरिक)
	कुल	**97**	**5**

31 मार्च 2016 तक पंजी पर एम.एस.सी. (नर्सिंग) छात्रों का विषय–वार विवरण :–

क्र. सं.	विषय	सामान्य	प्रायोजित
1	हृद् विज्ञान / सी. टी. वी. एस. नर्सिंग	10	1 (विदेशी नागरिक)
2	तंत्रिका विज्ञान नर्सिंग	6	–
3	बाल चिकित्सा नर्सिंग	10	–
4	मनोचिकित्सा नर्सिंग	7	–
5	अर्बुद विज्ञान	7	1 (विदेशी नागरिक)
	कुल	**40**	**2**

प्रशिक्षण कार्यक्रम

भारत तथा विदेश के विभिन्न संगठन के छात्रों और कर्मचारियों को अल्पावधिक, दीर्घावधिक एवं ऐच्छिक प्रशिक्षण प्रदान किए जाने का प्रावधान है। वर्ष के दौरान 851 व्यक्तियों को निम्नानुसार प्रशिक्षण प्रदान किया गया :–

क्र. सं.	प्रशिक्षण	प्रशिक्षुओं की संख्या
1	अल्पावधिक प्रशिक्षण : भारतीय नागरिक	590
2	अल्पावधिक प्रशिक्षण : विदेशी नागरिक	63
3	दीर्घावधिक प्रशिक्षण : भारतीय नागरिक	9
4	ऐच्छिक प्रशिक्षण : विदेशी नागरिक (स्नातक पूर्व छात्र)	27
5	वि. स्वा. सं. अध्येता : भारतीय नागरिक	3
6	वि. स्वा. सं. अध्येता : विदेशी नागरिक	35
	कुल	**727**

समिति बैठकें

शैक्षिक समिति, स्टाफ काउंसिल, संकायाध्यक्ष समिति, संकाय तथा अनुसंधान प्रस्तुतीकरण की बैठकें आयोजित करने का उत्तरदायित्व शैक्षिक अनुभाग का है। विवरण नीचे दिए गए हैं :–

क्र. सं.	समिति	बैठकों की संख्या
1	शैक्षिक समिति	1
2	स्टाफ काउंसिल	3
3	संकायाध्यक्ष समिति	4
4	संकाय (सामान्य चर्चा)	8
5	अनुसंधान प्रस्तुतीकरण	4

दीक्षांत समारोह

संस्थान का 43वां वार्षिक दीक्षांत समारोह 18 अक्टूबर 2015 को जवाहर लाल सभागार, अ. भा. आ. सं., नई दिल्ली में आयोजित किया गया। भारत के माननीय केंद्रीय वित्त मंत्री श्री अरुण जेतली ने दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। उन्होंने विशिष्ट योग्य छात्रों को संस्थान पदक / पुरस्कार प्रदान किए तथा उपस्थित जन–समूह को संबोधित किया। अध्यक्ष, अ. भा. आ. सं. एवं माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, भारत सरकार डॉ. जे. पी. नड्डा द्वारा उपाधियां प्रदान की गई।

4. परीक्षा अनुभाग

एस. दत्ता गुप्ता

प्रभारी आचार्य (परीक्षा)

अशोक कुमार जरयाल
उप–संकायाध्यक्ष (परीक्षा)

ओ. पी. शर्मा
सहायक परीक्षा नियंत्रक

डी. के. गुप्ता
लेखा अधिकारी

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, अनुभाग द्वारा नीचे दी गई व्यावसायिक एवं प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की गई।

स्नातकोत्तर एवं स्नातक–पूर्व व्यावसायिक परीक्षाएं

इन परीक्षाओं के विवरण नीचे तालिका में प्रदान किए गए हैं।

क्र.सं.	परीक्षा	छात्रों की संख्या			
		परीक्षा में उपस्थित	अनुपस्थित	उत्तीर्ण	अनुत्तीर्ण
मई 2015					
1	अंतिम स्नातकोत्तर/पोस्ट डॉक्टरल	214	–	205	7+2 (परिणाम रोका गया है)
2	एम. एससी (नर्सिंग) चरण – 1	23	–	23	–
3	एम. एससी (नर्सिंग) चरण – 2	22	–	22	–
4	द्वितीय एम बी बी एस (पूरक)	5	–	3	2
5	अंतिम एम बी बी एस (पूरक)	4	1	2	1 (परिणाम रोका गया है)
6	बी. एससी. नर्सिंग (पोस्ट – प्रमाणपत्र) चरण – 1	22	–	19	3
7	बी. एससी. नर्सिंग (पोस्ट – प्रमाणपत्र)	23	–	23	–

	चरण – 2				
8	बी. एससी. (ऑनर्स) नर्सिंग, चरण – 1	83	1	52	30
9	बी. एससी. (ऑनर्स) नर्सिंग, चरण – 2	72	–	72	–
10	बी. एससी. (ऑनर्स) नर्सिंग, चरण – 3	67	–	65	2
11	बी. एससी. (ऑनर्स) नर्सिंग, चरण – 4	57	1	56	–

जुलाई 2015					
12	प्रथम व्यावसायिक एम बी बी एस	81	–	72	9
13	बी.एससी (ऑनर्स) नेत्र विज्ञान तकनीक चरण– 1	17	1	8	8
14	बी.एससी (ऑनर्स) नेत्र विज्ञान तकनीक चरण – 2	13	2	6	5
15	बी.एससी (ऑनर्स) नेत्र विज्ञान तकनीक चरण – 3	14	–	11	2+1 (परिणाम रोका गया है)
16	रेडियोग्राफी में बी.एससी (ऑनर्स) चिकित्सा तकनीकें चरण – 1	11	–	9	2
17	रेडियोग्राफी में बी.एससी (ऑनर्स) चिकित्सा तकनीकें चरण – 2	7	–	5	2
18	रेडियोग्राफी में बी.एससी (ऑनर्स) चिकित्सा तकनीकें चरण – 3	7	–	7	–
अगस्त 2015					
19	प्रथम एम बी बी एस व्यावसायिक (पूरक)	5	1	3	1
नवंबर 2015					
20	बी.एससी (ऑनर्स) नेत्र विज्ञान तकनीक चरण – 1 (पूरक)	11	–	7	4
21	बी.एससी (ऑनर्स) नेत्र विज्ञान तकनीक चरण – 2 (पूरक)	8	–	8	–
22	बी.एससी (ऑनर्स) नेत्र विज्ञान तकनीक चरण – 3 (पूरक)	3	–	3	–
23	रेडियोग्राफी में बी. एससी. (ऑनर्स)	2	–	1	1

	चिकित्सा तकनीक चरण – 1 (पूरक)				
24	रेडियोग्राफी में बी. एससी. (ऑनर्स) चिकित्सा तकनीक चरण – 2 (पूरक)	3	–	3	–
दिसंबर 2015					
25	अंतिम स्नातकोत्तर/पोस्ट डॉक्टरल	113	–	110	3
26	एम बी बी एस अंतिम वर्ष	77	1	73	3
27	एम बी बी एस द्वितीय वर्ष	68	1	61	5+1 (पात्र नहीं)
28	बी.एससी. (पोस्ट प्रमाणपत्र) नर्सिंग चरण – 1 (पूरक)	3	–	2	1
29	बी.एससी. (ऑनर्स) नर्सिंग चरण – 1 (पूरक)	29	–	27	2
30	बी.एससी. (ऑनर्स) नर्सिंग चरण – 3 (पूरक)	7	–	6	1 (पात्र नहीं)
जनवरी 2016					
31	एम बी बी एस अंतिम वर्ष (पूरक परीक्षा)	1	–	1	–
	महायोग	1072	9	965	92+6

स्नातक पूर्व तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षाएं

क्र. सं.	पाठ्यक्रम	परीक्षा की तिथि	उम्मीदवारों की संख्या	
			आवेदक	उपस्थित
1.	एम. डी./एम. एस./एम. डी. एस. जुलाई 2015	10.05.2015	21431	17762
2.	डी एम/ एम सीएच / अध्येतावृत्ति कार्यक्रम, जुलाई 2015	16.05.2015	2366	1951
3.	एम बी बी एस, अगस्त 2015	01.06.2015	194685	151463
4.	बी. एससी (ऑनर्स) नर्सिंग 2015 (ऑनलाइन)	14.06.2015	4801	3201
5.	बी. एससी नर्सिंग (पोस्ट – प्रमाणपत्र) 2015 (ऑनलाइन)	20.06.2015	164	106

6.	बी. एससी (ऑनर्स) परा चिकित्सा पाठ्यक्रम 2015 (ऑनलाइन)	06.06.2015	1164	779
7.	एम. एससी कार्यक्रम 2015 (ऑनलाइन)	04.07.2015	573	343
8.	एम. एससी नर्सिंग 2015 (ऑनलाइन)	27.06.2015	1395	972
9.	एम जैव प्रौद्योगिकी 2015 (ऑनलाइन)	11.07.2015	544	261
10.	सीनियर रेजीडेंट्स भर्ती, जुलाई 2015	12.07.2015	1789	1326
11	पीएच.डी, जुलाई 2015	19.07.2015	578	306
12.	सीनियर रेजीडेंट्स भर्ती, जनवरी 2016	13.12.2015	834	537
13.	एम डी /एम एस/एम डी एस, जनवरी 2016	01.11.2015	33861	30185
14.	डी एम/ एम सीएच / अध्येतावृत्ति कार्यक्रम, जनवरी 2016	01.11.2015	2983	2459
15.	अखिल भारतीय स्नातकोत्तर दंत चिकित्सकीय प्रवेश परीक्षा 2016	13.12.2015	12384	10862
16.	पीएच. डी जनवरी 2016	23.01.2016	372	261
		महायोग	279924	222774

पीएच. डी की मौखिक परीक्षा में उत्तीर्ण प्रत्याशी : 64

भर्ती के लिए परीक्षा

क्र. सं.	परीक्षा का नाम	ऑनलाइन सीबीटी परीक्षा	साक्षात्कार की तिथि	उम्मीदवारों की संख्या	
				आवेदक	उपस्थित
1	सिस्टर ग्रेड 2	17.01.2016		44296	23648
2	निजी सहायक	22.11.2015		6	6
3	निजी सचिव	22.11.2015		20	13
4	आशुलिपिक	22.11.2015		13	4
5	अपर डिविजन क्लर्क	20.09.2015		54	35
6	कार्यालय अधीक्षक	20.09.2015		19	10

7	ऑपरेशन थिएटर सहायक	20.09.2015		275	272
8	कनिष्ठ लेखा अधिकारी	20.09.2015		78	70
9	वैज्ञानिक – I	1, 6, 8, 10, 13 और 15 अप्रैल 2015	17, 18, 20, 22 और 24 अप्रैल 2015	3057	1469
10	वैज्ञानिक – II	17, 20, 22, 28 और 30 अप्रैल 2015	17, 18, 20, 22, और 24 अप्रैल 2015	1043	473
			महायोग	48861	26000

संचालित की गई प्रवेश परीक्षाएं

1. 13.12.2015 में भारत के 23 शहरों में 49 केंद्रों (स्थानीय 6, दूरवर्ती 43) पर एम डी एस पाठ्यक्रमों के लिए 50 प्रतिशत ओपन मेरिट सीट आरक्षण से भर्ती हेतु अखिल भारतीय स्नातकोत्तर दंत प्रवेश परीक्षा – 2016 का आयोजन किया गया। परीक्षा परिणाम 21.12.2015 को घोषित किया गया।

2. जुलाई 2015 सत्र के लिए 10 मई 2015 को 76 केंद्रों (दिल्ली 17, दूरवर्ती 54) तथा जनवरी 2016 सत्र के लिए 1 नवंबर 2015 को 123 केंद्रों (दिल्ली 11, दूरवर्ती 112) में एम डी / एम एस / एम डी एस पाठ्यक्रमों में भर्ती हेतु एम्स स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा का संचालन किया गया। इनके परिणाम क्रमशः 15 मई 2015 तथा 6 नवंबर 2015 को घोषित किए गए।

3. क्रमशः 16 – 25 मई 2015 तथा 1 – 23 नवंबर 2015 के दौरान 2–स्टेज प्रदर्शन मूल्यांकन के आधार पर जुलाई 2015 तथा जनवरी 2016 सत्र के लिए विभिन्न पोस्ट डॉक्टरल (सुपर स्पेशिलिटी) पाठ्यक्रम अर्थात् डी एम / एम सी एच / अध्येतावृत्ति के लिए चयन किया गया।

4. क्रमशः 19 – 27 जुलाई 2015 तथा 23 जनवरी 2016 – 1 फरवरी 2016 के दौरान 2 स्टेज प्रदर्शन मूल्यांकन के आधार पर जुलाई 2015 और जनवरी 2016 सत्रों के लिए पीएच डी कार्यक्रम के पंजीकरण हेतु उम्मीदवारों का चयन किया गया।

5. 1 जून 2015 को भारत के 153 शहरों में 398 (स्थानीय 32, दूरवर्ती 366) केंद्रों पर अगस्त 2015 सत्र के लिए एम्स सहित 6 नए एम्स के एम बी बी एस पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु परीक्षा का आयोजन किया गया।

6. सी बी टी ऑनलाइन पद्धति द्वारा 14 जून 2015 को दिल्ली तथा 6 एम्स (भोपाल, भुवनेश्वर, जोधपुर, पटना, रायपुर तथा ऋषिकेश) में बी एस सी (ऑनर्स) नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया।

7. वर्ष 2005 के लिए एम एस सी नर्सिंग पाठ्यक्रम हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। यह परीक्षा 27 जून 2015 को केवल दिल्ली में सी बी टी ऑनलाइन पद्धति द्वारा आयोजित की गई। भर्ती 14 तथा 25 जुलाई 2015 को काउंसलिंग द्वारा मेरिट आधार पर किया गया।

8. बी एस सी नर्सिंग (पोस्ट – सर्टिफिकेट) की प्रवेश परीक्षा का आयोजन सी बी टी ऑनलाइन पद्धति द्वारा 20 जून 2015 को दिल्ली में किया गया तत्पश्चात् 24 जून 2015 को उम्मीदवारों का वैयक्तिक आकलन किया गया।

9. अगस्त 2015 सत्र के लिए दिल्ली में एक केंद्र पर सी बी टी ऑनलाइन पद्धति द्वारा 6 जून 2015 को रेडियोग्राफी में नेत्र विज्ञान तथा बी एस सी (ऑनर्स) चिकित्सा तकनीक में पैरा मेडिकल पाठ्यक्रमों यथा बी एस सी (ऑनर्स) प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। इन दो पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु दिनांक 2 जुलाई तथा 13 जुलाई 2015 को मेरिट के आधार पर सीटों का आबंटन किया गया और 21 सितंबर 2015 को खुला परामर्श आयोजित किया गया।

अन्य गतिविधियों में सहभागिता

1. परीक्षा अनुभाग एम्स स्नातकोत्तर, एम बी बी एस, बी.एस–सी. (ऑनर्स) परा चिकित्सा, एम. एस–सी. (नर्सिंग) पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु काउंसलिंग तथा बी.एस–सी. नर्सिंग (पोस्ट प्रमाणपत्र) पाठ्यक्रम हेतु वैयक्तिक मूल्यांकन में सक्रिय रूप से भाग लेता है।

2. परीक्षा अनुभाग द्वारा भारत और विदेश में विभिन्न विश्वविद्यालयों और संस्थानों को उनकी प्रवेश परीक्षाएं आयोजित करने के लिए तकनीकी विशेषज्ञता भी प्रदान की जाती है।

महत्त्वपूर्ण घटनाएं

परीक्षा अनुभाग एम्स प्रवेश और भर्ती परीक्षाओं के आयोजन में अहम भूमिका निभाता है। इसके अलावा इनके दिए गए अधिदेशएम्स में विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर और सुपर स्पेशिलिटी पाठ्यक्रमों के लिए व्यवसायिक परीक्षणों के साथ ही प्रवेश परीक्षा आयोजित करने के लिए परीक्षा अनुभाग में भी स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के निर्देशों के अनुसार भोपाल, भुवनेश्वर, जोधपुर, पटना, रायपुर और ऋषिकेश में स्थित छः अन्य अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान हेतु प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार अखिल भारतीय स्नातकोत्तर दंत प्रवेश परीक्षा (एआईपीजीडीईई) भी आयोजित की गई। इनके अलावा, एम्स में विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए प्रवेश परीक्षाएं नियमित रूप से आयोजित की जाती है।

परीक्षा के अधिक कुशल संचालन के लिए और पूरे देश भर से उम्मीदवारों की भागीदारी की सुविधा के लिए, परीक्षा अनुभाग ने अपने सभी प्रक्रिया सुधार को पूरा किया है। एक पहल जो पिछले वर्षों में शुरू किया गया था। सभी प्रवेश परीक्षाएं केवल ऑनलाइन (सीबीटी) पद्धति के माध्यम से संचालित की जाती है। देश भर में 153 शहरों, 398 केंद्रों में एम्स एमबीबीएस 2015 प्रवेश परीक्षा ऑनलाइन (सीबीटी) पद्धति के माध्यम से संचालित किया गया था। और 1,94,685 उम्मीदवारों ने दो पारियों में भाग लिया। यह भारत में चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र में सबसे बड़ी ऑनलाइन परीक्षा है जिसे एक दिन में आयोजित किया गया।

हाल ही में, परीक्षा अनुभाग ने समर्थित आईटी के उम्मीदवारों के लिए इन प्रक्रियाओं की सुविधा के स्वचालन से अपनी व्यावसायिक परीक्षा के छात्रों के लिए सभी मैनुअल प्रक्रियाओं की जगह एक ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। परीक्षा अनुभाग ने नकद लेनदेन 2015 से और भी कम कर दिया।

परीक्षा अनुभाग ओल्ड पी. सी. ब्लॉक से पहले तल पर अभिसरण ब्लॉक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में स्थानांतरित कर दिया गया है। परीक्षा अनुभाग के इस नए कार्यालय के विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर और एम्स में सुपर स्पेशियलिटी पाठ्यक्रमों के लिए आंतरिक रूप से व्यावसायिक परीक्षा संचालन करने की सुविधा है।

5. सामान्य प्रशासन

उप–निदेशक (प्रशासन)
श्री वी. श्रीनिवास

उप–सचिव
संजीव चतुर्वेदी

संस्थान के कार्मिक एवं स्थापना, सुरक्षा, संपदा, इंजीनियरी सेवा विभाग से संबंधित मामले, भंडार, सतर्कता एवं जनसंपर्क क्रियाकलापों सहित सामान्य प्रशासन का नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण उप–निदेशक (प्रशासन) द्वारा किया जाता है। उपर्युक्त वर्णित क्षेत्रों की देखभाल करने के लिए विभिन्न शाखाएं हैं। प्रत्येक शाखा का नेतृत्व एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा सहायक अधिकारियों और स्टाफ सदस्यों की सहायता से किया जाता है। विभिन्न शाखाओं की देखभाल करने वाले अधिकारियों/स्टाफ का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया हुआ है।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी
के. के. वैद्य

अधीक्षण अभियंता
मंजुल रस्तोगी

कार्यकारी अभियंता
एस. भास्कर   वी. के. शर्मा   वी. के. जायसवाल   विद्या भूषण

मुख्य प्रापण अधिकारी
राजेश गुप्ता

उप मुख्य सुरक्षा अधिकारी
आर.एस. रावत

वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी
अरुण कुमार सिंह   के. के. गिरिधारी   अजय कुमार (15 मई 2015 से)

प्रशासनिक अधिकारी

आर. के. शर्मा	रजी जावेद	ललित उराँव
के. पी. सिंह	रेनू भारद्वाज	सोनल गुलाटी (30 जून 2015 तक)
सतीश कुमार सिंह	ममता कुकरेती	ई.वी.एस. चक्रवर्ती (1 जनवरी 2016)
	नरेंद्र कुमार	पल्लव कुमार चित्तेज

वरिष्ठ भंडार अधिकारी

के. डी. शर्मा (31 जनवरी 2016 तक)   प्रदीप गुप्ता (23 फरवरी 2016 से)

भंडार अधिकारी

राकेश कुमार शर्मा	नरेंद्र कुमार	भवानी राम
यतेंद्र कुमार		अरविंद कुमार शर्मा

सहायक प्रशासनिक अधिकारी

बी. एस. गिल | राज कुमार | राजेंद्रन पिल्लई
अनीता टेटे | | एस. एल. चमोली

स्थापना अनुभाग और सामान्य प्रशासन की जिम्मेदारियों में नियुक्तियां, सांविधिक समितियों की बैठकों की व्यवस्था, संपदा एवं सम्पत्ति प्रबंधन, उपकरण सामग्री एवं उपभोज्यों की खरीद, सुरक्षा व्यवस्था, कर्मचारियों के कल्याण आदि शामिल हैं।

सभी केन्द्रों के स्टाफ सहित और संस्थान की कुल स्वीकृत स्टाफ 11,767 है। वर्तमान में स्टाफ की स्थिति निम्नानुसार है :–

क्र. सं.	श्रेणी / समूह	स्वीकृत पद	वर्तमान पद
1.	संकाय	882	718
2.	क	569	422
3.	ख	5533	4652
4.	ग	4783	4238
	कुल	11767	10044

अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ
संपर्क अधिकारी
राजपाल
आचार्य, नेत्ररोगविज्ञान, डॉ. रा. प्र. केंद्र

प्रशासनिक अधिकारी
ललित उराँव

वर्ष के दौरान अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ में अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति वर्ग के कर्मचारियों से विभिन्न अभ्यावेदन प्राप्त हुए। विवरण निम्नानुसार है :

प्राप्त अभ्यावेदनों की कुल संख्या : 9
समाधान किए गए / निपटाए मामलों की कुल संख्या : 2
विचाराधीन मामलों की कुल संख्या : 7

मामलों का संक्षिप्त विवरण :

1. श्रीमती किरण, सिस्टर ग्रेड–II, एनडीडीटीसी, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान का अभ्यावेदन जातिगत भेदभाव और उत्पीड़न से संबंधित। इस अभ्यावेदन को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली में अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों की शिकायतों के निवारण के लिए गठित समिति को भेजा गया। इस मामले की अंतिम रिपोर्ट अभी प्रतीक्षा में है।
2. श्री यशवंत कुमार, पीए, डॉ. आर. पी. सेंटर, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पी एस के चयन में और आरक्षण रोस्टर में अनियमितताओं से संबंधित। सक्षम प्राधिकारी द्वारा मामले की जांच की गई और तथ्यात्मक रिपोर्ट एनसीएससी को भेजी गई। मामले को निपटा दिया गया है।
3. श्री राजेन्द्र सिंह, प्रयोगशाला तकनीशियन, सीटीवीएस (ओटी), सी. एन. सेंटर, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, डॉ. शिव कुमार चौधरी के उत्पीड़न और अपमानजनक व्यवहार से संबंधित, सीटीवीएस विभाग में अनुसूचित जाति के प्रयोगशाला तकनीशियन के खिलाफ। इस अभ्यावेदन को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली में अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के

कर्मचारियों की शिकायतों के निवारण के लिए गठित समिति के पास भेजा गया था। हालांकि, इस मामले की अंतिम रिपोर्ट की अभी प्रतीक्षा है।

4. श्री अविनाश बी. धार्गवे, मुख्य फिज़ियोथेरेपिस्ट, जराचिकित्सा विभाग में मुख्य फिज़ियोथेरेपिस्ट के कार्यालय की स्थापना और शिकायतों के निवारण (भेदभाव और उत्पीड़न) के लिए। सक्षम प्राधिकारी द्वारा मामले की जांच की गई है और सभी आवश्यक शिकायतों का एनसीएससी में निराकरण किया गया। मामले को निपटा दिया गया है।
5. सुश्री श्राबनी मोंडल, सिस्टर ग्रेड–I, एबी–4 वार्ड का अभ्यावेदन, अनुसूचित जाति कर्मचारी श्रीमती सरिता मेहता, सीएनओ और श्रीमती मंजू सिंह, डीएनएस के प्रति मानसिक उत्पीड़न से संबंधित। इस अभ्यावेदन को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों की शिकायतों के निवारण के लिए गठित समिति के पास भेजा गया था। हालांकि, इस मामले की अंतिम रिपोर्ट की अभी प्रतीक्षा है।
6. श्री महेश कुमार, ओ. टी. सहायक, डी–5 आईसीयू, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान का अभ्यावेदन, श्री अनिल शर्मा, तकनीकी सहायक, बाल रोग विज्ञान विभाग, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान द्वारा अनुसूचित जाति के कर्मचारी के साथ असंसदीय भाषा के उपयोग से संबंधित। इस अभ्यावेदन को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों की शिकायतों के निवारण के लिए गठित समिति के पास भेजा गया था। हालांकि, यह मामला समिति के विचाराधीन है।
7. श्री अमित कुमार, रेडियोलॉजी तकनीशियन ग्रेड–II, डॉ. बीआरए आईआरसीएच, एम्स का अभ्यावेदन, श्रीमती दीपक कुमारी डोगरा, एसटीओ और डॉ. संजय थुल्कर, एचओयू द्वारा मानसिक उत्पीड़न और अपने पद के दुरुपयोग से संबंधित। मामले को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों की शिकायतों के निवारण के लिए गठित समिति के पास भेजा गया था। हालांकि, यह मामला समिति के विचाराधीन है।
8. श्रीमती तरुणा अग्रवाल, रेडियोलॉजी तकनीशियन ग्रेड–II, डॉ. बीआरए आईआरसीएच, एम्स का अभ्यावेदन, प्रतिनिधित्व श्रीमती दीपक कुमारी डोगरा, एसटीओ और डॉ. संजय थुल्कर, एचओयू द्वारा मानसिक उत्पीड़न और अपने पद के दुरुपयोग से संबंधित। मामले को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों की शिकायतों के निवारण के लिए गठित समिति के पास भेजा गया था। हालांकि, यह मामला समिति के विचाराधीन है।
9. श्री सतबीर सिंह, रेडियोलॉजी तकनीशियन ग्रेड–II, एम्स का अभ्यावेदन, श्रीमती दीपक कुमारी डोगरा, एसटीओ, डॉ. बीआरए आईआरसीएच द्वारा मानसिक उत्पीड़न, असभ्य भाषा का उपयोग और कभी कभी पैसे की मांग से संबंधित। इस अभ्यावेदन को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों की शिकायतों के निवारण के लिए गठित समिति के पास भेजा गया था। हालांकि, यह मामला समिति के विचाराधीन है।

बजटीय सहायता

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के शासी निकाय ने 13 अप्रैल 2015 को आयोजित अपनी बैठक में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान धर्मस्व कोष की स्थापना को मंजूरी दी। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान धर्मस्व कोष एम्स अधिनियम के अनुसार काम कर रहा है। एम्स धर्मस्व कोष के गवर्नेंस मॉडल में कार्यकारी परिषद, स्टाफ सहित प्रशासनिक कार्यालय और तीन सलाहकार समितियां अर्थात् वैज्ञानिक सलाहकार समिति, निधि संवर्धन समिति और निधि निवेश समितियां शामिल हैं।

संस्थान के शासी निकाय ने संस्थान में दो चेयरों को स्थापित करने के लिए इन्फोसिस फाउंडेशन से अनुदान की स्वीकृति को मंजूरी दी : अर्बुद विज्ञान और प्रसूति एवं स्त्रीरोग विज्ञान हेतु

प्रत्येक के लिए 5 करोड़ रुपए। अनुदान पर अर्जित ब्याज को निम्नलिखित प्रयोजनों के लिए उपयोग किया जाएगा :

(i) इंफोसिस चेयर
(ii) अनुसंधान निधिकरण
(iii) यात्रा छात्रवृत्ति
(iv) अनुसंधान पुरस्कार

<u>रोगी उपचार</u>

एम्स ई–अस्पताल परियोजना (ऑनलाइन पंजीकरण प्रणाली) 4 जुलाई 2015 को डिजिटल इंडिया वीक के हिस्से के रूप में भारत के प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई थी। स्वास्थ्य मंत्री ने 15 जुलाई 2016 को 'काया कल्प–स्वच्छ और हरित एम्स' अभियान का शुभारंभ किया। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ओपीडी परिवर्तन परियोजना को स्वास्थ्य मंत्री और राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) विद्युत, कोयला, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा द्वारा 25 दिसंबर 2015 को शुरू किया गया था। इस परियोजना से जनवरी 2016 तक 12 लाख रोगियों को लाभ हुआ। टाटा कंसल्टेंसी सर्विस द्वारा सीएसआर के आधार पर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में कार्यान्वित परियोजना से रोगियों के लिए अधिक अनुकूल माहौल बना है।

सुपर स्पेशियलिटी विषयों के लिए बढ़ता हुआ रोगी भार और मांग से सर्वोच्च तृतीयक देखभाल अस्पतालों में उच्च स्वास्थ्य क्षेत्र के निवेश की अनिवार्यता बनी है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में राष्ट्रीय कैंसर संस्थान (710 बेड), मातृ एवं शिशु ब्लॉक (200 बेड) और आपातकाल और नैदानिक ब्लॉक (400 बेड) और नेशनल सेंटर फॉर एजिंग (200 बेड) के साथ निरंतर विस्तार का एक चरण वर्तमान में है। राष्ट्रीय कैंसर संस्थान ने 2035 करोड़ रुपए की लागत से 710 बिस्तरों के साथ स्वास्थ्य क्षेत्र में सबसे बड़ा सार्वजनिक निवेश प्रस्तुत किया है। राष्ट्रीय कैंसर संस्थान का भूमि पूजन समारोह 12 दिसंबर 2015 को आयोजित किया गया।

एम्स को एम्स ट्रॉमा सेंटर के पीछे की 14.95 एकड़ जमीन आवंटित की गई है जिसमें इसके रोगियों की देखभाल क्षमता में प्रमुख विस्तार किया जाएगा। इस क्षेत्र में योजनाबद्ध किए जा रहे प्रमुख केन्द्रों में 1800 से अधिक बेड जोड़े जाएंगे।

<u>निर्माण गतिविधियां</u>

ट्रॉमा सेंटर मोटरेबल सबवे के साथ पूर्व और पश्चिम अंसारी नगर कैम्पस को जोड़ना

ट्रॉमा सेंटर मोटरेबल सबवे के साथ पूर्व और पश्चिम अंसारी नगर कैम्पस को जोड़ने के प्रस्ताव के लिए 55 करोड़ रुपए अनुमोदित किए और यह काम पूरा हो चुका है।

पूर्वी कैम्पस में मौजूदा कैफेटेरिया का विस्तार।

कर्मचारी भार बढ़ने की वजह से मौजूदा कैफेटेरिया में विस्तार की सख्त जरूरत थी। इसलिए मौजूदा ब्लॉक को गिराने के बाद तीन स्तर वाले कैफेटेरिया की योजना बनाई थी। काम को 15 महीनों के निर्माण समय के साथ जनवरी 2015 में प्रारंभ किया गया। काम पूरी तरह तेजी से चल रहा है और 2016 के अंत तक इसके पूरा होने की उम्मीद है।

आपातकालीन सह–निदान ब्लॉक

मस्जिद मोठ इलाके में प्रस्तावित सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक के रोगियों के लिए केंद्रीय निदान सुविधाएं होंगी जिन्हें यह पूरा करेगा। योजना निर्माण के कुल क्षेत्रफल के आधार पर के निर्माण की लागत लगभग 550 करोड़ रुपए है और लगभग 1,00,000 वर्ग मीटर स्थान है।

ट्रॉमा कार्यक्षेत्र विस्तार : काम पूरा होने के अंतिम चरण में है।

ट्रॉमा सेंटर में रैन बसेरा/धर्मशालाः यह काम पावर ग्रिड कारपोरेशन द्वारा सीएसआर के तहत किया जा रहा है।

मस्जिद मोठ में ओपीडी : मास्टर प्लान के अनुसार इसका निर्माण किया जाना प्रस्तावित है और यह विभिन्न उपयोगिताओं को पूरा करेगा। बनाई गई योजना निर्माण के कुल क्षेत्रफल के आधार पर निर्माण की लागत 93351 वर्गमीटर पर 45000 रुपए प्रति वर्गमीटर है। ईएफसी ने 582.00 करोड़ रुपए की मंजूरी दी। नए ब्लॉक में मौजूदा सुविधाओं के स्थानांतरण के बाद वर्तमान भवन को एम्स की समग्र बिस्तर क्षमता को बढ़ाने के लिए वार्डों के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा।

बल्लभगढ़ में छात्रावास/ओपीडी का निर्माण बल्लभगढ़ में ओपीडी, हॉस्टल और घरों के निर्माण का प्रस्ताव है। काम को लगभग 13 रुपए की अनंतिम लागत पर मार्च 2014 में प्रदान किया गया। परियोजना काफी हद तक पूरी हो गई है।

छात्रावास IV : 29.85 करोड़ रुपए की अनंतिम लागत से 310 बिस्तरों के लिए मस्जिद मोठ में छात्रावास के निर्माण के लिए प्रस्ताव को मास्टर प्लान के अनुसार मंजूरी दी गई जिसमें ये ब्लॉक प्रस्तावित हैं।

बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी ब्लॉक का निर्माण : ट्रॉमा सेंटर कैंपस में इस सुविधा की योजना बनाई गई है। उक्त प्रस्ताव के लिए ईएफसी को पहले से ही मंत्रालय द्वारा अनुमोदित किया जा चुका है।

राष्ट्रीय कैंसर संस्थान : झज्जर कैम्पस में दिसंबर 2015 को आधुनिकतम कैंसर उपचार केंद्र पर काम शुरू किया गया। इसमें 710 बिस्तर होंगे, सीसीईए द्वारा अनुमोदित परियोजना लागत 2035 करोड़ रुपए है। अस्पताल पैकेज 504.58 करोड़ रुपए और आवासीय पैकेज 312.99 करोड़ रुपए है।

राष्ट्रीय हृद वाहिका संस्थान : सलाहकार की नियुक्ति के लिए निविदाएं आमंत्रित की जा रही हैं।

मदर एंड चाइल्ड ब्लॉक : महिला और बच्चों के लिए अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवा की स्थापना की जा रही है।

सर्जिकल ब्लॉक : 200 बिस्तर वाले सर्जिकल ब्लॉक का कार्य पूरा होने के अंतिम चरण में है, संरचना पूरी हो गई है, मॉड्यूलर ओटी और आईसीयू के साथ उपकरण अभी खरीदे जाने हैं। परियोजना काफी हद तक पूरी हो गई है।

छात्रावास विस्तार : तीन ब्लॉकों में 550 बेड हॉस्टल का प्रस्ताव है जिसमें से एक ब्लॉक क्रियाशील है और शेष दो ब्लॉकों को दिसंबर 2016 के अंत तक क्रियाशील किया जाना कार्यात्मक प्रस्तावित है।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के विभिन्न परिसरों का पुनर्विकास : एनबीसीसी को एक परियोजना सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया है। एम्स संकाय की आवास की तीव्र कमी को पूरा करने के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली ने पश्चिम अंसारी नगर और आयुर्विज्ञान नगर में अपने परिसरों का एक पुनर्विकास प्रस्ताव तैयार किया है।

6.0 मुख्य अस्पताल

चिकित्सा अधीक्षक
डी. के. शर्मा

अस्पताल प्रशासन विभाग
प्रोफेसर और प्रमुख
सिद्धार्थ सत्पथी

प्रोफेसर
आई. बी. सिंह संजय कुमार आर्य

सहायक आचार्य

निरुपम मदान
अनूप डागा
एंजेल राजन सिंह
अमित लठवाल
महेश आर.
परमेश्वर कुमार
विजयदीप सिद्धार्थ

पूरक बिस्तर

बिस्तर की श्रेणी	मुख्य अस्पताल	हृद् वक्ष एवं तंत्रिका विज्ञान केंद्र
सामान्य वार्ड	827	277
सघन देखभाल एकक	92	63
अवलोकन	69	09
निजी वार्ड	165	63
कुल	1153	422

अस्पताल कार्य निष्पादन का विवरण

पैरामीटर	मुख्य अस्पताल		ह. तं. कें.		निष्कर्ष
	2015–16	2014–15	2015–16	2014–15	
अस्पताल में ठहरने की औसतन अवधि (दिनों में)	7.7	4.3	9.0	6.8	नियमित रूप से दाखिले के बिस्तरों का प्रभावी उपयोग।
औसत बिस्तर अधिभोग दर (प्रतिशत)	88.4	87.9	86.1	84.6	उचित अधिभोग दर्शाता है।
शुद्ध मृत्यु दर (प्रतिशत)	1.8	1.7	3.2	2.9	अस्पताल में गंभीर रूप से बीमार रोगियों की अधिक संख्या में भर्ती के बावजूद निम्न मृत्यु – दर को दर्शाते हैं।
संयुक्त अशोधित संक्रमण दर (प्रतिशत)	5.7 प्रतिशत	5.38 प्रतिशत	–	–	–

कृपया विवरण हेतु तालिका 1 एवं 2 देखें।

6.1 चिकित्सा अभिलेख विभाग

प्रभारी अधिकारी
निरूपम मदान

मुख्य चिकित्सा अभिलेख अधिकारी (कार्यकारी) और उप – पंजीयक, जन्म एवं मृत्यु
पैटी एस. लिंगदोह

कनिष्ठ चिकित्सा अभिलेख अधिकारी

पी. डी. शर्मा
अशोक कुमार
संदीप एम. सिंह
रोशन लाल – ।।

शिक्षा

1. सेंट स्टीफन अस्पताल, नई दिल्ली के चिकित्सा अभिलेख प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रम के नौ छात्रों ने दिनांक 28 अप्रैल 2015 को चिकित्सा अभिलेख अनुभाग (मुख्य अस्पताल), केंद्रीय प्रवेश / पूछताछ कार्यालय और राजकुमार अमृत कौर (आरएके) बहिरंग रोगी विभाग का दौरा किया।
2. नर्सिंग महाविद्यालय, अ. भा. आ. सं. के 25 बी.एससी. (पीबी) नर्सिंग प्रथम वर्ष के छात्रों ने चिकित्सा अभिलेख अनुभाग (मुख्य अस्पताल) का दौरा किया। 7 अगस्त 2015 को मुख्य चिकित्सा अभिलेख अधिकारी / कनिष्ठ चिकित्सा अभिलेख अधिकारी द्वारा एम्स में चिकित्सा अभिलेख प्रबंधन पर अभिविन्यास व्याख्यान दिया गया।
3. सेंट स्टीफन अस्पताल, नई दिल्ली के चिकित्सा अभिलेख प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष के 9 छात्रों ने दिनांक 29 मार्च 2016 को चिकित्सा अभिलेख अनुभाग (मुख्य अस्पताल), केंद्रीय प्रवेश / पूछताछ कार्यालय और आर ए के बहिरंग रोगी विभाग का दौरा किया।
4. 22 मार्च 2016 को वित्तीय मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय लोक वित्तीय एवं नीति (एनआईपीएफपी) से चार कर्मचारी सदस्यों ने चिकित्सा अभिलेख विभाग और आरएके बहिरंग रोगी विभाग का दौरा किया।

प्रशिक्षण

1. डॉ. विकास एच., सीनियर रेजीडेंट, अस्पताल प्रशासन और सुश्री अंजू दीक्षित, चिकित्सा अभिलेख तकनीशियन, एम्स, मुख्य अस्पताल, 23 फरवरी 2016 को विकास भवन, दिल्ली में मुख्य पंजीयक (जन्म एवं मृत्यु) और आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय द्वारा आयोजित एमसीसीडी और आईसीडी–10 कोड के निर्दिष्ट पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।
2. श्री प्रमोद जोशी, एलडीसी और श्री महेंद्र, एमआरटी (अनुबंध) 10 मार्च 2016 को सम्मेलन केंद्र, एनडीएमसी, पालिका केंद्र, नई दिल्ली में मुख्य पंजीयक (जन्म और मृत्यु) और आर्थिक और सांख्यिकी निदेशालय द्वारा संचालित नागरिक पंजीकरण प्रणाली पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।
3. चिकित्सा अभिलेख अनुभाग और केंद्रीय पंजीकरण कार्यालय से आठ प्रतिनिधियों ने वर्ष के दौरान चरणबद्ध तरीके से सीबीएचआई, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, जयपुर केंद्र द्वारा आयोजित मुख्य अस्पताल विभिन्न सेवाकालीन अभिविन्यास प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों (अल्पावधि अर्थात एक सप्ताह) में भाग लेने के लिए नामित किया गया।

न्यायालय में उपस्थिति

दिल्ली तथा दिल्ली से बाहर विभिन्न न्यायालयों से चिकित्सा अभिलेख अनुभाग (मुख्य अस्पताल) से कुल संख्या 558 सम्मन/नोटिस प्राप्त हुए। संबंधित चिकित्सकों अथवा परामर्शदाताओं (मामले के अनुसार) तथा चिकित्सा अभिलेख विभाग के स्टाफ सदस्यों के विवादों को सुलझाने/निपटाने के लिए एम्स अस्पताल की ओर से न्यायालय में उपस्थित होने के लिए तैनात किया गया था।

प्रकरण अभिलेख जारी करना

लगभग 4052 चिकित्सा के प्रकरण अभिलेख (प्रकरण पत्रक) अनुसंधान, शिक्षा और अन्य शासकीय प्रयोजनों के लिए संबंधित परामर्शदाताओं द्वारा अधिकृत रेजीडेंटों के लिए जारी किए गए हैं।

चिकित्सा अभिलेखों का कम्प्यूटरीकरण

1. केंद्रीय भर्ती कार्यालय तथा मुख्य अस्पताल के अस्पताल पूछताछ कार्यालय को चिकित्सा अभिलेख अनुभाग सहित मुख्य अस्पताल और कार्डियोथोरेसिस और न्यूरोसाइंसेज (सीएन) केन्द्र के वॉर्ड क्षेत्रों का कंप्यूटरीकरण किया गया है और इन्हें एनआईसी के सॉफ्टवेयर से आपस में जोड़ा गया है। इस सॉफ्टवेयर से मुख्य अस्पताल में होने वाली सभी मृत्यु और जन्मों का अभिलेख तैयार किया जाता है।

2. भर्ती रोगी चिकित्सा अभिलेख का डिजिटलीकरण अभिलेखों का आसान पुनर्प्राप्ति के लिए 2014 से शुरू किया गया। इस तरह के मामले के अभिलेखों से अधिक 21 लाख पृष्ठों को स्कैन किया गया और अध्ययन एवं शिक्षा उद्देश्यों के लिए एम्स पुस्तकालय में रेजीडेंट और संकाय के लिए उपलब्ध है।

अंतः रोगी सेवाएं

1. अ. भा. आ. सं. देश भर से तथा विदेश से आने वाले रोगियों की बढ़ती जनसंख्या के बावजूद रोगी उपचार सेवा तथा गुणवत्ता की परम्परा को बनाए हुए है जो पूरे देश और विदेशों से अस्पताल में दिखाने के लिए आते हैं (चित्र 1)। वर्ष के दौरान मुख्य अस्पताल, हृद तंत्रिका केंद्र और दंत शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र (सीडीईआर) की विभिन्न नैदानिक में कुल संख्या 1,22,691 रोगियों को भर्ती किया गया। विभाग, राज्य तथा जेंडर की भर्ती, छुट्टी और यहां ठहरने की औसत अवधि का विवरण तालिका 2 और 3 और चित्र 2 से 4 में दिया गया है।
2. मुख्य अस्पताल, सीएन केंद्र और सीडीईआर के विभिन्न शल्य चिकित्सा विषयों में वर्ष के दौरान कुल 1,11,850 शल्य चिकित्सा प्रक्रियाएं की गई थीं (तालिका 4)।
3. शिक्षा, अनुसंधान आदि के उद्देश्यों हेतु अंतरंग रोगियों के चिकित्सा अभिलेखों को आसानी से खोजने के लिए वर्गीकृत एवं श्रेणीबद्ध किया जाता है। इन अभिलेखों को उनके मामले अभिलेख संख्या के अनुसार कम्पेक्टर्स में रखा जाता है। हृद् तंत्रिका केंद्र और सीडीईआर के सभी अंतः रोगियों के रिकॉर्ड का रख–रखाव भी मुख्य अस्पताल के चिकित्सा अभिलेख अनुभाग द्वारा किया जाता है।

केंद्रीय भर्ती कार्यालय एवं अस्पताल पूछताछ

1. यह रुकावट के बिना 365 दिनों के लिए चौबीसों घंटे काम करता है।
2. इस कार्यालय द्वारा मुख्य अस्पताल, हृद वक्ष तंत्रिका विज्ञान केंद्र एवं सीडीईआर के अंतरंग क्षेत्रों की सभी भर्तियां निष्पादित की जाती हैं। यह रोगी पंजीकरण, भर्ती पर्ची (फेस शीट) का सृजन और परिचर पास जारी करना, आदि जैसे महत्वपूर्ण कार्यों का निष्पादन करता है।
3. यह रोगियों और एम्स के संबंध में शीघ्र और सटीक जानकारी प्रदान करने के लिए एक सामान्य जांच कार्यालय के रूप में भी कार्य करता है। यहां पारियों में कार्य करने स्वागत अधिकारी, कनिष्ठ चिकित्सा अभिलेख अधिकारी और चिकित्सा अभिलेख तकनीशियन, आदि कार्यरत हैं।

बाह्य रोगी विभाग और विशिष्टता क्लीनिक

1. कुल 18,33,156 रोगियों ने विभिन्न सामान्य ओ पी डी और मुख्य अस्पताल के आपातकालीन विभाग (तालिका 5) की विशिष्टता क्लीनिक में भाग लिया।

चिकित्सा अभिलेखों का काया–कल्प

1. श्रीमती पैटी एस. लिंगदोह, मुख्य चिकित्सा अभिलेख अधिकारी ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत चिकित्सा अभिलेख अनुभाग, मुख्य अस्पताल और इससे संबंधित क्षेत्र साफ और स्वच्छ बनाने की पहल की। अस्पताल के चिकित्सा अभिलेख के लिए आबंटित बेसमेंट एरिया; पहला तल, अस्पताल भंडार; पहला तल, पोर्टा कैबिन, सी–1 वार्ड के पास; और इस गतिविधि में मुख्य अस्पताल अभिलेख कमरा शामिल था। प्रवेश, जन्म और मृत्यु रजिस्टरों में अच्छे से नई फाइल कवर और आसान पुनर्प्राप्ति के लिए अवधि के साथ स्टिकर के साथ रखा जाता है। उन्हें इस गतिविधि के लिए प्रशंसा प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया (चित्र)।
2. चिकित्सा अभिलेख अनुभाग, मुख्य अस्पताल में जगह की कमी से निपटने के लिए अंतरंग रोगी चिकित्सा अभिलेखों के ऑफ साइट अवधारणा शुरू की गई। 2006–10 के लिए रोगी चिकित्सा अभिलेख मेसर्स पी. एस. बेदी मामन इंडिया प्राइवेट लिमिटिड के माध्यम से ऑफ साइट भेजा गया।

सुश्री पैटी एस. लिंगदोह, मुख्य चिकित्सा अभिलेख अधिकारी एम्स के प्रति काया कल्प के तहत उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रशंसा प्रमाणपत्र प्राप्त किया और अस्पताल में साफ–सफाई, स्वच्छता और संक्रमण नियंत्रण को बढ़ावा देने में उत्कृष्ट की ओर केंद्रीय सरकारी अस्पतालों के बीच दूसरा पुरस्कार जीता।

क्र. सं.	मद	मुख्य अस्पताल		हृ. तं. केंद्र	
		2015–16	2014–15	2015–16	2014–15
1.	कुल भर्ती किए गए रोगी	102037	96689	20654	20721
	क. वयस्क एवं बच्चे	99578	93960	–	–
	ख. नवजात शिशु	2559	2729	–	–
2.	डिस्चार्ज हुए रोगियों की कुल संख्या (डीओआर और मृत्यु, फरार, एलएएमए सहित)	97423	89065	19235	19035
	क. वयस्क एवं बच्चे	94948	86374	–	–
	ख. नवजात शिशु	2475	2691	–	–
3.	उपचार के कुल दिन	331525	380812	117636	129522
	क. वयस्क एवं बच्चे	314974	364386	–	–
	ख. नवजात शिशु	16551	16426	–	–
4.	ठहरने की औसत अवधि (एएलएस नियमित)	7.7	4.3	9.0	6.8
	क. वयस्क एवं बच्चे	7.8	4.2	–	–
	ख. नवजात शिशु	6.7	6.1	–	–
5.	कुल रोगी देखभाल दिन (प्रतिदिन की गणना के अनुसार)	349833	345848	131667	129610
	क. वयस्क एवं बच्चे	347040	343410	–	–
	ख. नवजात शिशु	2793	2438	–	–
6.	रोगियों की प्रतिदिन औसत संख्या (प्रतिदिन की गणना के अनुसार)	958	947	361	355
	क. वयस्क एवं बच्चे	951	940	–	–
	ख. नवजात शिशु	7	7	–	–
7.	औसत बिस्तर अधिभोग (प्रतिशत)	88.4	87.9	86.1	84.6
	क. वयस्क एवं बच्चे (प्रतिशत)	87.7	88.9	–	–
	ख. नवजात शिशु (प्रतिशत)	0.7	33.4	–	–
8.	अस्पताल में जन्म	2559	2568	–	–
	क. लड़का	1312	1377	–	–
	ख. लड़की	1245	1191	–	–
	ग. इंटर सेक्स	2	–	–	–
9.	अंतरंग रोगी के बीच कुल मृत्यु (नवजात शिशु सहित)	2971	2723	877	842
	क. 48 घंटे के भीतर मृत्यु	1193	1203	263	293
	ख. 48 घंटे के बाद मृत्यु	1778	1520	614	549
	ग. सकल मृत्यु दर (प्रतिशत)	3.0	3.1	4.6	4.4
	घ. शुद्ध मृत्यु दर (प्रतिशत)	1.8	1.75	3.2	2.9
10.	कुल आपातकालीन में रोगी उपस्थित	180270	143034	–	–
	क. मृत्यु	2206	2072	–	–
	ख. मृत लाए गए रोगी	1219	969	–	–

चित्र 1 अंतरंग रोगियों का भौगोलिक वितरण



दिल्ली
उत्तर प्रदेश
हरियाणा
बिहार
राजस्थान
पंजाब
जम्मू और कश्मीर
अन्य राज्य
अन्य देश / विदेश

तालिका 2 विभाग वार भर्ती (मुख्य अस्पताल, हृद तंत्रिका केंद्र और सीडीईआर)

विभाग	भर्ती		अस्पताल से छुट्टी (डीओआर, मृत्यु, चले जाने वाले, एलएएमए, सहित)		उपचार के कुल दिन अवधि		ठहरने की औसत अवधि
	नियमित	अल्पकालीन	नियमित	अल्पकालीन	नियमित	अल्पकालीन	नियमित
एनेस्थिसियोलॉजी (पीड़ा क्लिनिक)	0	537	0	509	0	509	0.0
दंत चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान केंद्र	566	246	506	245	4002	245	7.9
त्वचा रोग	661	2817	633	2763	5958	2763	9.4
अंतःस्रावी	497	99	502	97	7677	97	15.3
जठरांत्र रोग विज्ञान	1610	1916	1522	1752	14641	1752	9.6
जठरांत्र शल्य चिकित्सा एवं लिवर प्रतिरोपण	739	422	717	356	12050	356	16.8
जरा चिकित्सा	613	360	567	329	7140	329	12.6
रुधिरविज्ञान	814	9430	766	9226	7297	9226	9.5
कायचिकित्सा 1	1211	680	1260	577	12582	577	10.0
कायचिकित्सा 2	754	398	858	306	8235	306	9.6
कायचिकित्सा 3	1480	1087	1217	1149	9985	1149	8.2
वृक्कविज्ञान	947	8248	882	8010	6555	8010	7.4
नवजातविज्ञान	2559	0	2475	0	16551	0	6.7
नवजात गहन चिकित्सा कक्ष	183	20	183	19	1699	19	9.3
नाभिकीय चिकित्सा	490	156	429	176	703	176	1.6
प्रसूति एवं स्त्रीरोग विज्ञान 1	2221	2205	2176	2090	13365	2090	6.1

प्रसूति एवं स्त्रीरोग विज्ञान 2	2417	2407	2191	2383	12468	2383	5.7
प्रसूति एवं स्त्रीरोग विज्ञान 3	1929	1999	1874	1946	11849	1946	6.3
कैंसर विज्ञान (मुख्य)	557	1	580	0	3185	0	5.5
अस्थिरोग 1	1255	1973	1201	1739	9439	1739	7.9
अस्थिरोग 2	1108	1863	1128	1633	10317	1633	9.1
ऑटोलेरिन्जोलॉजी 1	625	1248	648	1100	3255	1100	5.0
ऑटोलेरिन्जोलॉजी 2	521	1092	500	1023	3265	1023	6.5
ऑटोलेरिन्जोलॉजी 3	535	1039	511	934	3352	934	6.6
बाल चिकित्सा 1	642	2891	751	2598	3890	2598	5.2
बाल चिकित्सा 2	405	1517	544	1343	4210	1343	7.7
बाल चिकित्सा 3	1700	9118	1369	9243	2376	9243	1.7
बालशल्य चिकित्सा	1588	1660	1559	1535	14646	1535	9.4
भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास	30	0	29	0	1329	0	45.8
मनोचिकित्सा	263	0	218	0	8350	0	38.3
निद्रा संबंधी और श्वास विकार	789	2355	796	2167	5813	2167	7.3
विकिरण चिकित्सा	12	0	17	0	56	0	3.3
संधिशोथ	0	7	0	7	0	7	0.0
शल्य चिकित्सा 1	1058	662	1045	571	8053	571	7.7
शल्य चिकित्सा 2	1172	745	1176	581	8404	581	7.1
शल्य चिकित्सा 3	895	545	964	423	7898	423	8.2
शल्य चिकित्सा 4	1726	1190	1594	997	10282	997	6.5
मूत्ररोग विज्ञान	1805	4727	1679	4529	8292	4529	4.9
कुल (मुख्य)	36377	65660	35067	62356	269169	62356	7.7

हृदविज्ञान	4155	4551	4049	4262	20854	4262	5.2
हृद वक्ष एवं वाहिका शल्य चिकित्सा	3296	05	3152	04	30900	04	9.8
तंत्रिकाविज्ञान 1	844	602	801	508	7381	508	9.2
तंत्रिकाविज्ञान 2	744	511	667	469	6708	469	10.1
तंत्रिकाविज्ञान 3	979	718	811	728	8114	728	10.0
तंत्रिका–शल्य चिकित्सा 1	1573	679	1436	586	19578	586	13.6
तंत्रिका–शल्य चिकित्सा 2	1400	595	1348	412	17130	412	12.7
तंत्रिका संवेदनाहरण	00	02	00	02	00	02	0.0
कुल (हृद तंत्रिका केन्द्र)	12991	7663	12264	6971	110665	6971	9.0



चित्र 2 विभाग वार भर्ती



चित्र 3. विभाग वार ठहरने की औसत अवधि



चित्र 4 लिंग–वार वितरण

तालिका 3. वर्ष के दौरान मृत्यु विभाग–वार

विभाग	कुल मृत्यु	48 घंटे के अंदर मृत्यु	48 से अधिक मृत्यु	सकल मृत्यु दर (प्रतिशत)	शुद्ध मृत्यु दर (प्रतिशत)
संवेदनाहरण विज्ञान (पीड़ा क्लिनिक))	02	00	02	0.4	0.4
दंत शल्यचिकित्सा / सीडीईआर	01	00	01	0.1	0.1
त्वचा रोग विज्ञान	16	03	13	0.5	0.4
अंतःस्रावी	08	03	05	1.3	0.8
जठरांत्र रोग विज्ञान	415	195	220	12.7	7.1
जठरांत्र और यकृत	72	13	59	6.7	5.6
जरा चिकित्सा	67	17	50	7.5	5.7
रुधिरविज्ञान	327	104	223	3.3	2.3
कायचिकित्सा 1	367	171	196	31.5	19.7
कायचिकित्सा 2	313	148	165	13.2	7.4
कायचिकित्सा 3	342	156	186	3.8	2.1
वृक्कविज्ञान	137	36	101	5.5	4.1
नवजात	12	03	09	5.9	4.5
नवजात (एनआईसीयू)	47	17	30	7.8	5.1
नाभिकीय चिकित्सा	00	00	00	0.0	0.0
प्रसूति एवं स्त्रीरोग विज्ञान 1	09	02	07	0.2	0.2
प्रसूति एवं स्त्रीरोग विज्ञान 2	05	02	03	0.1	0.1
प्रसूति एवं स्त्रीरोग विज्ञान 3	01	01	00	0.0	0.0
कैंसर विज्ञान (मुख्य)	186	115	71	10.1	4.1
अस्थिरोगविज्ञान 1	11	00	11	0.4	0.4

अस्थिरोगविज्ञान 2	04	00	04	0.2	0.2
ऑटोलेरिन्जोलॉजी 1	02	00	02	0.1	0.1
ऑटोलेरिन्जोलॉजी 2	06	02	04	0.4	0.3
ऑटोलेरिन्जोलॉजी 3	07	05	02	1.2	0.3
बाल चिकित्सा 1	61	24	37	1.8	1.1
बाल चिकित्सा 2	64	22	42	3.4	2.3
बाल चिकित्सा 3	94	41	53	0.9	0.5
बालशल्य चिकित्सा	76	20	56	2.5	1.8
पी. एम. आर.	00	00	00	0.0	0.0
मनोचिकित्सा	00	00	00	0.0	0.0
फुफ्फुसीय चिकित्सा एवं निद्रा विकार	162	47	115	5.5	3.9
विकिरण चिकित्सा	01	01	00	0.1	0.0
संधिशोथ	00	00	00	0.0	0.0
शल्य चिकित्सा 1	49	14	35	3.0	2.2
शल्य चिकित्सा 2	33	09	24	1.9	1.4
शल्य चिकित्सा 3	18	05	13	1.3	0.9
शल्य चिकित्सा 4	40	12	28	1.5	1.1
मूत्ररोग विज्ञान	16	05	11	0.3	0.2
कुल (मुख्य)	2971	1193	1778	3.0	1.8
हृदविज्ञान	216	126	90	2.6	1.1
हृद वक्ष एवं वाहिका शल्य चिकित्सा	235	40	195	7.4	6.3
तंत्रिकाविज्ञान 1	86	24	62	6.6	4.8
तंत्रिकाविज्ञान 2	70	20	50	6.2	4.9
तंत्रिकाविज्ञान 3	68	13	55	4.4	3.6
तंत्रिका–शल्य चिकित्सा 1	105	21	84	5.2	4.2
तंत्रिका–शल्य चिकित्सा 2	97	19	78	5.5	4.5
तंत्रिका संवेदनाहरण	00	00	00	0.0	0.0
कुल (हृद तंत्रिका केन्द्र)	*877*	*263*	*614*	*4.6*	*3.2*

तालिका 4 शल्य चिकित्सा प्रक्रिया

विभाग	बड़े	छोटे		कुल
		अंतरंग रोगी मामले	बाह्य रोगी मामले	
शल्यचिकित्सा 1	873	362	3038	4273
शल्यचिकित्सा 2	1102	313	2855	4270
शल्यचिकित्सा 3	845	250	2682	3777
शल्यचिकित्सा 4	1278	679	3458	5415
जठरांत्र शल्य चिकित्सा एवं लिवर प्रतिरोपण	618	0	0	618

मूत्ररोग विज्ञान	1770	396	13051	15217
प्रसूति विज्ञान	1239	121	0	1360
ओटी इन–विट्रो फर्टिलाइजेशन	0	1557	0	1557
स्त्रीरोग विज्ञान 1	764	524	157	1445
स्त्रीरोग विज्ञान 2	1038	680	167	1885
स्त्रीरोग विज्ञान 3	616	437	124	1177
भ्रूण चिकित्सा	0	695	0	695
ऑटोलेरिन्जोलॉजी 1	1057	622	6490	8169
ऑटोलेरिन्जोलॉजी 2	851	640	6257	7748
ऑटोलेरिन्जोलॉजी 3	820	584	6012	7416
अस्थिरोग 1	1826	890	0	2716
अस्थिरोग 2	1677	1137	0	2814
बालशल्य चिकित्सा	2199	06	0	2205
आपात विभाग	0	144	0	144
प्लास्टिक सर्जरी	73	68	0	141
फुफ्फुसीय चिकित्सा एवं निद्रा विकार	6	0	0	06
एनेस्थिसियोलॉजी (पीड़ा क्लिनिक)	19	417	0	436
रुधिरविज्ञान	7	0	0	07
भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास	0	0	3242	3242
त्वचा रोग	0	0	9175	9175
कुल (मुख्य)	18678	10522	56708	85908

हृद वक्ष एवं वाहिका शल्य चिकित्सा	3909	0	0	3909
तंत्रिकाविज्ञान 1	1588	137	0	1725
तंत्रिकाविज्ञान 2	1551	131	0	1682
कुल (हृद तंत्रिका केन्द्र)	7048	268	0	7316

दंत शल्यचिकित्सा / सीडीईआर	546	08	18072	18626

तालिका 5. बाह्य रोगी उपस्थिति

काय चिकित्सा विभाग		नए रोगी	पुराने रोगी	कुल
काय चिकित्सा	**1.** सामान्य ओ पी डी	69825	82284	152109
	संधिशोथ	55	5266	5321
जरा चिकित्सा		13251	22587	35838
फुफ्फुसीय चिकित्सा एवं निद्रा विकार	**1.** सामान्य ओ पी डी	10887	20647	31534
	2. विशिष्टता क्लिनिक			
	क. निद्रा विकार	212	248	460
	ख. फेफड़ा कैंसर	313	1149	1462
	ग. आईएलडी– पीएएच	206	243	449
	घ. संयुक्त फुफ्फुसीय शल्य चिकित्सा	98	44	142

नाभिकीय चिकित्सा		2422	7568	9990
अंतःस्राविकी		14225	24731	38956
वृक्कविज्ञान	**1.** सामान्य ओ पी डी	9106	30426	39532
	2. विशिष्टता क्लिनिक			
	क. प्रतिरोपण	122	10322	10444
	ख. गुर्दा प्रत्यारोपण परामर्श	514	1125	1639
रुधिरविज्ञान		4281	13741	18022
जठरांत्र रोग विज्ञान		26226	30548	56774

बाल चिकित्सा	**1.** सामान्य ओ पी डी	41259	75282	116541
	2. विशिष्टता क्लिनिक			
	क. स्वस्थ शिशु	680	36	716
	ख. फॉलोअप टी बी	319	1919	2238
	ग. गुर्दा	291	2351	2642
	घ. बाल तंत्रिकाविज्ञान	1134	3080	4214
	ङ. बाल वक्ष	424	3151	3575
	च. उच्च जोखिम नवजात	718	2848	3566
	छ. आनुवंशिक एवं जन्म दोष	2991	1139	4130
	ज. अर्बुदविज्ञान	166	2346	2512
	झ. बाल विकास	747	1195	1942
	ञ. अंतःस्राविकी	463	1476	1939
	ट. न्यूरो सिस्टीसिर्कोसिस	350	1698	2048
	ठ. बाल कैंसर उत्तरजीवी	179	1114	1293
	ड. संधिशोथ	405	2813	3218
	ढ. मायोपैथी	403	1406	1809
	ण. बाल जठरांत्र रोग विज्ञान	481	1918	2399
त्वचा रोग	**1.** सामान्य ओ पी डी	31807	37441	69248
	2. विशिष्टता क्लिनिक			
	क. यौन संचारित रोग (त्वचा रोग विज्ञान सर्ज.)	894	1644	2538
	ख. एलर्जी	702	1883	2585
	ग. कुष्ठ रोग	333	2535	2868
	घ. पिगमेन्टेशन	689	2296	2985
	ङ. त्वचा शल्य चिकित्सा	823	1141	1964
मनोचिकित्सा	**1.** सामान्य ओ पी डी	18184	45353	63537
	2. विशिष्टता क्लिनिक			
	क. बाल–मार्गदर्शन	797	535	1332
शल्यक विभाग		नए रोगी	पुराने रोगी	कुल
शल्य चिकित्सा	**1.** सामान्य ओ पी डी	47064	36479	83543
	2. विशिष्टता क्लिनिक			
	क. प्लास्टिक सर्जरी	300	108	408

मूत्ररोग विज्ञान		19652	34946	54598
जठरांत्र संबंधी शल्य चिकित्सा		2876	7048	9924
बाल शल्य चिकित्सा	**1.** सामान्य ओ पी डी	7376	14902	22278
	2. विशिष्टता क्लिनिक			
	क. हाइड्रोसेफेलस	9	109	118
	ख. मूत्ररोग विज्ञान	407	2929	3336
	ग. पी.एस.टी.सी.	96	377	473
संवेदनाहरण	क. पीड़ा क्लिनिक	1303	1827	3130
	ख. पूर्व संवेदनाहरण क्लिनिक	7015	289	7304
अस्थि रोग	**1** सामान्य ओ पी डी	58717	78874	137591
	2. विशिष्टता क्लिनिक			
	क. फिजियोथेरेपी	20671	34875	55546
	ख. ऑक्यूपेशनल चिकित्सा	1530	8425	9955
	ग. हाइड्रोथेरैपी	1548	7046	8594
	घ. फॉलोअप	0	16193	16193
	ङ. ट्यूबरकुलोसिस	117	567	684
	च. स्कोलियोसिस	678	1582	2260
	छ. हाथ	1418	1753	3171
	ज. सी टी ई वी	199	2430	2629
	i. खेल	113	133	246
नाक, कान एवं गला रोग विज्ञान सहित आर यू ए एस	**1.** सामान्य ओ पी डी	40293	46173	86466
	2. विशिष्टता क्लिनिक			
	क. श्रवणविज्ञान	176	56	232
	ख. वाक	2519	3662	6181
	ग. श्रवण	442	409	851
	घ. वाणी	377	105	482
	ङ. वर्टिगो	165	123	288
	च. नासाविज्ञान	200	55	255
प्रसूति एवं स्त्री रोग विज्ञान	**1.** सामान्य ओ पी डी	38321	72674	110995
	2. विशिष्टता क्लिनिक			
	क. आई वी एफ	902	3238	4140
	ख. परिवार कल्याण	5108	3740	8848
	ग. प्रसव पूर्व	895	5167	6062
	घ. अंतःस्राविकी स्त्रीरोग विज्ञान	44	74	118
	ङ. उच्च जोखिम सगर्भता	2276	12725	15001
विकिरण चिकित्सा		454	1651	2105
भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास	**1.** सामान्य ओ पी डी	15174	22577	37751
	2. विशिष्टता क्लिनिक			
	क. प्रोस्थेटिक्स और ऑर्थोडोंटिक्स	5884	9138	15022
	ख. अक्षमता मूल्यांकन	0	166	166
	ग. ओपीडी (पीटी अनुभाग)	0	13334	13334
	घ. ओपीडी (ओटी अनुभाग)	0	10417	10417
	ङ. ओपीडी (एमएसडब्ल्यू)	0	3110	3110
अन्य	**1.** आपातकालीन/आपात	138297	41973	180270
	2. कर्मचारी स्वास्थ्य योजना	111719	85262	196981
	3. पोषण	7589	0	7589
महा योग		798906	1034250	1833156

6.2 आहारविज्ञान

मुख्य आहारविद्
डॉ. (श्रीमती) अलका मोहन चुटानी

वरिष्ठ आहारविद्
डॉ. (श्रीमती) परमीत कौर

आहारविद्
सुश्री स्वपना चतुर्वेदी

सहायक आहारविद्
सुश्री गुरदीप कौर
सुश्री मोनीता गहलोत
सुश्री वसुंधरा सिंह
सुश्री अंजलि भोला
सुश्री रेखा पाल

अंतरंग रोगियों, जिन्हें विभिन्न आहार परोसे गए (मुख्य अस्पताल एवं केन्द्र)

आहार का प्रकार	संख्या	आहार का प्रकार	संख्या
सामान्य आहार	3,78,341	प्राइवेट वार्ड हेतु आहार	81,617
अर्धठोस आहार	59,489	चिकित्सीय आहार	1,62,143
एन्टरल भोजन	46,617		
कुल	7,28,207		

बाह्य (ओपीडी) पोषण परामर्श

लिंग	ओपीडी रोगी	अंतरंग	कुल *
पुरुष	4138	2887	7025
महिला	3451	3945	7396
कुल	7589	6832	14421

*** बाल चिकित्सा वार्ड और केंद्र अंतः स्राविकी के अतिरिक्त**

शिक्षा
सीएनई (सतत पोषण शिक्षा)

1. खाद्य सुरक्षा पर अद्यतन, डॉ. अनीता मल्होत्रा, सह आचार्य, लक्ष्मीबाई कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, 10 जुलाई 2015.
2. डायबिटीज के प्रबंधन में मूल्य संवर्धित बाजरा – आधारित चिकित्सीय भोजन, डॉ. निर्मला यानेगी, प्रोफेसर, एफएसएन कॉलेज ऑफ रूरल होम साइंस, धारवाड़, 11 जनवरी 2016.
3. पोषण सप्ताह, 1–7 सितंबर 2015
   क. सुबह और शाम के स्टाफ के लिए हेल्दी ब्रेकफास्ट रेसिपी पर मास्टर कुक प्रतियोगिता (रसोइयां और मसालची पदाधिकारी)
   ख. स्टाफ में पोषण शिक्षा प्रदान करने के लिए क्विज प्रतियोगिता।
   ग. अल्पकालिक प्रशिक्षण छात्रों के लिए स्वच्छ और हरित भारत पर स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई।
   काया कल्प
1. विभाग में प्रमुख रसोई घर के सभी क्षेत्रों के साथ साथ निम्नलिखित क्षेत्रों में कर्मचारियों के लिए विकसित स्वच्छता/व्यक्तिगत स्वच्छता की जांचसूची :

क. कर्मचारी की व्यक्तिगत स्वच्छता च. खाना पकाने के सभी क्षेत्र ख. ट्रॉली की दैनिक साफ–सफाई छ. विभाग का बाहरी क्षेत्र ग. कार्यालय
ज. गैस बैंक क्षेत्र घ. वॉश रूम झ. स्टाफ रूम ङ अस्पताल की पेंट्रीज

2. निम्नलिखित क्षेत्रों के लिए विकसित साइनेज बोर्ड
क. खाना पकाने का क्षेत्र घ. गैस बैंक ख. चपाती मशीन ङ. स्टाफ शौचालय ग. आर. ओ. वॉटर च. ट्रॉली आउट टाइम

3. कर्मचारी द्वारा कैप, ग्लव्स और हेड गीयर्स पहनने की प्रथा लागू करने की शुरूआत की गई।

कम्प्यूटरीकरण

आहार भंडार के लिए सभी वस्तुओं को सभी स्टॉक /इंडेंट, प्राप्त करने और जारी करने का कंप्यूटरीकरण पूरा किया गया। इसके अलावा, डाइट शीट्स इंडेंट की गईं, जांच की गई और ऑनलाइन संकलन भी किया गया है।

प्रशिक्षण

6–11 अप्रैल 2015; 13–18 अप्रैल 2015, 20–25 अप्रैल 2015 और 27 अप्रैल – 2 मई 2015 के 4 बैचों में 'नेशनल स्किल सर्टिफिकेशन' योजना के लिए पूसा इंस्टीट्यूट में 24 रसोइयों और मसालची पदाधिकारियों को भेजा गया।

अन्य

1. विभाग के लिए एफएसएसएआई पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू की गई।
2. निजी वार्ड के नाश्ते के लिए नई व्यंजनों की शुरूआत की।
3. डायलिसिस यूनिट के लिए नए व्यंजनों की शुरूआत की।
4. विभिन्न भोजन के लिए भोजन परोसने का समय बदला गया।

6.3 नर्सिंग सेवाएं

मुख्य नर्सिंग अधिकारी (कार्यकारी)
सुश्री सरिता मेहता (9 जून 2014 से)
⇩
परिचर्या अधीक्षक : 5
⇩
उप परिचर्या अधीक्षक : 36
सहायक परिचर्या अधीक्षक : 169
⇩
स्टाफ नर्स ग्रेड 1 : 894
⇩
स्टाफ नर्स ग्रेड 2 : 2789

नर्सिंग सेवा एम्स का एक अभिन्न अंग है, जिसका उद्देश्य रोगी और समुदाय को उच्च गुणवत्ता नर्सिंग देखभाल प्रदान करना है। पेशेवर नर्सें एक ऐसे परिवेश में कार्य करती हैं जो कि अस्पताल में संबद्ध विभागों के अन्य सदस्यों के साथ व्यापक रोगी सेवाएं प्रदान करने में व्यावसायिकता और विशेषज्ञता को प्रोत्साहित करती हैं।

स्टाफ संख्या

अ. भा. अ. सं. में मुख्य कार्यबल का गठन विभिन्न विभागों से प्रशिक्षित व्यावसायिक नर्सों को शामिल करते हुए किया जाता है। एस आई यू (स्टाफ निरीक्षण एकक) मानकों पर स्टाफिंग नर्सिंग सेवाएं आधारित होती है।

सतत नर्सिंग शिक्षा

नर्सिंग स्टाफ शिक्षा के क्षेत्र में नर्सिंग देखभाल के स्तर में सुधार करने के लिए लगातार नर्सों के व्यावहारिक ज्ञान को अद्यतन करने के लिए सेवाकालीन और सतत शिक्षा कार्यक्रम द्वारा वर्ष भर किया जाता है।

नर्सिंग सेवाकालीन शिक्षा कार्यक्रम

सरलीकरणकर्ता : सुश्री सरिता मेहता, सीएनओ

परामर्शदाता : सुश्री सुमन आर. कश्यप, डीएनएस

शिक्षक

सुश्री रिबेका जे. हेराल्ड, सिस्टर ग्रेड 1 (एचआर)

सुश्री जेसी शाजी पॉल, सिस्टर ग्रेड 1

सुश्री पूनम आनंद, सिस्टर ग्रेड 1

अच्छी तरह से संरचित, सेवाकालीन शिक्षा कार्यक्रम जनवरी 2011 के बाद से आयोजित किया गया। प्रारंभ में, यह प्रत्येक एक घंटे की सप्ताह में दो बार की कक्षाओं के साथ शुरू किया गया था। बाद में इसे सप्ताह में तीन बार के लिए बढ़ा दिया गया। प्रति सप्ताह रोगी के बिस्तर के पास कार्य करने वाली नर्सों (सिस्टर ग्रेड ।। और सिस्टर ग्रेड ।) के लिए दो कक्षाओं का आयोजन किया गया, जबकि एक सप्ताह में एक कक्षा वरिष्ठ नर्सों (सिस्टर प्रभारी और उपरोक्त) के लिए है ।

मुख्य अस्पताल में विभिन्न विभागों से सेवाकालीन शिक्षा साप्ताहिक कक्षाओं में कुल 2115 नर्सों ने (सीएनओ 1, एनएस 1, डीएनएस 8, एएनएस 225, सिस्टर ग्रेड प्रथम की 782, सिस्टर ग्रेड ।। की 1098) भाग लिया।

वर्षों के दौरान निम्नलिखित व्याख्यान दिए गए थे।

1. सिस्टर प्रभारी / एएनएस / डीएनएस / एनएस / सीएनओ के लिए कक्षाएं

- नैदानिक क्षेत्र में स्टाफिंग
- संघर्ष प्रबंधन
- व्यक्तित्व विकास
- सुरक्षित रक्ताधान अभ्यास
- मधुमेह
- एम्स ट्रांसफॉर्मेशन के लिए संवेदनशील कार्यक्रम
- संधि शोथ
- संचार कौशल
- डेंगू बुखार के साथ रोगी का प्रबंधन
- क्लेव कनेक्टर्स का उपयोग
- इंफ्लुएंजा के साथ रोगी का प्रबंधन
- अंतः शिरा फ्लूड थैरेपी
- घाव प्रबंधन
- उच्च रक्तचाप के साथ रोगी के प्रबंधन
- समस्या को सुलझाना

2. **बेडसाइड नर्सों के लिए कक्षाएं**

- सुरक्षित दवा प्रशासन
- इंजेक्शन क्लेक्सेन प्रशासन
- सुरक्षित रक्तधान अभ्यास
- मधुमेह
- संधि शोथ
- डेंगू बुखार के साथ रोगी का प्रबंधन
- इंफ्लुएंजा के साथ रोगी का प्रबंधन
- अंतः शिरा फ्लूड थैरेपी
- घाव प्रबंधन
- उच्च रक्तचाप के साथ रोगी के प्रबंधन

विभिन्न बैचों में उपरोक्त विषयों पर कुल **167 व्याख्यान** लिए गए थे।

बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपीएचसीई) मुख्य अस्पताल से नर्सों के लिए मासिक कार्यशाला वृद्धावस्था चिकित्सा विभाग के सहयोग से आयोजित की गई। नर्सिंग शिक्षकों द्वारा कार्यशाला में सत्रों की भी सुविधा है। पांच कार्यशालाओं का आयोजन किया गया और 148 नर्सों को प्रशिक्षित किया गया।

एक सुनिश्चित उन्मुखीकरण कार्यक्रम 2015–17 के बी. एससी पीसी बैचों के लिए आयोजित किया गया।

स्वयं के कार्य क्षेत्र में नर्सिंग देखभाल के मानकों का उन्नयन करने के लिए और व्यावहारिक मुद्दों को हल करने का मुख्य अस्तपाल के ए से डी विंग्स में नैदानिक शिक्षण शुरू किया गया। यह प्रयास नैदानिक क्षेत्रों के बेडसाइड नर्सों और पर्यवेक्षी नर्सिंग कर्मियों की सक्रिय भागीदारी के साथ 1 जनवरी 2015 को शुरू किया गया। 31 मार्च 2016 तक आयोजित सत्रों की संख्या इस प्रकार हैं :

- सुश्री रिबेका हेराल्ड के पर्यवेक्षण के तहत एबी विंग में 175 सत्र।
- सुश्री जेसी शाजी पॉल के पर्यवेक्षण के तहत सी विंग में 86 सत्र।
- सुश्री पूनम आनंद के पर्यवेक्षण के तहत डी विंग में 65 सत्र।

नर्सिंग में उच्च अध्ययन

एम्स में नर्सिंग सेवाओं के उच्च अध्ययन के लिए प्रचुर अवसर सुविधा से नर्सिंग देखभाल में सुधार लाने पर ध्यान केंद्रित। नियमित सेवाओं के 5 वर्ष के बाद, नर्सें पूर्ण वेतन के साथ उच्च अध्ययन को आगे बढ़ाने के लिए पात्र हैं। वर्ष के दौरान बेसिक बी. एससी नर्सिंग प्रोग्राम में 14 नर्सों ने और 4 ने एम. एससी नर्सिंग प्रोग्राम में भाग लिया।

सम्मेलन और कार्यशाला में भाग लिया

1. 12 अप्रैल 2015 : सीएनई, ओंकोलॉजी नर्सिंग में बेसिक, आईआरसीएच सेमिनार रूम : 6 प्रतिभागी।
2. 19 अप्रैल 2015 : वरिष्ठ नागरिकों के लिए दूसरा वार्षिक वॉकथॉन और कार्यशाला : 25 प्रतिभागी।
3. 21 अप्रैल 2015 : सीएनई, कंप्यूटरीकरण कार्यशाला, सीएमईटी : 21 प्रतिभागी।
4. 23 अप्रैल 2015 : बुजुर्ग के स्वास्थ्य देखभाल के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपीएचसीई), बुजुर्ग के देखभाल में नर्सों का प्रशिक्षण, वृद्धावस्था चिकित्सा और सेवाकालीन शिक्षा इकाई, मुख्य अस्पताल : 28 प्रतिभागी।
5. 14–16 मई 2015 : जीएफएटीएम राउंड 7 परियोजना के तहत नर्सों के लिए टीबी प्रशिक्षण, नाइटटिंगले इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, नोएडा, उ. प्र. : 3 प्रतिभागी।
6. 16 मई 2015 : टर्मिनल स्टरलाइजेशन पर विज्ञान, द्वारका, नई दिल्ली : 3 प्रतिभागी।
7. 18 मई 2015 : सीएनई, कंप्यूटरीकरण कार्यशाला, सीएमईटी : 36 प्रतिभागी।
8. 28 मई 2015 : बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपीएचसीई), बुजुर्ग के देखभाल में नर्सों का प्रशिक्षण, वृद्धावस्था चिकित्सा और सेवाकालीन शिक्षा इकाई, मुख्य अस्पताल : 34 प्रतिभागी।
9. 28–30 मई 2015 : जीएफएटीएम राउंड 7 परियोजना के तहत नर्सों के लिए टीबी प्रशिक्षण, नाइटेंगल इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, नोएडा, उ. प्र. : 1 प्रतिभागी।
10. 4–6 जून : जीएफएटीएम राउंड 7 परियोजना के तहत नर्सों के लिए टीबी प्रशिक्षण, नाइटेंगल इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, नोएडा, उ. प्र. : 3 प्रतिभागी।

11. 18–20 जून 2015 : जीएफएटीएम राउंड 7 परियोजना के तहत नर्सों के लिए टीबी प्रशिक्षण, नाइटेंगल इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, नोएडा, उ. प्र. : 2 प्रतिभागी।

12. 18 जून 2015 : बुजुर्ग के स्वास्थ्य देखभाल के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपीएचसीई), बुजुर्ग के देखभाल में नर्सों का प्रशिक्षिण, वृद्धावस्था चिकित्सा और सेवाकालीन शिक्षा इकाई, मुख्य अस्पताल : 26 प्रतिभागी।

13. 22 जून 2015 : सीएनई, कंप्यूटरीकरण कार्यशाला, सीएमईटी : 30 प्रतिभागी।

14. 22 – 24 जून 2015 : जीएफएटीएम राउंड 7 परियोजना के तहत नर्सों के लिए टीबी प्रशिक्षण, नाइटेंगल इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, नोएडा, उ. प्र. : 2 प्रतिभागी।

15. 6–8 जुलाई 2015 : जीएफएटीएम राउंड 7 परियोजना के तहत नर्सों के लिए टीबी प्रशिक्षण, नाइटेंगल इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, नोएडा, उ. प्र. : 2 प्रतिभागी।

16. 12 जुलाई 2015 : कैंसर विज्ञान कार्यशाला, आईआरसीएच सेमिनार रूम : 22 प्रतिभागी।

17. 13–15 जुलाई 2015 : जीएफएटीएम राउंड 7 परियोजना के तहत नर्सों के लिए टीबी प्रशिक्षण, नाइटेंगल इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, नोएडा, उ. प्र. : 2 प्रतिभागी।

18. 21–25 जुलाई 2015 : प्रभावी रोगी देखभाल के लिए नर्सिंग में उन्नत शैक्षिक प्रौद्योगिकी, टीएनएआई, ग्रेटर नोएडा : 2 प्रतिभागी।

19. 22 जुलाई 2015 : सीएनई, कंप्यूटरीकरण कार्यशाला, सीएमईटी : 29 भागीदारी।

20. 23 जुलाई 2015 : बुजुर्ग के स्वास्थ्य देखभाल के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपीएचसीई), बुजुर्ग के देखभाल में नर्सों का प्रशिक्षण, वृद्धावस्था चिकित्सा और सेवाकालीन शिक्षा इकाई, मुख्य अस्पताल : 29 प्रतिभागी।

21. 29–31 जुलाई 2015 : जीएफएटीएम राउंड 7 परियोजना के तहत नर्सों के लिए टीबी प्रशिक्षण, नाइटेंगल इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, नोएडा, उ. प्र. : 1 प्रतिभागी।

22. 2–6 अगस्त 2015 : पूर्व सम्मेलन कार्यशाला, आपातकालीन स्वास्थ्य देखभाल में प्रौद्योगिकी के लागत प्रभावी उपयोग, एम्स, नई दिल्ली : 10 प्रतिभागी।

23. 3–7 अगस्त 2015 : आत्म रक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम, एम्स, नई दिल्ली : 25 प्रतिभागी।

24. 6–8 अगस्त 2015 : सम्मेलन, आपातकालीन स्वास्थ्य देखभाल में प्रौद्योगिकी लागत प्रभावी उपयोग, एम्स, नई दिल्ली 25 प्रतिभागी।

25. 10–12 अगस्त 2015 : जीएफएटीएम राउंड 7 परियोजना के तहत नर्सों के लिए टीबी प्रशिक्षण, नाइटेंगल इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, नोएडा, उ. प्र. : 2 प्रतिभागी।

26. 12 अगस्त 2015 : मृतक अंग और ऊतक दान पर नर्सों का प्रशिक्षण, ओआरबीओ, एम्स : 6 प्रतिभागी।

27. 24 अगस्त 2015 : बुजुर्ग के स्वास्थ्य देखभाल के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपीएचसीई), बुजुर्ग के देखभाल में नर्सों का प्रशिक्षण, वृद्धावस्था चिकित्सा और सेवाकालीन शिक्षा इकाई, मुख्य अस्पताल : 31 प्रतिभागी।

28. 25 अगस्त 2015 : सीएनई, कंप्यूटरीकरण कार्यशाला, सीएमईटी : 24 प्रतिभागी।

29. 26 अगस्त 2015 : मृतक अंग और ऊतक दान पर नर्सों का प्रशिक्षण, ओआरबीओ, एम्स : 6 प्रतिभागी।

30. 1–3 सितंबर 2015 : जीएफएटीएम राउंड 7 परियोजना के तहत नर्सों के लिए टीबी प्रशिक्षण, नाइटेंगल इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, नोएडा, उ. प्र. : 2 प्रतिभागी।

31. 10 सितंबर 2015 : मृतक अंग और ऊतक दान पर नर्सों का प्रशिक्षण, ओआरबीओ, एम्स : 7 प्रतिभागी।

32. 13 सितंबर 2015 : सीएनई, ओंकोलॉजी नर्सिंग में बेसिक, एम्स : 10 प्रतिभागी।

33. 17–19 सितंबर 2015 : जीएफएटीएम राउंड 7 परियोजना के तहत नर्सों के लिए टीबी प्रशिक्षण, नाइटेंगल इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, नोएडा, उ. प्र. : 2 प्रतिभागी।

34. 19 सितंबर 2015 : कार्यशाला, व्यक्तिगत विकास और संचार कौशल, एम्स, नई दिल्ली : 7 प्रतिभागी।

35. 23 सितंबर 2015 : मृतक अंग और ऊतक दान पर नर्सों का प्रशिक्षण, ओआरबीओ, एम्स : 6 प्रतिभागी।

36. 30 सितंबर 2015 : सीएनई, कंप्यूटरीकरण कार्यशाला, सीएमईटी : 12 प्रतिभागी।
37. 3–4 अक्तूबर : भारत – अमेरिका आपातकालीन चिकित्सा सम्मेलन, एम्स : 4 प्रतिभागी।
38. 7 अक्तूबर 2015 : कार्यशाला, अनुसंधान नैतिकता और प्रकाशन (आरईएपी), एम्स, नई दिल्ली : 10 प्रतिभागी।
39. 14 अक्तूबर 2015 : कार्यशाला, व्यक्तित्व विकास और संचार कौशल, एम्स, नई दिल्ली : 23 प्रतिभागी।
40. 15 अक्तूबर 2015 : मृतक अंग और ऊतक दान पर नर्सों का प्रशिक्षण, ओआरबीओ, एम्स : 7 प्रतिभागी।
41. 19 अक्तूबर 2015 : सीएनई, कंप्यूटरीकरण कार्यशाला, एम्स, नई दिल्ली : 32 प्रतिभागी।
42. 26–28 अक्तूबर 2015 : बाल आपात स्थिति, एम्स, नई दिल्ली : 7 प्रतिभागी।
43. 29 अक्तूबर 2015 : न्यूरो ट्रॉमा के साथ रोगी की संपूर्ण देखभाल में नर्सों की भूमिका, एम्स, नई दिल्ली : 16 प्रतिभागी।
44. 28 अक्तूबर 2015 : मृतक अंग और ऊतक दान पर नर्सों का प्रशिक्षण, ओआरबीओ, एम्स : 7 प्रतिभागी।
45. 2–4 नवंबर 2015 : बुजुर्ग तंत्रिका विज्ञान पर नर्सिंग अद्यतन, एम्स, नई दिल्ली, : 19 प्रतिभागी।
46. 5–7 नवंबर 2015 : राष्ट्रीय कैंसर विज्ञान सम्मेलन, एम्स, नई दिल्ली : 21 प्रतिभागी।
47. 7 नवंबर 2015 : कार्यशाला, अनुसंधान नैतिकता और प्रकाशन (आरईएपी), एम्स, नई दिल्ली : 11 प्रतिभागी।
48. 14–15 नवंबर 2015 : अस्पताल अपशिष्ट प्रबंधन और संक्रमण नियंत्रण पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, एम्स, नई दिल्ली : 30 प्रतिभागी।
49. 15 नवंबर 2015 : स्टोमा केयर वर्कशॉप, आईआरसीएच, एम्स, नई दिल्ली : 3 प्रतिभागी।
50. 16 नवंबर 2015 : मृतक अंग और ऊतक दान पर नर्सों का प्रशिक्षण, ओआरबीओ, एम्स : 5 प्रतिभागी।
51. 16 –21 नवंबर 2015 : नर्सिंग प्रशासकों के लिए गुणवत्ता प्रबंधन कार्यक्रम, नोएडा, उ. प्र. : 2 प्रतिभागी।
52. 21 नवंबर 2015 : सीएनई और कंप्यूटरीकरण कार्यशाला, एम्स, नई दिल्ली : 27 प्रतिभागी।
53. 27 नवंबर 2015 : मृतक अंग और ऊतक दान पर नर्सों का प्रशिक्षण, ओआरबीओ, एम्स : 7 प्रतिभागी।
54. 28 नवंबर 2015 : कार्यशाला, व्यक्तित्व विकास और संचार कौशल, एम्स, नई दिल्ली : 12 प्रतिभागी।
55. 27–29 नवंबर 2015 : जरा विज्ञान और वृद्धा चिकित्सा पर तीसरा राष्ट्रीय सम्मेलन, लोधी रोड, नई दिल्ली : 30 प्रतिभागी।
56. 5 दिसंबर 2015 : कार्यशाला, अनुसंधान नैतिकता और प्रकाशन (आरईएपी), एम्स, नई दिल्ली : 6 प्रतिभागी।
57. 10 दिसंबर 2015 : मृतक अंग और ऊतक दान पर नर्सों का प्रशिक्षण, ओआरबीओ, एम्स : 7 प्रतिभागी।
58. 17 दिसंबर 2015 : मृतक अंग और ऊतक दान पर नर्सों का प्रशिक्षण, ओआरबीओ, एम्स : 7 प्रतिभागी।
59. 19 दिसंबर 2015 : कंप्यूटरीकरण कार्यशाला, एम्स, नई दिल्ली : 33 प्रतिभागी।
60. 6 जनवरी 2016 : कार्यशाला, अनुसंधान नैतिकता और प्रकाशन (आरईएपी), एम्स, नई दिल्ली : 4 प्रतिभागी।
61. 17 जनवरी 2016 : युवा पीढ़ी के माध्यम से बुजुर्ग सशक्तीकरण – सक्रिय एजिंग को बढ़ावा देने के लिए भारत स्वास्थ्य जागरूकता योजना, राजघाट, नई दिल्ली : 29 प्रतिभागी।
62. 20 जनवरी 2016 : मृतक अंग और ऊतक दान पर नर्सों का प्रशिक्षण' सेमिनार रूम में ओआरबीओ, एम्स। कुल 07 प्रतिभागी।
63. 22–23 जनवरी 2016 : नर्सों के लिए एम्स अल्ट्रासांउड ट्रॉमा लाइफ सपोर्ट कोर्स (एयूटीएलएसएन), एम्स, नई दिल्ली : 10 प्रतिभागी।
64. 27 जनवरी 2016 : सीएनई, कंप्यूटरीकरण कार्यशाला, एम्स, नई दिल्ली, 9 प्रतिभागी।
65. 28 जनवरी 2016 : मृतक अंग और ऊतक दान पर नर्सों का प्रशिक्षण' ओआरबीओ, एम्स : 7 प्रतिभागी।
66. 13 फरवरी 2016 : कार्यशाला, अनुसंधान नैतिकता और प्रकाशन (आरईएपी), एम्स, नई दिल्ली : 10 प्रतिभागी।
67. 13 फरवरी 2016 : स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों के लिए आवश्यक जीवन कौशल, एम्स, नई दिल्ली : 7 प्रतिभागी।

68. 14 फरवरी 2016 : अस्पतालों के लिए आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण, साकेत, नई दिल्ली : 1 प्रतिभागी।

69. 12–14 फरवरी 2016 : इंडियन एसोसिएशन ऑफ न्यूनेटल नर्सेज के लिए राष्ट्रीय सम्मेलन, कोयंबटूर, तमिलनाडु : 3 प्रतिभागी।

70. 15–17 फरवरी 2016 : नैदानिक नर्सिंग अद्यतन, संक्रामक रोग और उभरता संक्रमण, एम्स, नई दिल्ली : 20 प्रतिभागी।

71. 17–18 फरवरी 2016 : नर्सों के लिए उन्नत अल्ट्रासांउड ट्रॉमा लाइफ सर्पोट कोर्स, एम्स, नई दिल्ली : 6 प्रतिभागी।

72. 22–24 फरवरी 2016 : आईसीयू में मानवीय देखभाल – नर्सोंकी भूमिका, एम्स, नई दिल्ली : 8 प्रतिभागी।

73. 23–27 फरवरी 2016 : नर्सिंग प्रशासकों के लिए गुणवत्ता प्रबंधन कार्यक्रम, नोएडा, उ. प्र. : 2 प्रतिभागी।

74. 27 फरवरी 2016 : सीएनई, कंप्यूटरीकरण कार्यशाला, एम्स, नई दिल्ली : 12 प्रतिभागी।

75. 1–3 मार्च 2016 : ओंकोलॉजी नर्सिंग अद्यतन, एम्स, नई दिल्ली, 10 प्रतिभागी।

76. 5 मार्च 2016 : मनोरोग पुनर्वास सेवाओं में नर्सों की भूमिका पर राष्ट्रीय स्तर कार्यशाला, निम्हांस, बैंगलोर : 1 प्रतिभागी।

77. 9–11 मार्च 2016 : तनाव प्रबंधन पर मनोरोग नर्सिंग अद्यतन, एम्स, नई दिल्ली : 15 प्रतिभागी।

78. 17–19 मार्च 2016 : हृद विज्ञान / सीटीवीएस नर्सिंग अद्यतन, एम्स, नई दिल्ली : 12 प्रतिभागी।

79. 17 मार्च 2016 : मृतक अंग और ऊतक दान पर नर्सों का प्रशिक्षण, ओआरबीओ, एम्स : 7 प्रतिभागी।

80. 26 मार्च 2016 : कार्यशाला, अनुसंधान नैतिकता और प्रकाशन (आरईएपी), एम्स, नई दिल्ली : 7 प्रतिभागी।

81. 28 मार्च –1 अप्रैल 2016 : ट्रांसफॉर्मिंग नर्सिंग एजुकेशन प्रैक्टिस, आरएके कॉलेज ऑफ नर्सिंग, नई दिल्ली : 1 प्रतिभागी।

82. 28 मार्च – 2 अप्रैल 2016 : नर्सिंग प्रशासकों के लिए प्रबंधन विकास कार्यक्रम, नोएडा, उ. प्र. : 2 प्रतिभागी।

83. 28 – 30 मार्च 2016 : गुणवत्ता सुधार के साथ नवजात नर्सिंग आधारित सुविधा, एम्स, नई दिल्ली : 6 प्रतिभागी।

प्रतिभागियों को छोड़कर परामर्शदाता और विशेषज्ञों के रूप में वर्ष के दौरान कार्यशाला / सम्मेलन में कुल 935 नर्सिंग कर्मियों (सीएनओ 1, डीएनएस10, एएनएस 86, सिस्टर ग्रेड 1 301, सिस्टर ग्रेड 2 538) ने भाग लिया।

पिछले वर्ष आयोजित विभिन्न कार्यशालाओं, सीएमई और राष्ट्रीय सम्मेलनों में विभिन्न विभागों की नर्सों ने स्किल स्टेशन एवं हैंड्स ऑन ट्रेनिंग सत्रों हेतु समन्वयकों के रूप में भाग लिया एवं कार्य निष्पादन किया।

विभिन्न शिक्षण संस्थानों से आंगतुक

भारत के विभिन्न शैक्षिक संस्थानों के समूहों के लिए (कुल 351 आगंतुक) एम्स के नर्सिंग एजुकेटर्स के अभिविन्यास संचालित कार्यक्रमों की सूची नीचे दी गई है।

1. टेरना कॉलेज ऑफ नर्सिंग, 14 अप्रैल 2015 (35 बी एससी नर्सिंग अंतिम वर्ष छात्र और व्याख्याता)।
2. बेल – एयर कॉलेज ऑफ नर्सिंग, 16 अप्रैल 2015 (बी. एससी नर्सिंग अंतिम वर्ष 37 छात्र और व्याख्याता)।
3. एमएस रमैय्या इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एजुकेशन एंड रिसर्च, 28 अप्रैल 2015 (बी.एससी नर्सिंग अंतिम वर्ष 35 छात्र और व्याख्याता)।
4. सेवा मंडल एजुकेशन सोसाइटी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, मुंबई, 3 सितंबर 2015 (बी.एससी नर्सिंग अंतिम वर्ष 20 छात्र और व्याख्याता)।
5. कॉलेज ऑफ नर्सिंग, क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, वेल्लोर, 8 सितंबर 2015 (एम.एससी नर्सिंग अंतिम वर्ष 25 छात्र और व्याख्याता)।
6. निमहांस, कॉलेज ऑफ नर्सिंग, बैंगलोर, 17 दिसंबर 2015 (बी.एससी नर्सिंग अंतिम वर्ष 35 छात्र और व्याख्याता)।
7. होली स्प्रिट इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एजुकेशन, मुंबई, 4 फरवरी 2015 (बी.एससी नर्सिंग अंतिम वर्ष 29 छात्र और व्याख्याता)।

8. आर आर अस्पताल, नई दिल्ली, 11 फरवरी 2016 (17 पोस्ट–बेसिक नर्सिंग छात्र और व्याख्याता)।
9. बैंगलोर बैपटिस्ट अस्पताल, कॉलेज ऑफ नर्सिंग, बैंगलोर, 23 फरवरी 2016 (बी.एससी नर्सिंग अंतिम वर्ष 35 छात्र और व्याख्याता)।
10. स्व. रतिभाई प्रभुदास पटेल नर्सिंग कॉलेज, आनंद जिला, गुजरात, 3 मार्च 2016 (बी.एससी नर्सिंग अंतिम वर्ष 34 छात्र और व्याख्याता)।
11. कॉलेज ऑफ नर्सिंग, सेंट मारथा हॉस्पिटल, बैंगलोर, 1–15 मार्च 2016 (बी.एससी नर्सिंग अंतिम वर्ष 35 छात्र और व्याख्याता)।
12. आरडीओ कॉलेज ऑफ नर्सिंग, लैमडेंग, इम्फाल पश्चिम, मणिपुर, 17 मार्च 2016 (जनरल नर्सिंग मिडवाइफरी/ पोस्ट बी.एस.सी. नर्सिंग के अंतिम वर्ष के 26 छात्र और व्याख्याता)।
13. एसएसकेएम कॉलेज ऑफ नर्सिंग, वेस्ट बंगाल गर्वमेंट, कोलकाता, 22 मार्च 2016 (एम.एससी नर्सिंग अंतिम वर्ष 4 छात्र)।

नर्सिंग सूचना विज्ञान विशेषज्ञ (एनआईएस)

एम्स में कंप्यूटरीकरण की ओर से प्रमुख बल, अर्थात अस्पताल सूचना प्रणाली (एचआईएस) और इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड (ईएमआर) में, नैदानिक नर्सों के एक नए समूह को प्रशिक्षित किया और नर्स सूचना विज्ञान विशेषज्ञ (एनआईएस) के रूप में नियुक्त किया जो इस प्रयास की दिशा में एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करते हैं। एनआईएस नर्सिंग में उभरते हुए विशेषता, नर्सिंग और मुख्य उद्देश्यों के साथ सूचना विज्ञान के एक एकीकरण में से एक है :

1. एचआईएस में मैनुअल कार्यप्रवाह के सुचारू संक्रमण में मदद करने के लिए।
2. नर्सों, डॉक्टरों और तकनीशियनों के लिए कार्यशालाओं और प्रशिक्षण सत्रों की सुविधा के लिए।
3. एम्स में उपयोग किए गए नई तकनीक/ सॉफ्टवेयर कार्यक्रमों के बारे में ज्ञान अद्यतन करने के लिए।
4. रोगियों / रिश्तेदारों के संतुष्टि स्तर को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण देखभाल क्षेत्र में डॉक्टरों और रोगियों के बीच संचार अंतर को पाटने के लिए।
5. उन्नयन कार्यक्रमों में सहायता के लिए रोगी देखभाल और परिणामों में सुधार के लिए।

6.4 संक्रमण नियंत्रण नर्सिंग गतिविधियां

संकाय प्रभारी

डॉ. आरती कपिल, सूक्ष्मजैविकी

संक्रमण नियंत्रण नर्स

सुश्री एल्प्रेडा एम. विक्टर सुश्री एवंगेलिन वसंत सुश्री श्रीनित्या राघवन

वार्षिक स्वास्थ्य देखभाल संघ संक्रमण (एचसीएआई) दर

क्र. सं.	क्षेत्र	कुल प्रमुख सर्जरी/ प्रवेश	एचसीएआई (प्रतिशत)
1	सर्जिकल यूनिट	15,906	497 (3.1)
2	आईसीयू	3913	641 (16.3)

संयुक्त एचसीएआई दर : $\frac{(497 + 641) \times 100}{15906 + 3913} = 5.7\%$

1. पांच एचआईसीसीओएम (अस्पताल संक्रमण नियंत्रण समिति) का आधे दिन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया और 157 नर्सिंग कर्मियों को प्रशिक्षित किया।
2. संक्रमण नियंत्रण नर्स (आईसीएन) ने कॉलेज ऑफ नर्सिंग, एम्स द्वारा आयोजित 'संक्रामक रोग और उभरते संक्रमण' पर नैदानिक नर्सिंग अद्यतन के लिए 30 सेवाकालीन नर्सिंग कर्मियों के एक समूह के लिए संक्रमण नियंत्रण नर्स की भूमिका पर एक सत्र लिया।
3. मुख्य अस्पताल में क्षेत्रों को चार संक्रमण नियंत्रण नर्सों के बीच विभाजित किया गया।
4. एचआईसीसीओएम : आईसीएन द्वारा दैनिक आधार पर और जब भी जरूरत महसूस की गई, अलग–अलग क्षेत्र के राउंड में नैदानिक क्षेत्रों में ऑनसाइट प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया और समस्याओं के संक्रमण नियंत्रण पर कोर कमेटी के साथ चर्चा के बाद सुधारा गया था।
5. निगरानी गतिविधियां : हर महीने लिए गए पर्यावरण संवर्धन और स्टेरिलिटी नमूने और सभी संबंधित क्षेत्रों के लिए दर्ज की गई और वितरित की गई रिपोर्ट और अस्पताल नीति के अनुसार उचित प्रोटोकॉल सुदृढ़ करने के लिए विचार–विमर्श की निगरानी।
6. सभी शल्य चिकित्सा इकाइयों और सभी आईसीयू के लिए हर महीने डेटा विश्लेषण किया और सभी शल्य चिकित्सा इकाइयों और आईसीयू के संबंधित प्रोफेसर प्रभारी के पास वितरित की गई।
7. शल्य चिकित्सा इकाई और आईसीयू की वार्षिक डेटा विश्लेषण की गणना की गई और चिकित्सा अभिलेख अनुभाग के साथ अस्पताल प्रशासन से प्रोफेसर प्रभारी, सूक्ष्मजीव विज्ञान अस्पताल संक्रमण नियंत्रण, चिकित्सा अधीक्षक, मुख्य नर्सिंग अधिकारी और अधिकारी प्रभारी, संक्रमण नियंत्रण संक्रमण नियंत्रण के पास वितरित किए गए।
8. राउंड सीनियर रेजीडेंट, अस्पताल प्रशासन, स्वच्छता निरीक्षक और डीएनएस तल पर्यवेक्षक के साथ जैव चिकित्सा अपशिष्ट सरप्राइज द्वि–साप्ताहिक आयोजित किए जाते हैं।
9. एचआईसीसीओएम प्रशासनिक राउंड संक्रमण नियंत्रण कोर समिति के साथ समय पर आयोजित किए जाते हैं, पहचान की समस्याओं पर चर्चा की और सुधारा गया है।

10. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत 'काया–कल्प' – स्वच्छ अस्पताल अभियान शुरू किया गया। स्वच्छ और हरित एम्स अभियान के दिशा निर्देशों को तैयार किया गया। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान द्वारा इन अनोखे दिशा–निर्देशों के परिवर्तन और इन्हें अपनाने के एजेंट द्वारा काया–कल्प परिवर्तन से यह अभियान नेतृत्व की ओर अग्रसर है। यहां 8 महत्वपूर्ण परिणाम क्षेत्र हैं। आईसीएन केआरए 6 : संक्रमण नियंत्रण और केआरए 5 : जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन के भाग थे। आईसीएन स्टूक इंसेंटिव राउंड। केआरए 5 के तहत स्पिल प्रबंधन किट के लिए जरूरत थी। सभी नैदानिक क्षेत्रों में स्पिल प्रबंधन किट उपलब्ध कराने के लिए आईसीएन को बढ़ावा दिया और लागू किया। नए इमरजेंसी वार्ड में नीडल स्टिक इंजरी रजिस्टर बनाया गया और फॉर्म 3 उपलब्ध कराया गया था। काया–कल्प आंतरिक मूल्यांकन प्रारूप केआरए 6 के लिए आवश्यक दिशा निर्देशों के आधार पर बनाया गया।

निगरानी के एकत्र नमूने (मुख्य अस्पताल)

कुल निगरानी के नमूने	कुल पर्यावरण और विसंक्रमण नमूने	कुल उपयोग घोल नमूने	कुल विसंक्रमित नमूने		कुल गैर विसंक्रमित नमूने	
			कुल पर्यावरण और विसंक्रमित नमूने	उपयोग में घोल के नमूने	कुल पर्यावरण और विसंक्रमित नमूने	उपयोग में घोल के नमूने
7198	5127	2071	4205	1741	922	330

6.5 कल्याण एकक

कल्याण अधिकारी, श्रीमती प्रीति आहलूवालिया द्वारा रोगी और कर्मचारी कल्याण सेवाएं, आयोजित की गई।

रोगी कल्याण

रोगी देखभाल : ₹ 41,93,688 (लगभग) दान के रूप में उगाही की गई।

उद्देश्य	दान	दानकर्ता
मुख्य अस्पताल तथा केंद्रों में उपचार कराने वाले गरीब तथा जरूरतमंद रोगियों के उपचार एवं शल्य चिकित्सा हेतु	**₹2,81,000**	जवाहर भवन ट्रस्ट
	₹2,31,414	साहू जैन ट्रस्ट
	₹66,000	सेवा प्रकल्प महिला मंडल ट्रस्ट
	₹30,000	बैजनाथ भंडारी पब्लिक चेरिटेबल ट्रस्ट
	₹16,000	चेतनालय
	₹4,000	विजय गुजराल फाउंडेशन
	₹42,500	सुश्री स्तुति शर्मा
	₹34,000	श्री दीपक शर्मा
	₹25,000	श्री विनोद तनेजा
	₹25,000	श्रीमती सुपर्णा श्रीवास्तव
	₹15,000	सुश्री महारानी प्रसाद

एम्स निर्धन रोगी निधि खाता।	**₹1,50,000** **₹1,50,000** **₹35,000** **₹25,000** **₹20,000** **₹11,000** **₹11,000** **₹11,000** **₹10,000** **₹5,000** **₹2,100** **₹500**	श्रीमती द्वारका प्रसाद ट्रस्ट श्रीमती द्वारका प्रसाद ट्रस्ट सुश्री प्रीति भटनागर सुश्री महारानी प्रसाद सुश्री लवलीन कौर फुकेला श्रीमती अंजना अहलुवालिया श्री अरुण भारद्वाज श्री नितिन कात्याल श्री सिद्धार्थ मोदी सुश्री शकुंतला भाटिया श्रीमती पुष्पा भारद्वाज डॉ. रवि मित्तल
कैंसर रोगियों को निःशुल्क उपलब्ध करवाई गई कैंसर–रोधी दवाएं।	**₹27,94,650** **₹1,98,524**	गोपाल फाउंडेशन डॉ. चेतन मेमोरियल डिवाइन ट्रस्ट

उपर्युक्त के अतिरिक्त, ₹ 7,05,000 की राशि जो पहले दो बैटरी संचालित पर्यावरण अनुकूल वाहनों की खरीद के लिए दान के रूप में श्रीमती उषा शर्मा से प्राप्त किया जो एम्स निर्धन रोगी खाते (मुख्य अस्पताल) में स्थानांतरित किया गया। आगे, गरीब रोगियों को, राष्ट्रीय आरोग्य निधि, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत निधि, स्वास्थ्य मंत्री के विवेकाधीन अनुदान तथा अन्य सरकारी तथा गैर–सरकारी एजेंसियों से, उनके उपचार के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन दिया जा रहा है तथा उनकी सहायता की जा रही है। अस्पताल निर्धन रोगी निधि से निर्धन रोगियों को सहायता भी प्रदान की जाती है और उनकी दाखिले, लेवी प्रभारों में छूट, जांच प्रभारों आदि में छूट के लिए मार्गदर्शन तथा सहायता भी की जाती है।

धर्मशालाएं

गया था। वह लगातार पीआरएएन के उपाध्यक्ष रही, (पीएआरकेआईएनएसओएन संबंधित जागरुकता नेटवर्क) और विभिन्न जर्नल के संपादकीय बोर्ड सदस्य रही। प्रो. संदीप चौहान विभिन्न जर्नल के संपादकीय बोर्ड सदस्य थे और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया। प्रो. नीति मखिजा आईएसीटीए की शिक्षक और आईएसीटीए की अध्यापक कार्यकारी सदस्य के रूप में निर्वाचित। वे विभिन्न जर्नलों के संपादकीय बोर्ड और सह संपादकीय सदस्य भी थीं। प्रो. पूनम मल्होत्रा जर्नल की मुख्य संपादक थीं – ''एनाल्स ऑफ कार्डियक एनेस्थेसिया'' और इन्हें पबमेड में अनुक्रमित किया गया। वे सिमुलेशन सोसायटी एण्ड इण्डियन कॉलेज ऑफ कार्डियक एनेस्थेसिया की सह संस्थापक थीं। उन्हें दो पुरस्कार भी मिले। प्रो. मिनाती चौधरी विभिन्न जर्नल और एटेंडिड इंटरनेशनल कांफ्रेंस की संपादकीय बोर्ड सदस्य थीं। उन्होंने ओटी तकनीकों के लिए एक नियमित शिक्षण कार्यक्रम शुरू किया। उन्हें इण्डियन एसोसिएशन ऑफ कार्डियोवेस्कुलर एण्ड थोरेसिक एनेस्थेसिया के कार्यकारी सदस्य के रूप में निर्वाचित किया गया था। 50 से भी अधिक शोध पत्र कार्डियक एनेस्थेसिया के संकाय और रेजीडेंट द्वारा प्रकाशित किए गए थे।

डॉ. संदीप चौहान ने एम्स में चौथी एम्स ईसीएमओ वर्कशॉप आयोजित की थी। डॉ. पूनम मल्होत्रा ने पीजी असेंबली के रूप में 8वीं क्वार्टरली कॉलोइड्स सिम्पोजियम एण्ड 10वीं क्वार्टली साइंटिफिक मीटिंग आयोजित की थी। डॉ. उषा किरण ने एम्स में निदेशक एम्स के मार्गदर्शन में ''रोल ऑफ योग एण्ड मेडिटेशन फॉर हेल्थ'' पर संगोष्ठी आयोजित की थी। उन्होंने एम्स के सभी कर्मचारियों के लिए बी के शिवानी द्वारा एक सीएमई का आयोजन किया था, जिसकी अध्यक्षता प्रोफेसर बलरान ऐरन, संकायाध्यक्ष और डॉ. डी के शर्मा, चिकित्सा अधीक्षक, एम्स ने की।

हृदय विकिरण विज्ञान

शिक्षा : विभाग के संकाय ने विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक बैठकों में 45 व्याख्यान दिए।

विभाग ने सोसायटी ऑफ इमेज गाइडिड थेरेपीज़ की पहली बैठक दिसंबर 2015 में 'इमेज गाइडिड थेरापिज़', (नीचे) आयोजित की ।

यहां फरवरी 2016 में ''पेरिफेरल एंजियोग्राफिक टेकनिक्स'' पर एक वेबिनार भी आयोजित किया गया। जुलाई 2015 सत्र में वेस्कुलर रेडियोलॉजी पाठ्यक्रम में डीएम शुरू किया गया था, जिसमें एक प्रत्याशी को दाखिल किया गया। विभाग ने हैदराबाद से विजिटिंग फेलो की मेजबानी भी की। इसके अतिरिक्त, संकाय कई वैज्ञानिक जर्नलों के संपादक मंडलों के सदस्य और समीक्षक हैं।

अनुसंधान : विभागीय संकाय 5 अनुसंधान परियोजनाएं और थीसिस चला रहा है। उन्होंने समकक्ष समीक्षित अंतरराष्ट्रीय जर्नलों में 14 अनुसंधान पत्र प्रकाशित किए। एक शोध पत्र अंतरराष्ट्रीय बैठकों में भी प्रस्तुत किया गया।

नैदानिक देखभाल : विभाग द्वारा अस्पताल में विभिन्न विशेषता विभागों से संदर्भित रोगियों को कार्डियकवेस्कुलर इमेजिंग और वेस्कुलर हस्तक्षेप उपचार सेवाएं प्रदान करना जारी है।

हृदय जैव रसायन

रोगी देखभाल क्षेत्र में एम्स के अन्य विभागों तथा अस्पतालों के रोगियों का कार्डियोथोरेसिक केंद्र में अनेक प्रकार की जांचें करना जारी है। एम्स में विभिन्न विभागों के साथ 17 अनुसंधान परियोजनाओं में कार्डियक बायोकेमेस्ट्री के संकाय शामिल हैं। आचार्य आर लक्ष्मी कॉम्प्रेहेंसिव नेशनल न्यूट्रिशन सर्वे (सीएनएनएस) के आयोजन हेतु स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा गठित तकनीकी सलाहकार बोर्ड में सदस्य थीं। उन्होंने सीएनएनएस में विश्लेषण के लिए जिम्मेदार प्रयोगशाला कर्मचारियों के मास्टर प्रशिक्षण में यूनीसेफ को तकनीकी समर्थन प्रदान किया। उन्होंने सर्वेक्षण के लिए सीआरओ के चयन में यूनीसेफ की भी सहायता की। वे (1) मोटापा और मेटाबोलिक सिंड्रोम (2) गैर संचारी रोग के क्षेत्र में आईसीएमआर के लिए समीक्षा परियोजनाओं हेतु समीक्षा समिति की सदस्य थी।

नाभिकीय चिकित्सा

कार्डियो थोरेसिक मेडिसिन (सीटीसी) में विशिष्ट नैदानिक न्यूक्लियर कार्डियोलॉजिकल प्रक्रियाएं पूरी की जाती हैं। यह यूनिट शिक्षण और अनुसंधान कार्य में भी सक्रिय रूप से शामिल रहती है। न्यूक्लियर मेडिसिन स्नातकोत्तर और न्यूक्लियर मेडिसिन प्रौद्योगिकी छात्रों को न्यूक्लियर कार्डियोलॉजी प्रक्रियाओं में चक्रानुक्रम आधार पर प्रशिक्षित किया जाता है। इस समय यह यूनिट एम सीएच,डीएम,एमडी और एम. एससी छात्रों सहित नौ छात्रों के थीसिस अथवा शोध पत्र संबंधी कार्य में लगी हुई है जहां न्यूक्लियर कार्डियोलॉजी उनके अनुसंधान कार्य का भाग है। यह यूनिट अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा अभिकरण, वियना, ऑस्ट्रिया द्वारा वित्त पोषित ''वेल्यू ऑफ इंट्रावेंट्रीकुलर सिंक्रोनिज्म असेस्मेंट बाई गेटेड स्पेक्ट मायोकार्डियल परफ्यूजन इमेजिंग (एमपीआई) इन द हार्ट फेलियर पेशेंट्स सबमिटेड टू कार्डियक रिसिंक्रोनाइजेशन थेरैपी'' शीर्षक से अंतरराष्ट्रीय बहु केंद्रित अनुसंधान परियोजना में शामिल है। यह यूनिट छः वित्त पोषित परियोजनाओं के लिए अन्य विभागों का भी सहयोग कर रहा है जिनमें से दो आईसीएमआर, एक अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा अभिकरण और एक राष्ट्रीय हृदय, फेफड़े और रक्त संस्थान (एनएचएलबीआई), यूएसए द्वारा वित्त पोषित है।

हृदय विकृति विज्ञान

हृदय विकृति विज्ञान हिस्टोपैथोलॉजी और साइटोपैथोलॉजी मामलों की नैमिक नैदानिक रिपोर्टिंग, स्नातकपूर्व छात्रों और स्नातकोत्तर छात्रों के शिक्षण, स्नातकोत्तर संगोष्ठियों, जर्नल क्लबों के संयोजन, पल्मोनरी पैथोलॉजी अंतरविभागीय सम्मेलनों, अनुसंधान और विकास संबंधी गतिविधियां, विशेष रूप से कार्डियक और पल्मोनरी पैथोलॉजी से संबंधित और संस्थान द्वारा समय–समय पर दिए गए अन्य कार्यों में शामिल है।

स्टेम सेल सुविधा (डीबीटी – स्टेम कोशिका अनुसंधान हेतु उत्कृष्टता केंद्र)

स्टेम सेल सुविधा हेतु प्रतिबद्ध है और पूर्व वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान आधारभूत, प्रीक्लिनिकल, क्लिनिकल स्टेम सेल रिसर्च और रोगी देखभाल सेवाएं शामिल हैं। वर्तमान में 6 परियोजनाएं जारी है : एकल (एन=03) और विभिन्न विभागों के सहयोग से (एन=03), जिससे विभिन्न एजेंसियां जैसे डीबीटी, आईसीएमआर, यूजीसी, आदि द्वारा वित्त पोषित हैं। यह सुविधा विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रमों में शामिल रही है जैसे भारत में विभिन्न संस्थानों के स्नातकोत्तर और व्यावसायिक छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान करना। वर्तमान में कुल 9 पीएच.डी छात्र और 7 एमडी और डीएम छात्र यहां से डिग्री ले रहे हैं। भारत के अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों से छात्र जैसे आईआईटी–खड़गपुर और दिल्ली यूनिवर्सिटी, साउथ कैम्पस, ने प्लेटफॉर्म के रूप में इस सुविधा का उपयोग करते हुए पीएच. डी. के भाग भी पूरे किए हैं। इस सुविधा से तीन छात्रों का

आईसीएमआर से वित्त पोषण के लिए अपनी परियोजना के प्रस्ताव को प्रस्तुति के लिए चयन किया गया था। वर्तमान वर्ष में, वर्तमान में यह विभिन्न वैज्ञानिक रूपों में 12 अनुसंधान प्रकाशन और 12 सार प्रस्तुत थे। इस सुविधा के संकाय विभिन्न प्रतिष्ठित के संपादकीय बोर्ड के सदस्य के रूप में शामिल किया जाता है। इंटरनेशनल जर्नल जैसे साइंटिफिक रिपोर्ट (नेचर पब्लिशिंग ग्रुप), ट्रांसलेशनल सर्जरी, करेंट ट्रेंड्स इन स्टेम सेल एण्ड रिजनरेटिव मेडिसिन, इंसाइट्स इन स्टेम सेल, आदि। सुविधा के संकाय भी विभिन्न अंतरराष्ट्रीय निकायों का एक हिस्सा है जैसे इंटरनेशनल सोसायटी ऑफ सेलुलर थेरेपी (आईएससीटी), इंटरनेशनल सोसायटी ऑफ स्टेम सेल रिसर्च (आईएसएससीआर) एण्ड इंटरनेशनल सोसायटी ऑफ बायोलॉजिकल केमिस्ट्स। इस सुविधा के संकाय ने आर्थिक सहायता एजेंसियों जैसे डीबीटी, बायोसीएआरई, बीआईआरएसी, आदि के अनुसंधान और विकास खंड के अंतर्गत विभिन्न अनुसंधान परियोजनाओं के मूल्यांकन की दिशा में योगदान दिया है।

ओआरबीओ

दिल्ली पुलिस अधिकारियों हेतु ओआरबीओ द्वारा 24.11.2015 को सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। माननीय गृह राज्य मंत्री, भारत सरकार, श्री किरण रिजिजू ने अंगदान में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए 28 दिल्ली पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया। ओआरबीओ के प्रयास पर डीसीपी (दक्षिण) को अंग दान मुद्दों के समन्वय के लिए नोडल अधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया था। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों के लिए 23/02/2016 को एमएलसी में अंग और ऊतक दान पर ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 50 दिल्ली पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रोग्राम ऑन कैडवर ऑर्गन एण्ड टिशू डोनेशन पर सेवाकालीन नर्सों के लिए प्रक्रिया की शुरूआत की गई थी। एम्स के विभिन्न आईसीयू से 12 बैचों में शामिल 180 नर्सों को प्रशिक्षित किया गया था। सार्वजनिक शिक्षा और जागरूकता पैदा करने के लिए अंग और ऊतक दान पर 131 जागरूकता शिविर आयोजित किए गए थे। 5655 लोगों ने ओआरबीओ की प्रेरणा पर अंग और ऊतक दान की शपथ ली। ओआरबीओ ने एम्स में हृदय प्रत्यारोपण के पंजीकरण के नवीकरण को समन्वित किया। ओआरबीओ ने भी एनओटीटीओ द्वारा प्रत्यारोपण समन्वयकों के पाठ्यक्रम को अंतिम रूप देने में योगदान दिया।

अप्रैल से जून 2015 के बीच ओआरबीओ के संकाय सदस्य 422 बिस्तर वाली सुपर स्पेशलिटी के सीएन सेंटर के प्रबंधन और प्रशासन में भी शामिल रहा, जिसमें मानव संसाधन प्रबंधन, रोगी देखभाल का समेकन और समन्वय शामिल हैं। रक्त बैंक, प्रयोगशाला, मैनीफोल्ड, रिसेप्शन, लॉण्ड्री, सीएसएसडी आदि हेतु नर्सिंग, सफाई, सुरक्षा, प्रशासन, भण्डार एवं अन्य सहायक स्टाफ का निरीक्षण किया गया। हृद तंत्रिका केंद्र में (1) प्रशासनिक पहलुओं के लिए नर्सिंग तल समन्वयक और वार्ड प्रबंधन (2) रोगियों के नैदानिक और नर्सिंग देखभाल के लिए प्रबंधन के लिए रोगी देखभाल समन्वयक की प्रणाली को लागू किया गया।

रक्ताधान सेवाएं

हृ. तं. केंद्र की रक्त आधान सेवाएं एकत्रण और प्रसंस्करण द्वारा सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण रक्त और रक्त घटक उपलब्ध करवा कर एम्स के हृ. तं. केंद्र में भर्ती रोगियों की चौबीस घंटे ट्रांसफ्यूजन आवश्यकताओं को पूरा करती हैं। इन गतिविधियों में घर पर और बाहर रक्त एकत्रण, रक्त दाता को प्रेरणा देना तथा रक्त दान पूर्व एवं उसके पश्चात काउंसलिंग, रक्त घटक तैयार करना तथा विभिन्न सीरम संबंधी जांचें शामिल हैं। पैक्ड रेड सेल्स, प्लाज्मा, फ्रेशफ्रोजन प्लाज्मा, प्लेटलेट युक्त प्लाज्मा, प्लेटलेट सार, क्रियोप्रीसिपिटेट, ल्यूकोडेप्लेटेड रेड सेल्स जैसे घटक और प्लेटलेट पर्याप्त संख्या में और हर समय उपलब्ध हैं। अफेरेसिस प्रक्रियाओं और ऑटोलॉग्स दान की सुविधा उपलब्ध है।

बीटीएस में किए गए सीरम संबंधी परीक्षणों में रक्त समूह परीक्षण, अनियमित एंटीबॉडी की जांच करना, कॉलम संश्लेषण जैसी नवीनतम प्रौद्योगिकी का प्रयोग करके अनुकूलता परीक्षण करना शामिल है। एकत्र किए गए प्रत्येक यूनिट रक्त में हेपेटाइटिस बी, हेपेटाइटिस सी, एचआईवी–1 और 2 सिफिलिस और मलेरिया जैसे ट्रांसफ्यूजन दाययोग्य संक्रमणों का परीक्षण किया जाता है। इसके अतिरिक्त, हृदय प्रत्यारोपण के मामलों में सीएमवी परीक्षण किया जाता है। बेहतर परिणाम और गुणवत्ता के लिए विभाग की अधिकांश प्रयोगशालाओं में स्वचलन का प्रयोग किया जाता है। एचआईवी/ एचसीवी/ एचबीवी का पता लगाने के लिए अतिरिक्त स्क्रीनिंग जांच के रूप में एनएटी (न्यूक्लियक अम्ल प्रवर्धन परीक्षण) द्वारा दाता रक्त नमूनों की जांच की जा रही है। रक्त और रक्त घटकों, उपकरणों, प्रक्रियाओं और सेवाओं जैसे इसके उत्पादों के लिए गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली विद्यमान है। न्यूमेटिक ट्यूब सिस्टम लगाया गया था और रोगी के रक्त नमूनों तथा रूपों को लाने और ले जाने में प्रयोग किया जाता है। रक्त बैंक गतिविधि का कंप्यूटीकरण हो गया है और एचआईएस के साथ एकीकरण का कार्य प्रगति पर है।

शिक्षा

हृदय वक्ष और संवहनी सर्जरी

सीटीवीएस विभाग में निम्नलिखित हृदय सर्जरी, पैरा–मेडिकल स्टाफ, अल्पावधि प्रशिक्षण लिया था : डॉ. नवाग्बोसो, नाइजीरिया से चिमैबी इक्चुक्वु, डॉ. मुश्ताक अहमद मीर, शेर–ए–कश्मीर, इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, श्रीनगर, डॉ. अब्दुल मजीद दार, शेर–ए–कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, श्रीनगर, डॉ. अरविंद पी. रमन, मेडिकल कॉलेज अस्पताल, त्रिवेंद्रम, डॉ. कुनाल कृष्णा, सरकारी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल, कोट्टायाम, गांधीनगर, पी. ओ. कोट्टायाम, केरल; डब्ल्यूएचओ अध्येता : डॉ. ग्वांग जीओ जेओ; डॉ. किल हयों आरआई; डॉ. मयोंग ग्योंग चोई; डॉ. जिन किम; डॉ. इन ग्योंग एचओ; डॉ. एच. वाययू किम; डॉ. जेई सॉन्ग किम; डॉ. चु नाम रा फ्रॉम डीपीआर कोरिया (8 सप्ताह)।

क्रमिक आयुर्विज्ञान शिक्षा / कार्यशाला / संगोष्ठी / राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

1. संरक्षण वॉल्व पर कार्यशाला, 1 – 5 अप्रैल, 2015, एम्स, नई दिल्ली।
2. 22 – 23 अगस्त 2015 को बेंटालज़ प्रक्रिया पर कार्यशााल, एम्स, नई दिल्ली।
3. ऑटोलॉगस पेरीकार्डियम के साथ महाधमनी वाल्व के पुनर्निर्माण पर कार्यशाला, 22 फरवरी 2016, एम्स, नई दिल्ली।
4. ऑर्टिक डिसेक्शंस पर कार्यशाला, 11 – 13 मार्च 2016, एम्स, नई दिल्ली।

प्रदत्त व्याख्यान

एस. के. चौधरी : 80	सचिन तलवार : 13	वी. देवागौरु : 5
मिलिंद पी होते : 5	सर्वेश पाल सिंह : 2	रमेश मेनन : 2

मौखिक पत्र/पोस्टर की प्रस्तुति : 18

हृदय रोग विज्ञान

विभाग में स्नातक, स्नातकोत्तर के शिक्षा और प्रशिक्षण शामिल है। संकाय द्वारा दैनिक शैक्षणिक गतिविधियों में जर्नल क्लब, मृत्यु दर बैठक, कैथ सम्मेलन, अल्प और दीर्घ सेमिनार, वाद–विवाद, नैदानिक मामला चर्चा और स्पॉटर्स शामिल हैं।

क्रमिक आयुर्विज्ञान शिक्षा / कार्यशाला / संगोष्ठी / राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

1. सीएसआई कार्डियक रोकथाम 2015, 25–27 सितंबर 2015, होटल ताज पैलेस, नई दिल्ली।
2. इण्डिया लाइव 2016, 26–28 फरवरी 2016, होटल ताज पैलेस, नई दिल्ली।
3. सीएसआई दिल्ली शाखा वार्षिक बैठक 2016, 12–13 मार्च 2016, होटल ललित, नई दिल्ली।
4. जेपीसीवीएस वार्षिक बैठक जेएनयू नई दिल्ली।

प्रदत्त व्याख्यान

वी. के. बहल : 8	अनीता सक्सेना : 10	एस. एस. कोठारी : 8
आर. जुनेजा : 2	संदीप सेठ : 1	जी. कार्तिकेयन : 4
एस. रामकृष्णन : 15	नीरज पारेख : 4	सौरभ के. गुप्ता : 2

मौखिक पत्र/पोस्टर की प्रस्तुति : 8

हृदय संवेदनाहरण

- सेना से 2 लेफ्टिनेंट कर्नल प्रायोजकों सहित 13 डीएम अभ्यर्थियों और मुख्य एनेस्थिया विभाग से 12 अन्य एम–डी जूनियर रेजिडेंट डॉक्टरों को कॉर्डियक–थोरेसिस–एनीस्थिया में सुपरस्पेशिलिटी प्रशिक्षण दिया गया।
- कॉर्डियक एनीस्थिया की विशेषता में अल्पकालिक प्रशिक्षण हेतु लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज से 9 एमडी अभ्यर्थियों को भेजा गया।
- श्री चित्रा तिरुनल इंस्टीट्यूट, त्रिवेंद्रम के 4 डीएम अभ्यर्थियों को अल्पकालिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।
- विभाग में 2 संकाय और एक परफ्यूसनिस्ट सहित तीन उम्मीदवार पी. एच. डी. कर रहे हैं।

क्रमिक आयुर्विज्ञान शिक्षा/संगोष्ठी/कार्यशाला/राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों का आयोजन

1. चौथी एम्स – ईसीएमओ कार्यशाला, 16 अगस्त 2015, एम्स, नई दिल्ली
2. सह आयोजन टीईई कार्यशाला 21 – 23 अगस्त 2015 नारायण ह्दयालय बैंगलोर

प्रदत्त व्याख्यान

संदीप चौहान : 9 | नीति मखीजा : 2 | पूनम कपूर मल्होत्रा : 28

मौखिक पत्र/पोस्टर की प्रस्तुति : 8

हृदय विकिरण विज्ञान

शिक्षण :

अतिरिक्त विभागीय

पूर्व स्नातक : कार्डियोवेस्कुलर इमेजिंग और वेस्कुलर हस्तक्षेपों के आधार पर व्याख्यान।

स्नातकोत्तर : कार्डियक रेडियोलॉजी क्विज, चिकित्सा, शल्य चिकित्सा, जठरांत्र विज्ञान, हृदय रोग विज्ञान और हृदय वक्ष शल्य चिकित्सा अर्थात संबद्ध विशेषता विभागों में मध्यस्थता सेमिनार। हृदय विज्ञान विभाग सहित नैदानिक–विकिरण बैठकें। संबद्ध विशेषताओं सहित नैदानिक संयुक्त दौर और नैदानिक अनुदान दौर में भागीदारी।

अंतरा–विभागीय

दैनिक मामले प्रस्तुतियां; साप्ताहिक पत्रिका क्लब और सेमिनार

<u>प्रशिक्षण :</u>

रेडियोलॉजी में जूनियर और सीनियर रेजीडेंट्स और हृदय रोग विज्ञान में सीनियर रेजीडेंट्स का प्रशिक्षण, कार्डियोवैस्कुलर इमेजिंग तथा संवहनी हस्तक्षेप की तकनीकों में सीटीवीएस और हृदय संवेदनाहरण।

क्रमिक आयुर्विज्ञान शिक्षा / कार्यशाला / संगोष्ठी / राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

1. इमेज गाइडिडथेरापिज़, 11–13 दिसंबर, 2015, दिल्ली। लाइव कांफ्रेंस एण्ड वेबिनार।
2. पेरिफेरल एंजियोग्राफिक टेकनिक्स, 12 फरवरी 2016, दिल्ली। वेबिनार।
3. इमेजिंग एण्ड इंटरवेंशन इन ऑर्टिक डिसेक्शन, 11 – 13 मार्च 2016, दिल्ली। लाइव कांफ्रेंस एण्ड वेबिनार।

प्रदत्त व्याख्यान

संजीव शर्मा : 10 गुरप्रीत सिंह गुलाटी : 15 प्रिया जगिया : 11

संजीव कुमार : 7

मौखिक पत्र/पोस्टर की प्रस्तुति : 1

<u>हृदय जैव रसायन</u>

शिक्षा : विभाग में तीन छात्र पीएचडी कर रहे हैं। यहां एमडी (जैव रसायन) के छात्रों के लिए प्रयोगशाला नैदानिकी में प्रशिक्षण कक्षाओं का आयोजन किया गया। यह स्नातक अध्यापन में भी शामिल रहा है।

प्रदत्त व्याख्यान

लक्ष्मी रामाकृष्णन : 1

मौखिक पत्र / पोस्टर की प्रस्तुति

<u>नाभिकीय चिकित्सा</u>

स्नातकोत्तर छात्रों की सं. : 31 (16 एम डी न्यूक्लियर मेडिसिन छात्र और 15 एमएससी न्यूक्लियर मेडिसिन तकनीक के छात्र, न्यूक्लियर कार्डियोलॉजी में चक्रानुक्रम आधार पर); क्लिनिकल अध्ययनों की रिपोर्टिंग के दौरान एमडी छात्रों का 'ऑन साइट' अध्यापन।

प्रदत्त व्याख्यान

चेतन डी. पटेल : 4

मौखिक पत्र/पोस्टर की प्रस्तुति : 2

<u>हृद विकृति विज्ञान</u>

कार्डियक पैथोलॉजी हिस्टोपैथोलॉजी और साइटोपैथोलॉजी मामलों की नैमिक नैदानिक रिपोर्टिंग; स्नातकपूर्व छात्रों और स्नातकोत्तर छात्रों के शिक्षण; स्नातकोत्तर संगोष्ठियों, जर्नल क्लबों के संयोजन; पल्मोनरी पैथोलॉजी अंतरविभागीय सम्मेलनों, अनुसंधान और विकास संबंधी गतिविधियां, विशेष रूप से कार्डियक और पल्मोनरी पैथोलॉजी से संबंधित और संस्थान द्वारा समय–समय पर दिए गए अन्य कार्यों में शामिल था।

क्रमिक आयुर्विज्ञान शिक्षा / कार्यशाला / संगोष्ठी / राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन :

प्रदत्त व्याख्यान

रूमा रे : 1 सुधीर कुमार ए : 3

स्टेम सेल सुविधा

स्नातक पूर्व, स्नातकोत्तर, पैरामेडिकल : विभाग पीएचडी, डीएम एवं एमडी के कार्यक्रमों में भाग लेता है।

क्र. सं.	कार्यक्रम	छात्रों की संख्या
1	एमएससी	लागू नहीं
2	पीएचडी	09
3	डीएम और एमडी	07
4	पैरामेडिकल	लागू नहीं

दीर्घ और लघु अवधि प्रशिक्षण :

लघु अवधि : लागू नहीं दीर्घ अवधि : 05

क्रमिक आयुर्विज्ञान शिक्षा / कार्यशाला / संगोष्ठी / राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

प्रदत्त व्याख्यान

सुजाता मोहंती : 9

मौखिक पत्र/पोस्टर की प्रस्तुति : 7

ओआरबीओ

1. एम.बी.बी.एस. छात्रों के लिए कोमा और मस्तिष्क मृत्यु और अंग दान प्रबंधन पर एकीकृत व्याख्यान, अ. भा. आ. सं.।
2. एम्स और अन्य संस्थानों का एमएचए और एमएसडब्ल्यू छात्रों का अभिविन्यास।
3. शव अंग और ऊतक दान की प्रक्रिया पर सेवाकालीन नर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम ओआरबीओ प्रारंभ किया। एम्स के विभिन्न आईसीयू से 180 नर्सों के 12 बैचों को प्रशिक्षण दिया गया।
4. ओआरबीओ द्वारा दिल्ली पुलिस के अधिकारियों के लिए एमएलसी में अंग और ऊतक दान पर अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दिल्ली पुलिस के 50 अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

क्रमिक आयुर्विज्ञान शिक्षा / कार्यशाला / संगोष्ठी / राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

1. दिल्ली पुलिस के अधिकारियों को सम्मानित करने का कार्यक्रम 24.11.2015 को आयोजित किया गया। माननीय गृह राज्य मंत्री, भारत सरकार, श्री किरण रेजीजु ने दिल्ली पुलिस के 28 अधिकारियों को अंग दान में महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया।

प्रदत्त व्याख्यान : 7

मौखिक पत्र/पोस्टर की प्रस्तुत : 3

रक्ताधान सेवाएं

अंजली हजारिका

1. सहायक आचार्य का प्रशिक्षण किया, ट्रांसफ्युजन मेडिसिन, 15 से 19 अप्रैल 2015 से ब्लड बैंक प्रोसिजर में एम्स रायपुर।
2. इन सर्विस एजुकेशन प्रोग्राम एट न्यूरोसाइंस के भाग के रूप में सुरक्षित ब्लड ट्रांसफ्युजन पर नर्सों और ओटी तकनीशियनों को प्रशिक्षित किया, सीएनसी एम्स, 19 एवं 26 अगस्त 2015,
3. 11 सितंबर 2015 को बी बी दीक्षित लाइब्रेरी द्वारा आयोजित एक्सेसिंग ई–रिसोर्सिस एण्ड यूजिंग एंटी–प्लाजिएरिज्म में अभिविन्यास कार्यशाला में भाग लिया और 10 और 11 अप्रैल 2015 को सीएमईटी, एम्स द्वारा एक अनुसंधान शोध पत्र लिखने पर कार्यशाला।
4. डीडीयू हॉस्पिटल, दिल्ली में 31 जुलाई 2015 को इम्यूनो – हेमेटोलॉजी पर सीएमई और कार्यशाला में भाग लिया।
5. चिकित्सक अधिकारी, एनएसीओ (एमओएचएफडब्ल्यू), भारत सरकार द्वारा आयोजित लैब तकनीशियन और स्टाफ नर्स, आरएमएल पीजीआईएमईआर, नई दिल्ली में दिसंबर 2015 से मार्च 2016 के बीच ब्लड बैंक के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण संसाधन व्यक्ति थे।
6. एम्स में (ई–हेल्थकेयर में तकनीकी का प्रभावी उपयोग लागत) 5वां इंटरनेशनल सीएमई सीईयूटीएच में अध्यक्ष सत्र, 8 अगस्त 2015
7. बीटीएस सीएनसी में तकनीकी कर्मचारियों ने निम्नलिखित कार्यक्रमों में भाग लिया : सुश्री अनीता रानी (तकनीकी अधिकारी) एवं सुश्री चित्रा शर्मा ने 31 जुलाई 2015 को डीडीयू हॉस्पिटल में इम्यूनोहेमेटोलॉजी पर कार्यशाला में भाग लिया, सुश्री सुषमा माकन (तकनीकी अधिकारी) श्री इरफान खान और श्री अजय कुमार ने आरएमएल पीजीआई, नई दिल्ली में 1 से 5 फरवरी 2016 को एनएसीओ (एमओएचएफडब्ल्यू) द्वारा रक्ताधान सेवाएं हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। एनआईएमएस यूनिवर्सिटी, राजस्थान से (2013 – 2015) सुश्री चित्रा शर्मा बीएमएलटी में अध्ययनरत हैं, सुश्री चित्रा शर्मा और श्री इरफान खान ने एम्स में 22 से 23 फरवरी 2016 को नेशनल हेल्थ प्रोफेशनल्स कांफ्रेंस – 2016 (एएचपीसीओएन) में भाग लिया।
8. श्री थानकम्मा मैथ्यूस और श्री मंगलराम, स्टाफ नर्स, 8 से 10 फरवरी 2016 को रक्ताधान नर्सों, एनएसीओ (एमओएचएफडब्ल्यू) के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।

प्रदत्त व्याख्यान

अंजली हजारिका : 3

अनुसंधान

हृदय वक्ष और संवहनी सर्जरी

वित्तपोषित परियोजनाएं

जारी

1. कार्यात्मक माइट्रल वाल्व प्रत्यावहन (एफएमआर) के उपचार में डिवाइस बीएसीई (बेसल एनुलोप्लास्टी ऑफ कार्डिया एक्सटर्नली) की सुरक्षा और प्रभावकारिता का मूल्यांकन। चौधरी एस के, फोनिक्स कार्डियक डिवाइसेज प्राइवेट लिमिटेड, 3 वर्ष, 2015
2. बाल कार्डियक सर्जरी कराने वाले रोगियों में मायोकार्डियल सुरक्षा के लिए डेलनिडोकार्डियोप्लैजिया और सेंट थोमस कार्डियोप्लैजिया की तुलना। तलवार सचिन, सीएसआईआर, 2015, प्रतीक्षारत।

3. ओपन हार्ट सर्जरी करवा रहे बाल चिकित्सा रोगियों में मौखिक थायरोक्सीन पूरकता : ए डबल ब्लाइंड रेण्डोमाइज्ड क्लिनिकल ट्रायल तलवार सचिन, सीएसआईआर 2015, प्रतीक्षारत।

पूर्ण

1. सीएबीजी ऑफ और ऑन पम्प रेवेस्कुलेराइजेशन अध्ययन (सीओआरओएनएआरवाय), बलराम एरन, द कैनेडियन इंस्टीट्यूटस ऑफ हेल्थ रिसर्च, 6 वर्ष, 2009 – 2015, 30 लाख रुपए।
2. फैलोट के टेट्रोलॉजी के इंट्राकार्डियक रिपेयर से गुजर रहे रोगियों में ऑपरेशन पश्चात परिणाम पर एलोपुरिनोल के ऑपरेशन पूर्व व्यवस्था का प्रभाव, तलवार सचिन, एम्स आंतरिक अनुदान, 2014–15, 5,00,000 रु.।

सहयोगी परियोजनाएं

जारी

1. थोरेसिक एयोर्टिक एन्यूरिज्म का मोर्फोमेट्रिकी विश्लेषण (सीटीवीएस, पैथोलॉजी)।
2. वक्ष एरोटिक ऐन्यूरिज्म और विच्छेदन के लिए आनुवंशिकी मार्कर। सीटीवीएस, कार्डियक रेडियोलॉजी, कार्डियोलॉजी।
3. बाइकस्पिड महाधमनी वॉल्व वाले रोगियों के आरोही महाधमनी में अपक्षयी परिवर्तन की हद तक ऊतक रोग विज्ञान अध्ययन। सीटीवीएस, पैथोलॉजी, कार्डियोलॉजी, कार्डियक रेडियोलॉजी।
4. एमआरआई सहसंबंध के एब्स्टेइन विसंगति के शल्य चिकित्सा लेखा परीक्षा और महत्व। सीटीवीएस, कार्डियक रेडियोलॉजी, कार्डियोलॉजी।
5. स्थापित रुमेटिक वेल्वुलर रोग वाले रोगियों में उप–नैदानिक रोग गतिविधि का नॉन – इनवेसिव का पता लगाना। सीटीवीएस, कार्डियोलॉजी, पैथोलॉजी।
6. एरोटिक एन्नुलस डायमीटर और रियूमेटिक माइट्रल रिगर्जिटेशन के रोगियों में इंटेट्रिगोनल दूरी के बीच संबंध : 2डी, 3डी ट्रांसइसोफेजियल इकोकार्डियोग्राफिक से तैयार इंटेट्रिगोनल दूरी और प्रत्यक्ष रूप से मापी गई इंटेट्रिगोनल दूरी पर सीटीवीएस, कार्डियक एनेस्थीसिया के बीच सह संबंध का मूल्यांकन करने के लिए एक अध्ययन।
7. फिब्रिलिन 1 जीन म्युटेशन और सिस्टिक मेडिकल डिजनरेशन के साथ ऑर्टिक न्यूरिज्मस में टीजीएफ बीटा की भूमिका। सीटीवीएस, पैथोलॉजी।

पूर्ण

1. डीएसए और एमआर तकनीकों के उपयोग कर एंजियोसोम लक्षित वेसल बैड का महत्व और महत्वपूर्ण अंग इस्केमिया वाले रोगियों में एंडोवेस्कुलर उपचार में इसकी प्रासंगिकता। सीटीवीएस, कार्डियक रेडियोलॉजी, रेडियोलॉजी, सर्जरी।
2. गेटेड सीटी सहित एयोर्टिक एन्यूरिज्म और टाइप बी एयोर्टिक विच्छेदनों के आकलन में वेल्यूमेट्रिक विश्लेषण और गतिशील इमेजिंग की भूमिका। सीटीवीएस, कार्डियक रेडियोलॉजी, कार्डियोलॉजी।
3. बाल कार्डियक सर्जरी कराने वाले रोगियों में मायोकार्डियल सुरक्षा के लिए डेलनिडो कार्डियो प्लैजिया और सेंट थोमस कार्डियोप्लैजिया की तुलना। सीटीवीएस, कार्डियक जैव रसायन, कार्डियक एनीस्थिसियोलॉजी।
4. ओपन हार्ट सर्जरी करवा रहे बाल चिकित्सा रोगियों में मौखिक थायरोक्सीन पूरकता। सीटीवीएस, एंडोक्राइनोलॉजी, कार्डियोलॉजी।
5. एकल वेंट्रिकल फिजियोलॉजी के साथ रोगियों के कार्डियो पल्मोनरी व्यायाम पैरामीटरों की तुलना जिनका सुपीरियर कैवोपल्मोनरी एनास्टोमोसिस (बीडी ग्लैन) और/या संपूर्ण कैवोपल्मोनरी कनेक्शन किया गया है। सीटीवीएस, कार्डियोलॉजी, फिजियोथेरैपी, फिजियोलॉजी।

6. यूनिवेंट्रिकुलर फिजियोलॉजी के लिए सर्जरी करवा रहे रोगियों में कार्डियोपल्मोनरी बाइपास पर बाइ डायरेक्शनल कैवोपल्मोनरी एनास्टोमोसिस (बी डी ग्लेन) के तीन विभिन्न तकनीकों की तुलना। सीटीवीएस, कार्डियक जैव रसायन, कार्डियक एनीस्थिसियालॉजी।
7. वक्ष एरोटिक ऐन्यूरिज्मस में मेट्रिक्स मेटालोप्रोटिनेज–2, मेट्रिक्स मेटेलोप्रोटिनेज–9, ऊतक इनहिबीटर मेटलोप्रोटिनेज–1, ऊतक इनहिबीटर मेटेलोप्रोटीनेज–2, कोलाजेन 1 एवं 4 अभिव्यक्ति की अभिव्यक्ति सीटीवीएस, पैथोलॉजी।

हृदय विज्ञान

वित्तपोषित परियोजनाएं

जारी

1. हरियाणा के बल्लभगढ़ ब्लॉक में 18 – 25 साल की उम्र वाले वयस्क व्यक्तियों में रियूमेटिक हृदय रोग की दर का आकलन डॉप्लर के साथ इकोकार्डियोग्राफी द्वारा करना, अनीता सक्सेना, आईसीएमआर, 3 वर्ष, फरवरी 2016 – जनवरी 2019, 38.83 लाख रुपए।
2. जन समूह के लिए इकोनोमिक कफलेस बीपी मेजरमेंट डिवाइस, ए प्रसाद (आईआईटी) और अपर जुनेजा, आईयूएसएसटीएफ, 3 वर्ष, 2015 – 17, 45 लाख रुपए।
3. नवजात शिशुओं और परिधीय वीएएससी डीएस में महाधमनी के निसंकुचन का जल्दी पता लगाने के लिए अभिनव उपकरण। अभिजात बैलुर और आर जुनेजा, बीआईआरएसी, 3 वर्ष, 2015–17, 25 लाख रुपए।
4. बच्चों में कार्डियक चैनलोपैथिज़ और दुर्लभ हृदय विकारों की आनुवंशिकी, आर जुनेजा और श्रीधर शिवासुब्बु आईजीआईबी (डीबीटी), 3 वर्ष, 2015–17, आईजीआई द्वारा संपूर्ण निधिकरण।
5. एक्यूट रुमेटिक बुखार में एंडोथेलियल कार्य, एस. रामाकृष्णन, आई सी एम आर, 2 वर्ष, 2014–16, 55 लाख रुपए।
6. पीसीआई के बाद मैनुअल संपीड़न के लिए नाड़ी बंद होने के उपकरणों की तुलना, संदीप सिंह, अ. भा. आ. सं., 1 वर्ष, 2014–15, 5,00,000 रुपए।
7. प्राथमिक एंजियोप्लास्टी के दौरान आंशिक प्रवाह आरक्षित मार्गदर्शित स्टेंटिंग के साथ मैनुअल थ्रोम्बस एस्पिरेशन, नीरज पारेख, एम्स, 1 वर्ष, 2014 – 15, 5 लाख रुपए।
8. युवा वयस्कों में एक्यूट कोरोनरी सिंड्रोम के उपन्यास मार्कर का मूल्यांकन। सुनील कुमार वर्मा, एम्स, 2 वर्ष, 2013–15, 10 लाख रुपए।

पूर्ण

1. जन्मजात हृद रोगों में गंभीर पल्मोनरी आर्टेरी हाइपरटेंशन हेतु इंट्रावास्कुलर अल्ट्रासाउंड। आर जुनेजा, डीएसटी, 2014
2. बच्चों में रूमेटिक हृद रोग – अ. भा. आ. सं. अग्रदर्शी रजिस्ट्री। अनीता सक्सेना, आईसीएमआर, 2012–2015, 28 लाख रुपए।
3. रियूमेटिक हार्ट डिजीज ग्लोबल रजिस्ट्री (आरईएमईडीवाय) जी कार्तिकेयन (ग्लोबल सीओ – पीआई) कैनेडियन इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ रिसर्च, 2011 – 15, कैनेडियन डॉलर 150,000.
4. स्टेरॉइड्स इन कार्डियक सर्जरी (एसआईआरएस) ट्रायल जी कार्तिकेयन कैनेडियन इंस्टीट्यूटस ऑफ हेल्थ रिसर्च 4 2011 – 2015, कैनेडियन डॉलर 60,000 (केवल भारत)।
5. कोरोनरी इवेंट्स की इंटरमीडिएट जोखिम में रोगियों का आकलन में रेस्ट – स्ट्रेस एमआईबीआई–एसपीईसीटी से कोरोनरी सीटी एंजियोग्राफी की तुलना – एक प्रायोगिक यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण जी कार्तिकेयन (ग्लोबल पीआई) अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी, 2011 – 15, यूरो 24,000 (केवल भारत)

6. मोबाइल पर डिस्प्ले के साथ एकल चैनल ईसीजी ऑन द गो, अभिनव और आर जुनेजा एसबीआईआरआई, सीएसआईआर, 3 वर्ष, 2013, 15 25 लाख रुपए।

विभागीय परियोजनाएं

जारी

1. नॉन–कार्डियक सर्जरी के दौर से गुजर रहे रोगियों में प्रीऑपरेटिव जोखिम मूल्यांकन में बाएं निलय के विश्राम में कार्य करने का मूल्य।
2. ऑर्टो–ओस्टियल एर्थरोस्क्लेरोटिक कोरोनरी आर्टरी डिजीज रिस्क फेक्टर प्रोफाइल्स, डेमोग्राफिक और एंजियोग्राफिक विशेषताएं और इटियोलॉजी को समझना।
3. बच्चों में पेरिकार्डियल रोग : एक अवलोकन अध्ययन।
4. 12–लीड ईसीजी रेस्टिंग पर प्रारंभिक रीपोलेरिजेशन पैटर्न वाले व्यक्तियों के इलेक्ट्रोफिजियोलॉजिक का लाक्षणीकरण।
5. प्राथमिक पीसीआई से गुजर रहे रोगियों में पता लगाना और परिणामों का निर्धारक।
6. सही वेंट्रिकुलर पेसिंग के साथ रोगियों में बाएं निलय में शिथिलता की घटना और भविष्यवाणी।
7. प्राथमिक पीसीआई कराने वाले एसटी के अधिक स्तर सहित मायोकार्डियल इंफारकेशन के रोगियों में धुम्रपान करने वाले रोगियों के क्लिनिकल और एंजियोग्राफिक प्रोफाइल तथा 6 माह के परिणाम।
8. सामान्य आर्टेरियल ट्रंक का क्लिनिकल और मोर्फो–एंटोमिक अध्ययन।
9. क्रोनिक लिवर रोग वाले रोगियों में कार्डियोवेस्कुलर आकलन।
10. क्या उच्च दवा स्टेटिन उपचार के कारण स्मृति की हानि होती है?
11. माइट्रल स्टेनोसिस कराने वाले रोगियों में एट्रियल फाइब्रिलेशन के चिरकालिक रूपांतरण और अल्पावधि नियंत्रण में फ्लेकानिनाइड की उपयोगिता जिन्हें पीटीएमसी है।
12. प्राथमिक फेफड़ा /मेडीस्टिनल सारकॉइडोसिस के नाम से ज्ञात रोगियों में हृदय की भागीदारी की घटना।
13. इंट्रालेशनल बीटा ब्लॉकर्स बनाम पेरिओर्बिटल केशिका रक्तवाहिकार्बुद में मौखिक बीटा ब्लॉकर्स की तुलना।
14. स्थापित आरएचडी के रोगियों में नर्स के नेतृत्व में रोगी के परिणामों के लाभ।

पूर्ण

1. हृदय विफलता के रोगियों में अंतः स्रावी असामानताएं।
2. माइट्रल रेगुरगिटेशन में स्पेकल ट्रैकिंग और व्यायाम क्षमता के साथ सह संबंध।
3. बस चालकों के बीच बीपी निगरानी औषधालय।
4. तीव्र मायोकार्डियल इंफ्रेक्शन और उसके निदान महत्व के लिए रोगियों में प्राथमिक पीसीआई कराने के बाद थ्रोम्बस एस्पीरेटिड का लाक्षणीकरण।
5. क्यूआरएस की अवधि के साथ दाएं वेंट्रिकल में पेसिंग स्थल का सह संबंध।
6. चिरकालिक एसटी उन्नयन सहित मायोकार्डियल इंफारक्शन के लिए प्राथमिक परक्युटेनियस हस्तक्षेप; परिणाम और परिणामों के निर्धारक।
7. तीव्र मायोकार्डियल इंफ्रेक्शन और उसके निदान महत्व के लिए रोगियों में प्राथमिक पीसीआई कराने के बाद थ्रोम्बस एस्पीरेटिड का लाक्षणीकरण।
8. क्यूआरएस परिसर अवधि के साथ सही वेंट्रिकल में पेसिंग साइट का सहसंबंध।
9. कैथेटराइजेशन प्रयोगशाला, एम्स, नई दिल्ली में हृदय का कैथेटराइजेशन कराने वाले रोगियों में 2–5 साल के बीच सह प्रचालन पर रिकॉर्ड की गई मां की आवाज़ के प्रभाव का आकलन करने के लिए यादृच्छिक नियंत्रण परीक्षण।

10. इसेन्मेन्गेर सिंड्रोम वाले रोगियों में मयोकार्डियल परफ्युजन की असामान्यता।

सहयोगी परियोजनाएं

जारी

1. माइक्रा ट्रांसकैथेटर पेसिंग अध्ययन। (मेडट्रोनिक)
2. एमईआरईएस1 क्लिनिकल ट्रायल। (मैरिल)
3. इस्केमिया परीक्षण (एनआईएच)।
4. टेक्स्टमेड्स – दवा लेने के पालन और माध्यमिक रोकथाम में सुधार लाने के लिए टेक्स्ट संदेश – एक अंतरराष्ट्रीय यादृच्छिक परीक्षण (नेशनल हेल्थ एण्ड मेडिकल रिसर्च काउंसिल (एनएचएमआरसी), ऑस्ट्रेलिया)।
5. इनविक्टस (इनवेस्टीगेशन ऑफ रियूमेटिक एएफ ट्रीटमेंट यूजिंग विटामिन के एंटागोनिस्ट्स, रिवारोक्सेबेन और एस्पीरिन स्टडीज़)। (पॉपुलेशन हेल्थ रिसर्च इंस्टीट्यूट, कनाडा)

हृदय संवेदनाहरण

वित्तपोषित परियोजनाएं

जारी

1. डेसफ्लूरेन – फेंटेनिल और मेडाजोलाम – फेंटेनिल एनेस्थीसिया के प्रभावों की तुलना हृदय के वॉल्व की सर्जरी के बाद कार्डियक तथा तंत्रिका विज्ञान बायोमार्करों पर करना। पूनम मल्होत्रा कपूर, आईसीएमआर, 3 वर्ष, 2014 – 17, 18 लाख रुपए।

पूर्ण

1. सायनोटिक जन्म जात हृदय रोग के लिए शंट प्रक्रिया में डेस फ्लूरेन और टीवा – तैयार और प्रकाशित (परिशिष्ट) पूनम मल्होत्रा, फ्लोरिडा ग्रुप द्वारा आयोजित, दो वर्ष, 2014 – 16

विभागीय परियोजनाएं

जारी

1. ऑपरेशन से पहले टेट्रोलॉजी ऑफ फेलट के रोगियों में ऑपरेशन के बाद ठीक होने के लिए पूर्व संकेतक के रूप में इकोकार्डियोग्राफी से दाएं वेंट्रिकल के कार्य का आकलन।
2. ग्रेट आर्टरिज़ में आर्टिरियल स्विच ऑपरेशन कराने पर डी – ट्रांसपॉजिशन वाले शिशुओं में रेलाइट आधारित विस्कोमीटर का उपयोग।
3. धमनी स्विच आपरेशन में विभिन्न ईएसीए खुराक के साथ मूत्र एन गैल विश्लेषण।
4. कोलाइड और क्रिस्टालॉइड्स तुलना

पूर्ण

1. ऑन पम्प और ऑफ पम्प बीडी ग्लेन पर बीएनपी माप।
2. ऑपरेशन के पहले लक्ष्य निर्देशित उपचार का प्रयोग करके ऑफ पम्प और ऑन पम्प सीएबीजी के लिए एनजीएएल।
3. एरोटिक वॉल्व बदलने के बाद कार्डियक बायोमार्कर पर डेस फ्लूरेन और कुल इंट्रावेनस एनेस्थीसिया के साथ बेहोशी की दवा ग्रहण करने के प्रभावों की तुलना करना।

हृदय विकिरण विज्ञान

विभागीय परियोजनाएं

जारी

1. रीढ़ की हड्डी में चोट के इलाज के लिए ऑटोलॉगस बोन- मज्जा व्युत्पन्न कोशिकाओं मोनोन्यूक्लियर की इंट्रा धमनी इंजेक्शन का उपयोग।
2. वक्ष महाधमनी धमनीविस्फार और विच्छेदन के साथ रोगियों में संभावित आनुवंशिक बायोमार्कर का अध्ययन।

पूर्ण

1. महत्वपूर्ण अंग इस्केमिया वाले रोगियों में लक्ष्य पोत बिस्तर की पहचानः एमआरए और डीएसए की तुलना।
2. क्रोनिक कंस्ट्रिक्टिव पेरीकार्डिटिस में माइकोकार्डियल संलिप्तता : निदान और उपचार परिणामों की पूर्व सूचना के लिए इमेजिंग की भूमिका।
3. ओएसए/ओएचएस वाले मोटापे से ग्रस्त भारतीयों में हृदय रुग्णता का मूल्यांकन करना।

हृदय जैव रसायन

वित्तपोषित परियोजनाएं

जारी

1. एंडोथीलियल प्रोजेनिटर सेल (ईपीसी) टेट्राहाइड्रोबायोप्टेरिन (बीएच4) स्तर और ईपीसी संख्या के साथ उनका सहयोग और कोरोनरी धमनी रोग (सीएडी) के रोगियों में कार्य का अध्ययन। आर लक्ष्मी, आईसीएमआर, 2 वर्ष, 39 लाख रु.।
2. एण्डोथेलियल प्रोजेनिटर कोशिका (ईपीसी) के साथ सीएडी रोगियों में ईपीसी की संख्या में टेट्राहाइड्रोबायोपटेरिन (बीएच4) स्तरों के संबंध का अध्ययन। आर लक्ष्मी, एम्स, 2 वर्ष, 2015, 10 लाख रु.।

पूर्ण

1. वयस्क अवस्था में टेलोमेर लंबाई एवं टेलोमेरेज गतिविधि पर जन्म आकार, शिशु एवं बाल्यावस्था वृद्धि का संबंध। आर. लक्ष्मी डीबीटी, 2012–2015, 70.87 लाख रुपए।

विभागीय परियोजनाएं

जारी

1. वयस्क अवस्था में टेलोमेर लंबाई एवं ऑक्सीडेटिव तनाव मार्करों पर जन्म आकार, शिशु एवं बाल्यावस्था कैचअप वृद्धि का संबंध।
2. एंडोथीलियल प्रोजेनिटर सेल (ईपीसी) टेट्राहाइड्रोबायोप्टेरिन (बीएच4) स्तर और ईपीसी संख्या के साथ उनका सहयोग और कोरोनरी धमनी रोग (सीएडी) के रोगियों में कार्य का अध्ययन।
3. भारत में एक सुपरस्पेशलिटी सेंटर में एक ब्लड बैंक में रक्त सूची अनुकूलन।

सहयोगी परियोजनाएं

जारी

1. ल्यूकोसाइट मेंम्ब्रेन पूरक नियामक प्रोटीन के संबंध, पैथोफिजियोलॉजी और कोरोनरी धमनी रोग की गंभीरता के साथ एमबीएल और एमएएसपी2 (जैव रसायन)
2. पोलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (पीसीओएस) और आहार कारकों से अपने मॉड्यूलेशन के साथ भारतीय महिला में इंफ्लेमेशन की भूमिका (एंडोक्राइनोलॉजी)।
3. परिणाम के विशेष संदर्भ में कश्मीर घाटी में जनजातीय आबादी का स्वास्थ्य सर्वेक्षण और गैर–संचारी रोग के जोखिम कारक : एक सहयोगात्मक क्रॉस अनुभागीय अध्ययन (एंडोक्राइनोलॉजी)।
4. भारतीय महिला में पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (पीसीओएस) के साथ विटामिन बी12 की कमी की व्यापकता और पीसीओएस वाली महिला के प्रबंधन में परंपरागत दवा की प्रभावकारिता पर विटामिन बी12 का प्रभाव (एंडोक्राइनोलॉजी)।
5. कोरोनरी धमनी रोग वाले रोगियों की इर्मोटेलाइज पेरीफेरल ब्लड मोनोन्युक्लियर कोशिकाओं के जीन टेलोमेरेज ट्रांसक्रिप्टेस (टीईआरटी) लक्षित करना। (स्टेम कोशिका)।
6. जन्म वजन एवं वृद्धि ट्रेजेक्टरी के आनुवंशिक निर्धारक एवं इन एंथ्रोपोमेट्रिक संसूचकों पर अभिभावकीय जीनोटाइप का प्रभाव (अंतः स्राविकी विज्ञान)।
7. 60 वर्ष एवं अधिक आयु के वृद्ध जन समुदाय में पोषणिक स्तर, आहार संबंधित रूग्णता एवं स्वास्थ्य उपचार सुविधाओं के प्रयोग का मूल्यांकन (मानव पोषण एकक)।
8. हिमाचल प्रदेश, भारत के तीन उच्च एल्टीट्यूट क्षेत्रों (1000 मीटर एवं ऊपर) से 6–18 वर्ष के आयु समूह में बच्चों में विटामिन डी हीनता एवं संबंधित कारकों की व्यापकता का मूल्यांकन (भारत मानव पोषण एकक)।
9. विटामिन डी और स्तन कैंसर के विकास के साथ कैल्शियम का संबंधः–एक मामला नियंत्रित अध्ययन (मानव पोषण एकक)।
10. अधिक वजन के प्रसार का अध्ययन, जिला शिमला, हिमाचल प्रदेश में एचआईजी के संबद्ध में 10–16 वर्ष के आयु समूह के बच्चों में मोटापा और बाल चिकित्सा उपापचयी सिंड्रोम और जुड़े हुए जोखिम कारक (मानव पोषण एकक)।
11. चिरकारी अग्न्याशय शोथ में फिब्रोसिस के मार्कर्स एवं पैंक्रियाटिक प्रकार्य पर ऐंटीऑक्सीडेंट संपूरण का प्रभाव : यादृच्छिक नियंत्रित दोहरा परीक्षण (जठरांत्र विज्ञान)।
12. पीडियाट्रिक ओपन–हार्ट सर्जरी में डेलनाइड और सेंट थॉमसकार्डियो प्लेजिया समाधान की एक तुलना : एक भावी यादृच्छिक नियंत्रक परीक्षण (सीटीवीएस)।
13. आपातकालीन विभाग में तीव्र कोरोनरी सिंड्रोम (एसीएस) वाले रोगियों के स्ट्रेटिफिकेशन जोखिम में कार्डियक बायोमार्कर्स की भूमिका (आपातकालीन चिकित्सा)।
14. आर्टिरियल स्विच ऑपरेशन से गुजर रहे शिशुओं में ईएसीए की विभिन्न खुराक के साथ यूरिन का एनजीएएल विश्लेषण (कार्डियक एनेस्थीसिया)।
15. किशोर बालिकाओं (12–19 वर्ष) के बीच हिमोग्लोबिन स्तरों पर विटामिन बी 12 के साथ आयरन और फोलिक एसिड (आईएफए) के पैकेज के पूरक के प्रभाव पर दक्षता परीक्षण (मानव पोषण एकक)।
16. जनसंख्या के स्तर पर आहार सोडियम की मात्रा के आकलन के लिए 24 घंटे मूत्र के नमूने के बीच स्पॉट यूरिन के नमूने का मान्यकरण। (सीसीएम)
17. प्रारंभिक लक्ष्य बाल चिकित्सा सेप्टिक आघात : परिणामों की तुलना के लिए अंतराल पर बनाम सतत निगरानी एससीवीओ2 का उपयोग करना (बाल रोग विज्ञान)

पूर्ण

1. युवा वयस्कों की कार्डियोलोजी में एक्यूट कोरोनरी सिंड्रोम के नए मार्कर का मूल्यांकन।
2. माइट्रल स्टेनोसिस वाले रोगियों में मूल स्ट्रोक की व्याप्तता।

3. रूमेटिक माइट्रल स्टेनोसिस में अटरियल फाइब्रिलेशन के लिए एक जोखिम कारक के रूप में क्रॉनिक इंफ्लेमेशन की भूमिका : क्या एएफ घटना इफ्लेमेटरी बायोमार्करों की भविष्यवाणी कर सकते है? (हृदय रोग विज्ञान)।

नाभिकीय चिकित्सा

वित्तपोषित परियोजनाएं

जारी

1. वेल्यू ऑफ इंट्रावेंट्रीकुलर सिंक्रोनिज्म असेस्मेंट बाई गेटेड स्पेक्ट मायोकार्डियल परफ्यूजन इमेजिंग (एमपीआई) इन द हार्ट फेलियर पेशेंट्स सबमिटेड टू कार्डियक रिसिंक्रोनाइजेशन थेरैपी। चेतन डी. पटेल, आईएईए, विएना, 3 वर्ष, 2013–16, 11 लाख रु.।

विभागीय परियोजनाएं

जारी

1. वॉटरशेड एल्गोरिथ्म का उपयोग कर ठोस ट्यूमर कैंसर के साथ रोगियों में एफ–18 एफडीजी पीईटी/सीटी छवियों पर ट्यूमर विभाजन।
2. टाइप 2 मधुमेह के रोगियों में स्पर्शोन्मुख दौरे की जांच।
3. बाल चिकित्सा होजकिन लिंफोमा : जीवविज्ञान और परिणाम
4. टीसीपीसी 99एम एमएए लंग परफ्युजन स्कैन का उपयोग करते हुए फोंटन प्रक्रिया के बाद फेफड़े के परफ्युजन की तुलना : एक्स्ट्राकार्डियक टीसीपीसी बनाम लेटरल टनल टीसीपीसी।
5. आर्टीरियल स्विच ऑपरेशन के बाद रिग्रेस्ड वेंट्रिकल के साथ रोगियों की जांच के लिए एडेनोसाइन तनाव इकोकार्डियोग्राफी पर तनाव एडेनोसाइन टीसी 99एम एमआईबीआई मायोकार्डियल परफ्यूजन एसपीईसीटी और कोरोनरी फ्लो रिजर्व द्वारा मायोकार्डियल परफ्यूजन असामान्यताओं की तुलना।

पूर्ण

1. हार्ट फेलियर वाले रोगियों में जीवन की गुणवत्ता और कार्यात्मक स्थिति के साथ तुलना में टीसी–99एम – एमआईबीआई मायोकार्डियल परफ्यूजन एसपीईसीटी पर मूल्यांकन बाएं वेंट्रीकुलर डायसिंक्रोनी, मायोकार्डियल परफ्यूजन असामान्यताएं और सिस्टोलिक कार्य के बीच संबंध।
2. आर्टीरियल स्विच ऑपरेशन के बाद रिग्रेस्ड वेंट्रिकल के साथ रोगियों की जांच के लिए एडेनोसाइन तनाव इकोकार्डियोग्राफी पर तनाव एडेनोसाइन टीसी 99एम एमआईबीआई मायोकार्डियल परफ्यूजन एसपीईसीटी और कोरोनरी फ्लो रिजर्व द्वारा मायोकार्डियल परफ्यूजन असामान्यताओं की तुलना का पता लगाया गया।
3. सिमिंद मोंटे कार्लो कोड का उपयोग कर मायोकार्डियल परफ्यूजन इमेजिंग और उनके नैदानिक चिकित्सा पर इंफेरियर वॉल दोष का लाक्षणीकरण।
4. टीसी99एम– एमआईबीआई मायोकार्डियल परफ्यूजन इमेजिंग पर इसेन्मेन्गर सिंड्रोम में दाहिने निलय में परफ्यूजन दोष का पता लगाना।
5. कोरोनरी एंजियोग्राफी के साथ तनाव मायोकार्डियल परफ्युजन इमेजिंग का सह संबंध : एक पूर्व व्यापी अध्ययन।

सहयोगी परियोजनाएं

जारी

1. चिकित्सा और गहन दृष्टिकोण के साथ तुलनात्मक स्वास्थ्य प्रभावशीलता का अंतरराष्ट्रीय अध्ययन (इस्केमिया परीक्षण) कार्डियोलॉजी।

2. इस्केमिक स्ट्रोक और टीआईए वाले रोगियों में सिम्प्टोमेटिक और एसिप्टोमेटिक कोरोनरी धमनी रोग की व्यापकता। न्यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी।

पूर्ण
1. रोधगलितांश संबंधित धमनी के देर से खुलने के बाद स्टेम कोशिका की भूमिका (सीओएटी परीक्षण) कार्डियोलॉजी, स्टेम कोशिका सुविधा।
2. कोरोनरी घटनाओं के इंटरमिडिएट जोखिम में रोगियों के मूल्यांकन में एसईसीटी–एमपीआई और कोरोनरी सी टी एंजियोग्राफी की भूमिका। कार्डियोलॉजी।
3. प्राथमिक एंजियोप्लास्टी के दौरान आंशिक प्रवाह आरक्षित मार्गदर्शित स्टेंटिंग के साथ मैनुअल थ्रोम्बस एस्पिरेशन कार्डियोलॉजी।

<u>हृद विकृति विज्ञान</u>

विभागीय परियोजनाएं

जारी
1. तीव्र मायोकार्डियल इंफ्रेक्शन और उसके निदान महत्व के लिए रोगियों में प्राथमिक पीसीआई कराने के बाद थ्रोम्बस एस्पीरेटिड का लाक्षणीकरण।
2. चूहों में ब्लियोमाइसिन–इंड्यूस्ड पल्मोनरी टोक्सिटी में मेटफॉर्मिन पर अध्ययन।
3. फेशियल वॉल्यूम घटने के उपचार में ऑटोलॉगस गैर–सुसंवर्धित त्वचीय कोशिका संस्पेंशन प्रत्यारोपण।
4. हाइपर पिग्मेंटेशन का डर्मोस्कोपिक अध्ययन।
5. ल्यूपस मिलियारिस डिसमिनेट्स फेसिसि और ग्रेनुलोमेट्स सृक्कशोथ क्लीनिकोपैथोलॉजिकल अध्ययन।
6. ओरल स्क्वैमस कोशिका कार्सिनोमा और वेरूकोस कार्सिनोमा में एचपीवी–16 और ईजीएफआर में उत्परिवर्तन।
7. चूहों में फेफड़े की धमनी उच्च रक्तचाप के प्रयोगशाला में अर्जुन (*अर्जुन वृक्ष* (*रॉक्सब.*)) और तुलसी (*ओसीमम सैंक्टम* (*लिन्न.*)) का मूल्यांकन।
8. ओरल सब म्युकस फाइब्रोसिस के इम्यूनोहिस्टोकेमिकल लक्षण और सर्जिकल परिणाम।
9. प्राथमिक सिलियरी डाय डिस्केनेसिया के क्लिनिकल दृष्टि से संदिग्ध मामलों में सिलियरी असामान्यता का इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपिक अध्ययन।

पूर्ण
1. वक्ष एरोटिक ऐन्यूरिज्मस में मेट्रिक्स मेटालोप्रोटिनेज–2, मेट्रिक्स मेटेलोप्रोटिनेज–9, ऊतक इंहिबीटर मेटलोप्रोटिनेज–1, ऊतक इंहिबिटर मेटेलोप्रोटीनेज–2, कोलाजेन 1 एवं 4 अभिव्यक्ति की अभिव्यक्ति।
2. फाइब्रोसिस, कोशिका घनत्व, आर्टरियोलर घनत्व और कोलेजन 4 वितरण के पैटर्न के हिस्टोलॉजिकल और मोर्फोमेट्रिक विश्लेषण के विशेष संदर्भ में फैली हुई कार्डियोमायोपैथी के रोग का मूल्यांकन – एंडोमायोकार्डियल बायोप्सी और एक्सप्लांटिड मूल हृदय पर एक अध्ययन।
3. युवा भारतीयों में कोरोनरी एथिरोस्क्लिरोसिस की व्यापकता : एक ऑटोप्सी अध्ययन।
4. ई–कैथेरिन, बीटा–म्यूनोहिस और और एक गर्भाशय ग्रीवा लिम्फ नोड में एक मेटास्टेटिक स्क्वैमस कोशिका कार्सिनोमा के साथ उसकी तुलना में मौखिक स्क्वैमस कोशिका, वेरूकोस कार्सिनोमा में विमेंटिन का इम्युनोहिस्टोकैमिकल अध्ययन।
5. एकल एंजाइम (ट्रिप्सिन) और कई एंजाइम (ट्रिप्सिन, कोलेजिनेस और डिस्पेस) से विटिलिगो में प्रतिरोपण के लिए निकाले गए बाल के फॉलिकल बाहरी जड़ की शीथ कोशिका निलंबनों की विभिन्न कोशिकाओं की दक्षता, जीव क्षमता और संरचना का तुलनात्मक अध्ययन।
6. इम्यूनोहिस्टोकैमिस्ट्री पर विशेष बल के साथ त्वचीय तपेदिक का एक क्लिनको रूपात्मक अध्ययन।

7. मैकुलोपेपुलर वायरल एक्जांथेम और दवा प्रेरित एक्जांथीमा की हिस्टोपैथोलॉजिकल सुविधाओं का आकलन।
8. कार्सिनोमा के साथ और लिम्फनोड मेटास्टेसिस और वेरूकस कार्सिनोमा के बिना ओरल स्क्वैमस सेल में जैक –पी, स्टेट–3 तथा बीसीएल–2 की इम्यूनोहिस्टोकैमिकल अभिव्यक्ति।

सहयोगी परियोजनाएं

जारी

1. हार्ट फेलियर में फाइब्रोसिस (भारत और यूके में फार्माकोलॉजी, कार्डियोलॉजी)।
2. प्रतिकूल प्रभावों को कम करने के लिए पैकेजिंग और माइकोबैक्टीरियम वैक्सीन के दर्द का इंजेक्शन और एक नए नियमन का विकास और दुर्दम्य एनोजेनिटल और एक्स्ट्रा–जेनेटिकल (सामान्य) में उनका नैदानिक परीक्षण वार्ट्स (त्वचा विज्ञान) एम्स।
3. फेशियल वॉल्यूम घटने के उपचार में ऑटोलॉगस गैर–सुसंवर्धित त्वचीय कोशिका संस्पेंशन प्रत्यारोपण, त्वचा रोग विज्ञान, एम्स।
4. चूहे में प्रेरित फेफड़े विषाक्तता ब्लिओमायसिन में सीसेमोल का अध्ययन, फार्माकोलॉजी एम्स।
5. पेम्फिगस वलगेरिस के इम्यूनोपैथोजेनेसिस में पैटर्न मान्यता रिसेप्टर (पीआरआर) के साथ $\gamma\delta$ टी कोशिका सबसेट की फिनोटाइपिक और कार्यात्मक भूमिका की खोज, फार्मेकोलॉजी, एम्स।

<u>स्टेम सेल सुविधा *(डीबीटी–स्टेम सेल अनुसंधान के लिए उत्कृष्टता केंद्र)*</u>

वित्तपोषित परियोजनाएं

जारी

1. अस्थि मज्जा और एडिपोस ऊतक से प्राप्त मिसेनकाइमल स्टेम कोशिकाओं (एमएससी) द्वारा स्रावित एक्सोसोम का अध्ययन। सुजाता मोहंती, एम्स 1 वर्ष, 2015 – 16, 4.70 लाख रुपए।
2. माइक्रोपैटर्न सतह और डिसेलुराइज्ड कोर्नियस का उपयोग कर स्कल्पचरिंग कॉर्निया निर्माण, सुजाता मोहंती, डीबीटी, 3 वर्ष, 2014–2017, 27.98 लाख रुपए।
3. कोरोनरी धमनी रोग के रोगियों में पेरीफेरल रक्त मोनो न्यूक्लियर कोशिकाओं को स्थायी बनाने के लिए टीलोमरेस ट्रांसक्रिप्टेस (टीईआरटी) जीन को लक्षित कराना। सुजाता मोहंती, आईसीएमआर, 3 वर्ष, 2014–2017, 56.0 लाख रुपए।
4. माइटोकोंड्रियल अंतरण के जरिए कोशिका की मरम्मत और पुनर्जनन में ऊतक विशिष्ट एमएससी की भूमिका के मूल्यांकन के लिए एक तुलनात्मक अध्ययन, सुजाता मोहंती, डीबीटी, 3 वर्ष, 2016 – 19, 16.0 लाख रुपए।

पूर्ण

1. मानव अस्थि मज्जा मेसेंकायमल स्टेम कोशिकाओं से व्युत्पन्न प्रकार्यात्मक रूप से सक्रिय कार्डियोमायोसाइटिस के वंश की ओर हृद विशेष जीनों के संबंध का अध्ययन करना, सुजाता मोहंती, आई सी एम आर, 3 वर्ष, 2012–15, 49.9 लाख रुपए।
2. एंब्रियोनिक स्टेम कोशिकाओं के स्व नवीनीकरण के अनुरक्षण में माउस एंब्रियोनिक फिब्रोब्लास्ट एवं मानव फोर स्किन फाइब्रोब्लास्ट फीडर कोशिकाओं की भूमिका : टी जी एफ – एवं आई जी एफ –।। की भूमिका, सुजाता मोहंती, यूजीसी, 2 वर्ष, 2013–15, 4.7 लाख रुपए।

विभागीय परियोजनाएं

जारी

1. कार्यात्मक कार्डियोमायोकाइटस में अस्थि मज्जा व्युत्पन्न मेसेंकायमल स्टेम कोशिकाओं के विभेद क्षमता का पता लगना।
2. मानव मेसेंकायमल स्टेम कोशिकाओं से कार्यात्मक डोपामिनर्जिक न्यूरोन्स का अध्ययन।
3. एचएलए–जी और अन्य घुलनशील कारकों के माध्यम से ऊतक विशिष्ट मानव एमएससी की इम्यूनोमॉड्यूलेटरी संभाव्यता।
4. दवा प्रेरित जिगर चोट मॉडल में ऊतक विशिष्ट एमएससी निकाली गई एक्सोसोम्स की भूमिका का मूल्यांकन।
5. पूर्ण क्लिनिकल संभाव्यता के लिए दाता के कॉर्नियल ऊतकों के विस्तारित उपयोग हेतु कार्यनीतियों की खोज के लिए पात्रे अध्ययन।
6. स्टीवन जॉनसन सिंड्रोम और उसके नेत्र सिक्वेल की आण्विक विशेषता।
7. भेदभाव थायराइड कैंसर का इमेजिंग और आणविक लक्षण वर्णन।
8. हेपेटो सेलुलर कार्सिनोमा में बायोमार्कर के रूप में माइक्रो आरएनए की भूमिका।
9. कैल्शियम सिलिकेट आधारित सिमेंट द्वारा गैर अवकलित मिसेनकाइमल स्टेम कोशिकाओं की कोशिकीय प्रतिक्रियाओं तथा ऑस्टियोजेनिक संभाव्यता का तुलनात्मक मूल्यांकन – एक हिस्टोकैमिकल अध्ययन।
10. स्तन कैंसर के लक्षण वर्णन ऑप्टिकल।
11. अस्थि ऊतक इंजीनियरी में मानव अस्थि मज्जा से उत्पन्न एचएमएससी और इसके अनुप्रयोग हेतु एचयूवीईसी माइक्रो ऊतकों से पात्रे और जीवे एण्डोथेलियल नलियों को स्थिर बनाना।
12. मौखिक केविटी स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा में परिसंचारी ट्यूमर कोशिकाओं के डिटेक्शन और मात्रा का पता लगाना।
13. एप्लास्टिक एनीमिया में टी कोशिकाएं सबसेट और उनके कार्य
14. डायबिटीज़ के घावों में ठीक होने की ताकत बढ़ाने के लिए दिए गए मेट्रिक्स में एडिपोज से उत्पन्न मिसेनकाइमल स्टेम कोशिकाओं के अवकलन को समझना।
15. चूहों में मध्य सेरिब्रल आर्टरी की रुकावट के मॉडल में आघात पर आघात संबंधी जीनों के अभिव्यक्ति स्तर पर मानव अस्थि मज्जा से उत्पन्न मिसेनकाइमल स्टेम कोशिकाओं और प्रवर्तक के मेथिलेशन पैटर्न के प्रभाव।

पूर्ण

1. संपूर्ण हृदय ब्लॉक में पेसिंग आवश्यकताओं को कम करने के लिए स्टेम सेल थेरैपी की भूमिका।
2. एकल एंजाइम (ट्रिप्सिन) और कई एंजाइम (ट्रिप्सिन, कोलेजिनेस और डिस्पेस) से विटिलिगो में प्रतिरोपण के लिए निकाले गए बाल के फॉलिकल बाहरी जड़ की शीथ कोशिका निलंबनों (ईएचएफ ओआरएस सीएस) की विभिन्न कोशिकाओं की दक्षता, जीव क्षमता और संरचना का तुलनात्मक अध्ययन।
3. एम्नियोटिक द्रव से मेसेंकायमल स्टेम सेल का आइसोलेशन और लाक्षणीकरण।
4. रक्त स्राव के आघात से प्रभावित अभिघात पीड़ितों में पुनर्योगज मानव एरिथ्रो प्रोटीन की भूमिका का अध्ययन करना : स्टेम कोशिका विषमता के माध्यम से एक विट्रो एप्रोच।

सहयोगी परियोजनाएं

जारी

1. मैकुलर डिजनरेशन से संबंधित ड्राइ ऐज में ऑटोलॉग्स अस्थि मज्जा व्युत्पन्न स्टेम कोशिकाओं का मूल्यांकन (रा. प्र. केन्द्र)।
2. आंखों में जलन के कारण कुल लिम्बल स्टेम कोशिका कमी के कारण इसके प्रबंधन में एम्नियोटिक झिल्ली प्रतिरोपण बनाम लिम्बल लेंटिक्युल प्रत्यारोपण से ऑटोलॉगस संवर्धित लिम्बल स्टेम कोशिकाओं की तुलना : एक यादृच्छिक नियंत्रित क्लिनिकल परीक्षण (आरपीसी)।
3. बाइफंक्शनल मार्करों के उपयोगी स्ट्रोक में ऑटोलोगस स्टेम सेल ट्रांसप्लांटेशन की पेराक्राइन मैकेनिज्म का अध्ययन (तंत्रिका विज्ञान)।

पूर्ण

1. अंबिलिकल कॉर्ड और एम्नियोटिक फ्ल्यूड से मेसेंकायमल स्टेम कोशिकाओं का आइसोलेशन एवं लाक्षणीकरण।

ओआरबीओ

जारी

1. भारत में एक सुपर स्पेशिलिटी ब्लड सेंटर में ऑप्टिमिसिंग ब्लड इंवेंटरी का प्रबंधन
2. अ. भा. आ. सं. अस्पताल में नर्सों के व्यावसायिक जीवन की गुणवत्ता और नर्सों में बर्न आउट पर अध्ययन।

पूर्ण

1. अ. भा. आ. सं. में विभिन्न प्रयोगशालाओं में तत्संबंधी जांच और शुल्क का अध्ययन।
2. जठरांत्र शल्य चिकित्सा विभाग, अ. भा. आ. सं. में रोगियों की सुरक्षा के लिए एक उपकरण के रूप में स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के बीच संचार का अध्ययन करना।
3. सी. एन. सेंटर में पैकेज चार्ज के तहत इलाज कराने वाले रोगियों के बिल्स की प्रतिपूर्ति प्रक्रिया और निपटान का अध्ययन।

सहयोगी परियोजनाएं

जारी

1. सीआरएचएसपी – एम्स, बल्लभगढ़ सीसीएम, एम्स, नई दिल्ली में वयस्क ग्रामीण आबादी के बीच ऑर्गन डोनेशन में ज्ञान और बाधाओं का अध्ययन।

रक्ताधान सेवाएं

विभागीय परियोजनाएं

1. भारत में एक सुपरस्पेशलिटी रक्त केंद्र में अनुकूलन रक्त सूची प्रबंधन – एक मामला अध्ययन।

सहयोगी परियोजनाएं

जारी

1. एचआईवी – 1 प्राथमिक आइसोलेट का उत्पादन और लाक्षणीकरण व्यापक उदासीनी कारक एंटीबॉडी की उदासीनीकरण संवेदनशीलता के लिए बाल रोगियों से अलग करना, जैव रसायन विभाग, एम्स।
2. एचआईवी–1 संक्रमण में डीसी–एसआईजीएनआर की इम्यूनोमोड्यूलेटरी की भूमिका, जैव रसायन विभाग, एम्स।

3. एचआईवी – 1 प्राथमिक आइसोलेट का उत्पादन और लाक्षणीकरण व्यापक उदासीनी कारक एंटीबॉडी की उदासीनीकरण संवेदनशीलता के लिए बाल रोगियों से अलग करना। जैव रसायन विभाग, एम्स।
4. एचआईवी–1 संक्रमण में डीसी–एसआईजीएनआर की इम्यूनोमोड्यूलेटरी की भूमिका, जैव रसायन विभाग, एम्स।
5. एचआईवी–1 से संक्रमित एंटीरेट्रोवाइरल नैवे और उपचारित व्यक्तियों के डेंटड्राइटिक कोशिकाओं पर नियामकों और पूरक रिसेप्टर्स की अभिव्यक्ति का अध्ययन, जैव रसायन विभाग, एम्स
6. कोरोनरी धमनी रोग वाले रोगियों के इम्मोर्टिलाइज पेरीफेरल रक्त मोनोन्युक्लियर कोशिकाओं को जीन टेलोमेरेज रिवर्स ट्रांसक्रिप्टेस (टीईआरटी) लक्षित करना, स्टेम सेल विभाग, सीएनसी।
7. स्वस्थ भारतीय वयस्कों में सीरम मुक्त लाइट चेन्स के सामान्य संदर्भ रेंज की स्थापना। प्रयोगशाला अर्बुद विज्ञान, बीआरए, आईआरसीएच, एम्स।

प्रकाशन

हृदय वक्ष और संवहनी सर्जरी

पत्रिकाएं : 35 सार : 5 पुस्तकों में अध्याय : 7

हृदय रोग विज्ञान

पत्रिकाएं : 69 पुस्तकों में अध्याय : 10

हृदय संवेदनाहरण

पत्रिकाएं : 47 पुस्तकों में अध्याय : 6 पुस्तकें : 1

हृदय विकिरण विज्ञान

पत्रिकाएं : 13

नाभिकीय चिकित्सा

पत्रिकाएं : 4 सार : 1

हृदय विकृति विज्ञान

पत्रिकाएं : 24 सार : 11

स्टेम सेल सुविधा

पत्रिकाएं : 10 पुस्तकों में अध्याय : 1

ओआरबीओ

पत्रिकाएं : 2 सार : 1

रोगी उपचार

हृदय वक्ष और संवहनी सर्जरी

किए गए कुल ऑपरेशनों की संख्या

1. ओपन हार्ट सर्जरी	2991
2. क्लोज्ड हार्ट सर्जरी	0916
कुल ऑपरेशन	3907

हृदय वक्ष और संवहनी सर्जरी बाह्य रोगी विभाग में 49608 रोगी को देखा गया और इलाज किया गया।

हृदय रोग विज्ञान

1. नए ओपीडी मामले	36050
2. पुराने हृदय रोग विज्ञान मामले	92085

रोगी सेवाएं

टी एम टी	2134	होल्टर	2800
इकोकार्डियोग्राफी	33300	फेटल इकोकार्डियोग्राफी	150
ईसीजी	40590	एबीपी	184
टीईई	38	एचयूटीटी	154

कैथ लैब सेवाएं

सीएआरटी	2340	कैथ	1278
बैलून डिलेटेशन	150	पीटीएमसी	376
पीडीए	158	एएसडी डिवाइस	65
वीएसडी डिवाइस	20	पीटीसीए	1394
पेसमेकर्स	252	आईसीडी	65
सीआरटी–पी	66	आरएफए	120
सीएआरटीओ	30	डीएसए	420
ईवीएलए	260		

हृदय संवेदनाहरण

- 2–3 रोगियों को प्रतिदिन एनेस्थीसिया उपचार।

हृदय विकिरण विज्ञान

प्रक्रिया	संख्या	प्रक्रिया	संख्या
एमआरआई	391	सीटी	**2801**
डीएसए	1100	डॉपलर और अल्ट्रासाउंड	**4009**
कैथेटर एंजियोग्राफिस	6703		

कार्डियक बायोकेमिस्ट्री

कार्डियक बायोकेमिस्ट्री प्रयोगशाला कार्डियोथोरासिक केंद्र के बाह्य और आंतरिक रोगियों तथा अन्य विभागों और अस्पतालों के रोगियों के कुछ नैदानिक परीक्षण करती है। अस्पताल की सूचना प्रणाली के साथ प्रयोगशाला उपकरण की इंटरफेसिंग द्वारा रोगी देखभाल सेवाओं में सुधार लाया गया है। वॉर्ड नमूने न्यूमैटिक ट्यूब सिस्टम के द्वारा प्राप्त किए जाते हैं। इस प्रयोगशाला में किए गए परीक्षणों की सूची और उनका वार्षिक कार्यभार निम्नवत है :

ग्लूकोज, केएफटी, एलएफटी, सीए, पीओ4, एमिलेस	32,500
थाइरॉयड प्रोफाइल, प्रोलैक्टिन, कोर्टिसोल	9000

डायजोक्सिन	120	साइक्लोस्पोरिन	100
लिपिड प्रोफाइल	24500	सीके	5000
सीके – एमबी	3300	एलडीएच	5700
एएसओ	4500	सीआरपी	6800
होमोसिस्टीन	530	विटामिन बी 12	5400
विटामिन डी	3500	पीटीएच	200
वीएमए	515	एड्रेनालाइन और नोराड्रेलिन	700
एचबी ए1सी	8000	हेमोग्राम	35000
पीटी/आईएनआर	32000	एपीटीटी	5500

नाभिकीय चिकित्सा

सीएनसी में नाभिकीय हृद विज्ञान एकक द्विमुखी स्पेक्ट–सीटी गामा कैमरा से सुसज्जित है। नाभिकीय हृद विज्ञान एकक सी एन केंद्र एवं अस्पताल के अन्य विभागों से हृद अध्ययनों के लिए रेफर किए गए रोगियों का प्रबंध करता है।

विभाग द्वारा मायोकार्डियल परफ्युजन अध्ययन किया जाता है जो कोरोनरी धमनी रोग के रोगियों के निदान और प्रबंधन का अनिवार्य परीक्षण है। पेसमेकर पर रोगियों के मूल्यांकन एवं कीमोथेरेपी लेने वाले रोगियों में हृद आकलन हेतु सं. रो. कैं. अ. एवं केंद्र से रेफर किए गए सीएडी रोगियों में बाएं वेंट्रीकुलर प्रकार्य के आकलन के लिए रेडियोन्यूक्लाइड वेंट्रीकुलोग्राफी को भी निष्पादित करता है। हम मायोकार्डियल जीवन क्षमता के आकलन के लिए एफ–18 एफडीजी ग्लूकोज मेटाबॉलिक अध्ययन तथा एन–13 एनएच 3 परफ्यूजन के साथ हृद पी ई टी इमेजिंग को भी निष्पादित करते हैं।

एमयूजीए प्रयोगशाला

मायोकार्डियल परफ्यूजन अध्ययन	1887	आरएनवी अध्ययन	737
कार्डियक पीईटी	57	विविध (वी/क्यू स्कैन, 1 पास)	49
किए जाने वाले अध्ययन की कुल संख्या	2730		

हृद विकृति विज्ञान

नमूने

नैमिक :	403 रोगियों की संख्या	अनुसंधान	125 रोगियों की संख्या
कोटिड स्लाइडें :	एपीईएस	46254 स्लाइडों की संख्या	

अन्य कार्य

एच और ई स्टेन	147 स्लाइडें	एपीईएस कोटेड :	55262 स्लाइडें

पोस्ट प्रत्यारोपण बायोप्सी का मैनुअल प्रसंस्करण :	11 मामले
ब्लॉक (बेदाग वर्गों) को हटाना :	405 मामले
इम्युनोहिस्टोकैमिस्ट्री	271 स्लाइडें

स्टेम सेल सुविधा

विभाग में उपलब्ध सुविधाएं

1. बोन मैरो से स्टेम सेल आइसोलेशन 37
2. बोन मैरो का क्रायोप्रिसर्वेशन 01
3. एफेरेसिस सैम्पल का क्रायोप्रिसर्वेशन 06
4. अम्बीलिकल कॉर्ड ब्लड क्रायोप्रिसर्वेशन 03
5. कल्चर्ड ओरल म्युकोसा एपिथेलियल ट्रांसप्लांटेशन 24
6. कल्चरल लिम्बल एपिथेलियल ट्रांसप्लांट 02
7. ग्राफ्टिंग 13 बैचों के लिए एमनिओटिक मेम्ब्रेन तैयार करना (360 रोगी)
8. स्टेम सेल प्री और पोस्ट ट्रांसप्लांटेशन/इंफ्युजन का वायबिलीटी 49
9. स्टेम सेल गणना 39

ओआरबीओ

1. हृदय प्रत्यारोपण के पंजीकरण के नवीकरण में समन्वित।
2. डोनर रजिस्ट्री : ओरबो के प्रोत्साहित करने पर अंग दान हेतु 5655 व्यक्तियों ने प्रतिज्ञा की।
3. अंग एवं ऊतक दान के अच्छे कार्य को बढ़ाने के लिए विभिन्न संगठन के साथ सहयोग।

समुदाय सेवा / कैम्प की कुल संख्या : 131 नग

ब्लड ट्रांसफ्यूजन सेवाएं

रक्त इकाई एकत्र	
प्रतिस्थापन दाता	10395
विभाग में स्वैच्छिक दाता	242
रक्त मोबाइल के माध्यम से स्वैच्छिक दाता	276
परिवार के स्वैच्छिक दाता	10354
आईआरसीएस से प्राप्त रक्त	11
अस्पताल, ब्लड बैंक, एम्स से प्राप्त रक्त	63
अन्य अस्पतालों से प्राप्त रक्त	48
जमा रक्त इकाइयों की कुल संख्या	**21389**
जारी रक्त यूनिट	
सीटीवीएस / एनएस को जारी ब्लड इकाई	25019
अस्पताल, ब्लड बैंक, एम्स से जारी रक्त	640
जेपीएनएटीसी को जारी रक्त	25
आईआरसीएस को जारी रक्त	321
अन्य अस्पतालों को जारी रक्त	1553
एचआईवी/एचबीएसएजी/एचसीवी/ रिएक्टिव यूनिट हटाई गईं।	577
जारी रक्त यूनिट की कुल संख्या	**28135**

प्रयोगशाला प्रक्रियाएं	
रक्त समूह (एबीओ) की कुल संख्या	91268
रक्त समूह (आरएच) की कुल संख्या	61268
किए गए क्रॉस मैचिंग की कुल संख्या	118995
संक्रामक मार्कर	
एचआईवी जांच	25128
एचबीवी जांच	25060
एचसीवी जांच	25080
वीडीआरएल जांच	23450
एमवी जांच	23450
एनएटी जांच	21355
सीएमवी जांच	414
एचबीवी जांच	उपलब्ध नहीं
कुल	**143937**
तैयार किए गए रक्त घटकों की कुल सं.	
फ्रेश फ्रोजन प्लाज्मा (एफएफपी)	20935
प्लेटलेट सांद्र	17815
पुनः प्राप्त प्लाज्मा	2290
क्रायोप्रेसीपिटेट	1010
पैक्ड लाल सेल्स	21267
एकल दाता प्लेटलेटफेरेसिस	8
कुल	**63325**

पुरस्कार, सम्मान और महत्वपूर्ण उपलब्धियां

<u>हृदय वक्ष और संवहनी सर्जरी</u>

आचार्य बलराम एरन ने जी. बी. पंत अस्पताल, नई दिल्ली में 7 मार्च 2015 को डॉ. माधुरी निगम मेमोरियल ओरेशन प्रदान किया; इण्डियन एसोसिएशन ऑफ कार्डियो वेस्कुलर और थोरेसिक सर्जरी के तहत टेक्नो कॉलेज 2015 के दौरान एक व्याख्यान दिया, 28 से 29 मार्च, जयपुर; 21.04.2015 को डॉ. बी. एल. कपूर, मेमोरियल अस्पताल, नई दिल्ली के पंजीकरण (न्यू) का निरीक्षण आयोजित किया। इंडो–यूएस हेल्थ समिट, मिन्नएपोलिस, यूएसए में 2 से 5 अगस्त 2015 में भाग लिया; पीजीआईएमईआर में संकाय पद हेतु भर्ती नियमों में संशोधित करने हेतु समिति के सदस्य के रूप में मनोनीत, अक्तूबर 2015 माह में चण्डीगढ़; संकायाध्यक्ष, शैक्षिक, एम्स, जून 2015; एपेक्स टेकनिकल कमेटी, एनओटीटीओ के सदस्य के रूप में नियुक्त।

आचार्य एस. के. चौधरी ने प्रतिष्ठित ''डॉ. सदाशिवन ओरेशन'' दिया जिसका शीर्षक ''हाउ टू स्टार्ट एन ऑर्टिक प्रोग्राम : ए जर्नी इंटू पर्सनल बिलिव्स एण्ड कंविक्शंस'' था : इण्डियन एसोसिएशन ऑफ कार्डियोवेस्कुलर एण्ड थोरेसिक सर्जन का 62वां वार्षिक सम्मेलन, 19 से 22 फरवरी 2016, लखनऊ। यह

विशेषज्ञता का सबसे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय ओरेशन है; जीईएमएससीओएन 2015, नई दिल्ली में डॉ. हर्ष वर्धन, मंत्री, विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 'डिस्टिंग्विश्ड एल्यूमंस अवार्ड'' से पुरस्कृत; एरोटा एण्ड वेस्कुलर, फॉर इण्डियन जर्नल ऑफ थोरेसिक एण्ड कार्डियोवेस्कुलर सर्जरी, नई दिल्ली में अनुभाग संपादक के रूप में नियुक्त; एसजेएच, नई दिल्ली हेतु हार्ट लंग मशीन की खरीद, 2015 हेतु महा निदेशालय, स्वास्थ्य सेवा निदेशालय द्वारा तकनीकी विनिर्देशन को अंतिम रूप देने लिए सदस्य; एसजीपीजीआई, लखनऊ में हार्ट, लंग, एण्ड हार्ट–लंग ट्रांसप्लांटेशन 2015 के लिए बाहरी विशेषज्ञ के रूप में नामित; इंस्पेक्शन ऑफ एस्कॉर्ट हार्ट फोर्टिस इंस्टीट्यूट, नई दिल्ली फॉर हार्ट ट्रांसप्लांटेशन, 2015; इंस्पेक्शन ऑफ इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल, नई दिल्ली फॉर हार्ट ट्रांसप्लांटेशन के रूप में नामित, 2015; आरआईएमएस समर्थन हेतु दल के नेता, रांची सीटीवीएस विभाग के विकास के लिए; पीजीआईएमईआर में एमसीएच (सीटीवीएस) हेतु शोध के मूल्यांकन के लिए आंतरिक विशेषज्ञ, चण्डीगढ़, जून 2015; इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिसिन, काठमांडू, नेपाल में 28 से 29 सितंबर 2015 के बीच एमसीएच (सीटीवीएस) की परीक्षा के मूल्यांकन और किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ, 20 जुलाई 2015 को आयोजित परीक्षा के लिए आंतरिक विशेषज्ञ; एम्स, ऋषिकेश, 2015 के डिपार्टमेंट ऑफ सीटीवीएस में अपर प्रोफेसर के चुनाव हेतु विशेषज्ञ; सहायक प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ सीटीवीएस, एम्स, पटना, 2015; सहायक आचार्य/सह आचार्य, डिपार्टमेंट ऑफ सीटीवीएस, एम्स, जोधपुर, 2016.

आचार्य सचिन तलवार को शिकागो में जन्मजात हृदय सृजन सोसायटी की वार्षिक बैठक में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया और अक्तूबर 2015 में सेनिंग ऑपरेशन के साथ बड़ी उम्र के रोगियों के अनुभव प्रस्तुत किए; भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् द्वारा एमसीएच (बाल रोग, सीटीवीएस) के लिए पाठ्यचर्या बनाने हेतु बोर्ड के संयोजक; इंटरनेशनल जर्नल ऑफ कार्डियोलॉजी, एशियन कार्डियोवेस्कुलर एण्ड थोरेसिक एनाल्स, यूरोपीयन जर्नल ऑफ कार्डियोथोरेसिक सर्जरी, इंटरएक्टिव कार्डियोवेस्कुलर एण्ड थोरेसिक सर्जरी, कार्डियोलॉजी इन यंग, इण्डियन जर्नल ऑफ थोरेसिक एण्ड कार्डियोवेस्कुलर सर्जरी, इण्डियन जर्नल ऑफ सर्जरी, जर्नल ऑफ पोस्टग्रेजुएट मेडिसिन, इण्डियन जर्नल ऑफ मेडिकल साइंस, वर्ल्ड जर्नल ऑफ पीडियाट्रिक एण्ड कॉनजिनिटल हार्ट सर्जरी, कार्डियोलॉजी इन यंग हेतु नियमित समीक्षक; पीजीआई चण्डीगढ़ में संकाय चुनाव के लिए चयन समिति सहायता के लिए बाहरी विशेषज्ञ; एमसीएच (सीटीवीएस) गुजरात यूनिवर्सिटी; नागपुर में एमसीएच सीटीवीएस परीक्षक।

आचार्य मिलिंद होते को हार्ट ट्रांसप्लांट रजिस्ट्री हेतु डेटाबेस के फॉर्मूलेशन के लिए नोटो समिति के सदस्य के रूप में आमंत्रित किया गया था – दाता के मानदंड और प्राप्त करने वाले के मानदंड, प्राप्त करने वाले के फॉलोअप।

डॉ. रमेश मेनन को हावर्ड मेडिकल स्कूल के एसक्यूआईएल कार्यक्रम हेतु चुना गया था, 2015–16 के लिए, रोगी सुरक्षा, गुणवत्ता, सूचना विज्ञान, नेतृत्व पर मिश्रित अध्ययन आधार पर प्रमाणपत्र पाठयक्रम।

<u>हृदय रोग विज्ञान</u>

आचार्य वी. के. भाल पाठ्यक्रम निदेशक थे, इण्डिया लाइव एण्ड एमेरिटस संपादक, इण्डियन हार्ट जर्नल।

आचार्य अनीता सक्सेना एपीपीसीएस (एशिया पैसिफिक पीडियाट्रिक सोसाइटी ऑफ इंडिया) की अध्यक्ष। पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी, वेराइटी चिल्ड्रेंस हार्ट सेंटर विनिपेग के अतिथि आचार्य रहीं और नेशनल रूमैटिक हार्ट कंसोर्शियम की अध्यक्ष रहीं।

आचार्य एस. एस. कोठारी शेर–ए–कश्मीर इंस्टीट्यूट, श्रीनगर में संकाय के चुनाव/पदोन्नति हेतु विशेषज्ञ; एम्स, रायपुर में नियमित संकाय पद के चयन के लिए विषय के विशेषज्ञ; श्री चित्रा तिरुनाल इंस्टीट्यूट फॉर मेडिकल साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी में बाह्य विशेषज्ञ।

आचार्य बलराम भार्गव ने भारत में वहनीय स्वास्थ्य देख रेख के लिए आर एण्ड डी पर वेलकम ट्रस्ट डीबीटी का प्रयास; बीएमजे इनोवेशंस के सम्पादक; अध्यक्ष, एसएलआईएम (सोसायटी फॉर लेस इंवेस्टीगेटिव मेडिसिन) रहे।

आचार्य के. सी. गोस्वामी कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया, दिल्ली शाखा के अध्यक्ष रहे।

डॉ. संदीप सेठ जेपीसीएस के मुख्य संपादक थे।

आचार्य राकेश यादव सीएसआई के ई सी सदस्य थे।

आचार्य संदीप मिश्रा इंडियन हार्ट जर्नल के संपादक थे; बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज एससीएआई, एशिया इंटरवेंशन के सहायक संपादक; टीसीटी भारत के पाठ्यक्रम निदेशक, श्रीलंका इंटरवेंशनल की बैठक।

आचार्य नितीश नायक अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी के अध्येता चुने गए और आईएचजे के कार्यकारी संपादक रहे।

आचार्य जी. कार्तिकेयन बीएमजे द्वारा प्रकाशित हृदय की तीन पत्रिकाओं में से एक, *हार्ट एशिया* के मुख्य संपादक; रियूमेटिक हार्ट डिजीज (आरएचडी) के समूह सदस्य, इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ मेट्रिक्स एण्ड एवेल्यूशन (आईएचएमई) द्वारा रोग अध्ययन समन्वित के वैश्विक भार के विशेषज्ञ समूह; रियूमेटिक हार्ट डिजीज, एविडेंस, एडवोकेसी, कॉम्युनिकेशन सलाहकार समिति के प्रमुख, होप (आरएचईएसीएच) जो ''टू आइडेंटिफाई, डिस्क्राइब एण्ड डिसेमिनेट सॉल्यूशंस फॉर दिस नेगलेक्टिड डिजीज एण्ड टू रिड्यूस द बर्डन ऑन वुलनेरेबल पॉपुलेशंस अराउंउ द वर्ल्ड'' (http://www.rheach.org/) के अधिदेश के साथ एक अंतरराष्ट्रीय सहयोग हैं।

डॉ. अम्बुज रॉय अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी के अध्येता थे।

डॉ. एस. रामाकृष्णन को सचिव, कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया दिल्ली (सी एस आई) के रूप में चुना गया; पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी के एनल्स के सहायक सम्पादक; पीडियाट्रिक कार्डियक सोसाइटी ऑफ इंडिया के सचिव रहे, ट्रेजरर ऑफ नेशनल रियूमेटिक हार्ट कंसोर्शियम; आईएचजे के कार्यकारी संपादक और जेपीसीएस के सह संपादक रहे।

हृदय संवेदनाहरण

हृदय संवेदनाहरण विभाग के संकाय और रेजीडेंट डॉक्टरों को राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में सम्मानित किया गया और दो सर्वोत्तम शोध पत्र पुरस्कार दिए गए। सभी वरिष्ठ आचार्य पूरे भारत में विभिन्न डीएम हृदय संवेदनाहरण पाठ्यक्रम के लिए परीक्षक रहे हैं।

आचार्य उषा किरण को सोसायटी ऑफ ट्रांसइसोफेजियल इकोकार्डियोग्राफी द्वारा प्रथम ओरेशन पुरस्कार से सम्मानित किया गया; वे प्राण (पार्किंसन संबंधी जागरुकता नेटवर्क) की उपाध्यक्ष और विभिन्न पत्रिकाओं के

एडिटोरियल बोर्ड की सदस्य बनी रही; उन्हें चण्डीगढ़ में टीईई के सम्मेलन में तथा चेन्नई के सम्मेलन में सर्वोत्तम शोध पत्र पुरस्कार और जनक मेहता पुरस्कार प्रदान किया गया।

आचार्य संदीप चौहान अनेक पत्रिकाओं के एडिटोरियल बोर्ड के सदस्य थे और उन्होंने अनेक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में हिस्सा लिया; ''कॉम्युनिकेशन प्रोब्लम इन डॉक्टर पेशेंट् रिलेशनशिप'' सत्र के लिए और ''डॉक्टर पेशेंट रिलेशनशिप'' पर एक अन्य सत्र में पैनालिस्ट रहें; 32वें राष्ट्रीय माइंड बॉडी मेडिसिन सम्मेलन, माउंड आबू, राजस्थान में; वर्ल्ड कांग्रेस ऑफ क्लिनिकल प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजी एण्ड इमेजिंग में ''सेल्फ हेल्प किट टू कॉम्बेट स्ट्रेस बाय रिक लॉग'' पर सत्र की अध्यक्षता की; एम्स में 16.08.2015 को चौथी एम्स ईसीएमओ कार्यशाला का आयोजन किया।

आचार्य नीति मखिजा आईएसीटीए की कार्यकारी सदस्य निर्वाचित की गई और वे आईएसीटीए की अध्यापक तथा संपादकीय बोर्ड की सदस्य एवं विभिन्न पत्रिकाओं की सह संपादक रही; एफएनबी कार्डियक एनेस्थीसिया की राष्ट्रीय परीक्षक; श्री चित्रा और कोलकाता में डीएम कार्डियक एनेस्थीसिया परीक्षक; पीजीआईएमईआर, चण्डीगढ़ के लिए एमडी शोध प्रबंध की परीक्षक; नौवें राष्ट्रीय पेरिऑपरेटिव टीईई वर्क शॉप कम सीएमई में 21.08.2015 – 23.08.15 तक जन्मजात हृदय रोग के लिए इकोकार्डियोग्राफी पर सत्र की अध्यक्षता की; नारायण हृदयालय बैंगलोर; कार्डियक वॉल्व पर सत्र की अध्यक्षता; संरचना और कार्य, 03.10.2015 – 04.10.15 के बीच चौथी व्यापक पेरिऑपरेटिव टीईई कार्यशाला, मेदांता, द मेडिसिटी अस्पताल गुड़गांव; 10वें वार्षिक पेरिऑपरेटिव और क्रांतिक देखभाल इकोकार्डियोग्राफी कार्यशाला में 26.02. 16 – 28.02.2016 के बीच पीजीआईएमआर, चण्डीगढ़ में कोरोनरी आर्टरी रोग पर सत्र की अध्यक्षता की।

आचार्य पूनम मल्होत्रा पत्रिका – एनल्स ऑफ कार्डियक एनेस्थीसिया की मुख्य संपादक थी और उन्हें पब मेड में सूचीबद्ध किया गया; सिमोलेशन सोसायटी की सह संस्थापक और इण्डियन कॉलेज ऑफ कार्डियक एनेस्थीसिया; अध्यक्ष, ईसीएमओ रोगियों के प्रबंधन : पतली रेखा पर चलना; टीईई पर कार्यशाला की सह आयोजक और पेरिऑपरेटिव फेलोशिप परीक्षा के लिए समन्वय परीक्षक। टीईई कार्यशाला 21 – 23 अगस्त 2015, नारायण हृदयालय बैंगलोर; 'हेल्दी हार्ट' पर जन सम्मेलन के लिए पेनल सदस्य, क्लिनिकल और निवारक कार्डियोलॉजी तथा इमेजिंग (डब्ल्यूसीसीपीसीआई) पर दसवीं वर्ल्ड कांग्रेस, 2015, 3 – 5 सितंबर, 2015 माउंट आबू राजस्थान; बाल रोग कार्डियोलॉजी भावी चुनौतियां पर सत्र की अध्यक्ष; 2015 के लिए डॉ. ओपी यादव पर प्रदान किए जाने वाले 'डॉ. के के. मल्होत्रा मेमोरियल ओरेशन 'से सम्मानित किया गया, माननीय अध्यक्ष; वॉल्वोलर हृदय रोग; इको द्वारा मार्गदर्शित प्रबंधन; हृदय की आवाज़' सत्र के लिए; 'एससीसीटी के संयुक्त सत्र के लिए अध्यक्ष; 'स्टेमी और एसीएस में परिणामों के सुधार' पर वैज्ञानिक सत्र की अध्यक्षता की, वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ मेडिकल एडिटर्स (डब्ल्यूएएमई) इंटरनेशनल कांफ्रेंस फॉर मेडिकल जर्नल एडिटर की राष्ट्रीय समिति डब्ल्यूएएमई 2015 की सदस्यता, 1 – 4 अक्तूबर 2015, एम्स, नई दिल्ली।

आचार्य मिनाती चौधरी अनेक पत्रिकाओं के संपादकीय मंडल की सदस्य थी और उन्होंने अनेक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में हिस्सा लिया; ओटी तकनीशियनों के लिए एक नियमित रूप से शिक्षण कार्यक्रम शुरू किए।

हृदय विकिरण विज्ञान

आचार्य संजीव शर्मा आईजीएमसी, शिमला में जुलाई, 2015 में एमडी (रेडियोडायग्नोसिस) हेतु परीक्षक थे; पीजीआई, चण्डीगढ़ में दिसंबर में एमडी (रेडियोडायग्नोसिस) के लिए परीक्षक; कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रेडियोलॉजी एण्ड कार्डियोलॉजी जर्नल के लिए समीक्षक; विशेषज्ञ, वियना में इंटरनेशनल

एटोमिक एनर्जी एजेंसी, रेडियोलॉजी सुविधा की स्थापना पर परामर्शिका बनाने के लिए 1–11 सितंबर 2015 के बीच ऑस्ट्रिया का दौरा, ऑस्ट्रिया।

डॉ. गुरप्रीत एस. गुलाटी को इंडियन एसोसिएशन ऑफ कार्डियक इमेजिंग का उपाध्यक्ष (गैर–चयनित) नामित किया गया था; वे इंडियन हार्ट जर्नल के अनुभाग संपादक (इमेजिंग अनुभाग), सदस्य, एडिटोरियल बोर्ड, कार्डियोवेस्कुलर इमेजिंग सेक्शन ऑफ इंडियन जर्नल ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग; कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रेडियोलॉजी और कार्डियोलॉजी पत्रिकाओं के लिए समीक्षक रहे।

डॉ. प्रिया जगिया कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रेडियोलॉजी और कार्डियोलॉजी पत्रिकाओं के लिए समीक्षक रहीं।

डॉ. संजीव कुमार कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रेडियोलॉजी और कार्डियोलॉजी पत्रिकाओं के लिए समीक्षक रहे।

हृदय जैव रसायन

डॉ. लक्ष्मी रामकृष्णन कम्प्रेहेंसिव नेशनल न्यूट्रिशन सर्वे (सीएनएनएस) के संचालन हेतु स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा गठित तकनीकी सलाहकार समूह की सदस्य थी; ओबेसिटी एण्ड मेटाबोलिक सिंड्रोम के क्षेत्र में इण्डियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के परियोजना समीक्षा समिति के विशेषज्ञ सदस्य। गैर संचारी रोगों के क्षेत्र में आईसीएमआर की भी एक विशेषज्ञ सदस्य; भारत के विभिन्न राज्यों में डायबिटीज़ और डायबिटीज़ पूर्व स्थिति के अनुमान के लिए आईसीएमआर इण्डिया डायबिटीज़ (इण्डिया बी) पर कार्यदल परियोजना के लिए विशेषज्ञ सदस्य; इंटरनेशनल जर्नल ऑफ कार्डियोलॉजी एण्ड रिसर्च के संपादकीय बोर्ड के सदस्य; राष्ट्रीय संपादक, जे ऑफ प्रैक्टिस ऑफ कार्डियोवेस्कुलर साइंसिस; पीएलओएस वन हेतु लेखों की समीक्षा, बीएमसी क्लिनिकल पैथोलॉजी, जे ऑफ डेवलपमेंट ऑरिजिन ऑफ एडल्ट डिजीज, आईजेएमआर, कार्डियोवेस्कुलर एण्ड थोरेसिक ओपन, इण्डियन हार्ट जर्नल।

नाभिकीय चिकित्सा

डॉ. चेतन डी. पटेल को नाभिकीय चिकित्सा विभाग, एम्स, ऋषिकेश, 2015 में सहायक प्रोफेसर के चुनाव हेतु विशेषज्ञ के रूप में मनोनीत किया गया था; नेशनल एण्ड इंटरनेशनल न्यूक्लियर मेडिसिन जर्नल हेतु समीक्षक; निर्वाचित – सोसायटी ऑफ न्यूक्लियर मेडिसिन इण्डिया के कार्यकारी समिति के सदस्य।

हृदय विकृति विज्ञान

डर्मेटोपैथोलॉजी कार्यशाला पीजीआई में आयोजित त्वचा रोग विज्ञान सीएमई में भाग लिया, 18–19 अप्रैल 2015 में चण्डीगढ़; आईएसडीपी के 36वें संगोष्ठी में भाग लिया, 19–21 सितंबर 2015 को होटल इरोज में आयोजित; जेएनयू में दिल का दौरा पड़ने के प्रमाण पत्र कार्यक्रम में भाग लिया, 3 अक्तूबर 2015 को नई दिल्ली; कोच्ची, केरल में आईएपीएम (एपीसीओएन 2015) के वार्षिक सम्मेलन में भाग लिया। दिसंबर 2015

स्टेम सेल सुविधा

डॉ. सुजाता मोहंती स्टेम सेल रिसर्च; नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इम्यूनोलॉजी, नई दिल्ली; इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एण्ड बिलियरी साइंसिस, नई दिल्ली; डीबीटी रिप्रेजेंटेटिव एट अपोलो हॉस्पिटल; श्री गंगा राम हॉस्पिटल, नई दिल्ली; वी. पी. चेस्ट इंस्टीट्यूट, नई दिल्ली; नेशनल ब्रेन रिसर्च सेंटर; सदस्य : इंटरनेशनल सोसायटी फॉर सेलुलर थेरेपी (आईएससीटी), सोसायटी फॉर स्टेम सेल रिसर्च (आईएसएससीआर),

सोसायटी ऑफ बायोलॉजिकल केमिस्टस (एसबीसी), इम्यूनोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इण्डिया; सदस्य, डीबीटी–बायोटेक्नोलॉजी केरियर एडवांसमेंट एण्ड रिओरियंटेशन प्रोग्राम फॉर वूमेन साइंटिस्टस (बीआईओसीएआरई), बायोटेक्नोलॉजी इंडस्ट्री रिसर्च असिस्टेंस काउंसिल (बीआईआरएसी), कोर कमेटी फॉर स्टेम सेल डोनर रेजिस्ट्री फॉर बोन मैरो ट्रांसप्लांट इन इण्डिया, ब्रेनस्टोर्मिंग मीटिंग ऑन बायोफेब्रिकेशन एण्ड 3डी बायोप्रिंटिंग; सदस्य – रिसर्च ग्रांट रिव्यू कमेटी, बायोटेक्नोलॉजी विभाग, नई दिल्ली, इण्डियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च, नई दिल्ली, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली, काउंसिल ऑफ साइंटिफिक एण्ड इंडस्ट्रियल रिसर्च, नई दिल्ली हेतु संस्थान समिति के सदस्य थीं।

ओआरबीओ

आचार्य आरती विज भारत सरकार के उपक्रम एचएलएल लाइफ केयर लिमिटेड के बोर्ड की स्वतंत्र (गैर सरकारी अंशकालिक) डायरेक्टर थीं। गोवा एंटीबायोटिक एण्ड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड (जीएपीएल) (गर्वेमेंट ऑफ इण्डिया इंटरप्राइसिस) के स्वतंत्र (गैर–सरकारी अंशकालिक) निदेशक; एचएलएल बायोटेक लिमिटेड (गर्वेमेंट ऑफ इण्डिया इंटरप्राइसिस) के स्वतंत्र (गैर–सरकारी अंशकालिक) निदेशक; सदस्य, एनओटीटीओ के तहत प्रत्यारोपण समन्वयक के पाठ्यक्रम को अंतिम रूप देने हेतु संचालन समिति; नेशनल आई बैंक को ऑफ्थेलमोलॉजी के लिए उत्कृष्ट योगदान हेतु डॉ आर. पी. केंद्र से प्रशंसा पत्र प्राप्त किया।

श्री मुकेश कुमार एमएसएसओ, वर्ल्ड रिसर्च जर्नल ऑफ कार्डियोलॉजी एण्ड लाइफ मेम्बर ऑफ इण्डियन एसोसिएशन ऑफ मेडिकल सोशल वर्क प्रोफेशनल्स हेतु समीक्षक बने।

रक्ताधान सेवाएं

भारत के हेमोविजिलेंस प्रोग्राम की सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में कार्य किया, एनआईबी, एमओएफएचडब्ल्यू भारत सरकार के तहत, और संबंधित बैठकों और कार्यशालाओं में भाग लिया; नेशनल ब्लड सेल, एनएचएम के सदस्य के रूप में, निर्माण भवन में रक्त संग्रहण केंद्र के दिशा–निर्देशों के पुनर्गठन में भाग लिया। लखनऊ में उ. प्र. में रक्त संबंधी सेवाओं के कार्यान्वयन के लिए राज्य कार्ययोजना की बैठक में हिस्सा लिया; एनएचएम, एमओएचएफडब्ल्यू, भारत सरकार के तहत राष्ट्रीय रक्त कोशिका की एक समिति के सदस्य के रूप में; स्टेट ब्लड काउंसिल के सदस्य नामित, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार; वर्द्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज में 9 मई 2015 को चौथे सेम हेतु डीएमएलटी परीक्षक थे, ;वर्द्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज में बाहरी परीक्षक थे, 5वां सेम डीएमएलटी, 28 नवंबर 2015; ब्लड बैंक से संबंधित चिकित्सा उपकरणों के तकनीकी वाणिज्यिक निविदा के लिए बाहरी तकनीकी विशेषज्ञ थे, सफदरजंग अस्पताल विभाग, निर्माण भवन में आयोजित; ब्लड बैंक के लिए उपकरणों का तकनीकी विनिर्देशन के लिये समिति के सदस्य थे; नेशनल ब्लड सेल, एनएचएम, भारत सरकार के तहत; एनएसीओ, एमओएचएफडब्ल्यू द्वारा आयोजित ''नेशनल स्टेकहोल्डर मीट टुवर्डस 100 प्रतिशत वोलंटियरी ब्लड डोनेशन'' पर कार्यशाला में भाग लिया।

अतिथि वैज्ञानिक

1. डॉ. श्रीनिवासराव, एस. जी. रेडियोलॉजी विभाग, एसवीआईएमएस, तिरुपति।
2. डॉ. जुबैध, जकारिया, प्रमुख, कैंसर रिसर्च सेंटर, इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल रिसर्च, जालान पहांग, कुआलालम्पुर, मलेशिया।

10.2 दंत शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र

प्रमुख

नसीम शाह (सितंबर 2015 तक)	ओ. पी. खरबंदा (अक्टूबर 2015 से)

ऑर्थोडोंटिक्स एवं डेंटोफेशियल विकृति प्रभाग

आचार्य
रितु दुग्गल

सहायक आचार्य

प्रभात कुमार चौधरी | विलास समृत

ओरल एंड मैक्सीलोफेशियल सर्जरी प्रभाग

आचार्य

अजॉय रॉयचौधरी | ओंकिला भूटिया

सहायक आचार्य

कृष्ण भट्ट | राहुल यादव

प्रोस्थोडोंटिक्स प्रभाग

आचार्य
वीना जैन

सहायक आचार्य

गुंजन परुथी | धीरज कुमार कोली

डोडोंटिक्स प्रभाग

अपर आचार्य
विजय प्रकाश माथुर

सहायक आचार्य

कल्पना बंसल | नितेश तिवारी

कंज़र्वेटिव डेंटिस्ट्री एंड एण्डोडोंटिक्स प्रभाग

अपर आचार्य
अजय लोगानी

सहायक आचार्य

अमृता चावला	विजय कुमार

ओरल पैथोलॉजी एंड माइक्रोबायोलॉजी प्रभाग

सहायक आचार्य
दीपिका मिश्रा

पेरियोडोंटिक्स प्रभाग

सहायक आचार्य
कुणाल ढींगरा

विशिष्टताएं

ऑर्थोडोंटिक्स प्रभाग को मैलोक्लुजन, डेंटोफेशियल डिफोर्मिटिस तथा क्लेफ्ट होंठ और तालू वाले रोगियों के लिए ऑर्थोडोंटिक गुणवत्ता देखभाल प्रदान की गई है। विभाग ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र में नेतृत्व प्रदान किया है। डॉ. खरबंदा रिपोर्टिंग वर्ष में बारह राष्ट्रीय और आठ अंतरराष्ट्रीय समारोह के लिए आमंत्रण वक्ता थे। इसके अलावा, व्यावसायिक और शैक्षणिक विशेषज्ञता को आईसीएमआर और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, जैव प्रौद्योगिकी विभाग जैसे विभिन्न सरकारी / अनुसंधान संगठनों के लिए विस्तार दिया गया था। डॉ. खरबंदा ने अंतरराष्ट्रीय संपादकीय बोर्ड के सदस्य और समीक्षा बोर्ड सहकर्मी के रूप में क्षमता में ऑर्थोडोंटिक्स के क्षेत्र में महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं के लिए महत्वपूर्ण आदान दिए।

प्रभाग या मौखिक तथा मैक्सिलोफेशियल सर्जरी ने ऑकुलोप्लास्टी की एक नई सेवा और अवशिष्ट डिफॉर्मिटी सुधार शुरू किया है। विभाग ने 2014 में भारत में टेम्पोरो मैंडिबुलर संयुक्त बदलाव सर्जरी पहली बार संचालित की थी। इस रिपोर्टिंग वर्ष में, कुल 15 जोड़ों का प्रतिस्थापन किया गया है। विभाग 3डी मॉडल प्रौद्योगिकी का उपयोग कर चेहरे की विषमता वाले रोगियों के लिए संपूर्ण चेहरे के सुधार प्रदर्शन के लिए भारत में पहला केंद्र बना है। विभाग को मैक्सिलोफेशियल सर्जरी के लिए ऑपरेशन की आवश्यकता वाले रोगियों के लिए शून्य प्रतीक्षा सूची बनाए रखने पर गर्व है। विभाग ने जे पी ट्रॉमा सेंटर के साथ सहयोग प्रारंभ किया है जिसके तहत रेंजीडेंट और संकाय को ट्रॉमा सेंटर के लिए तैनात किया जा रहा है और आघात रोगियों की देखभाल इसमें शामिल है।

पेरियोडोंटिक्स प्रभाग पेरियोडोंटल रोग की रोकथाम, निदान और उपचार संबंधित है। यह विभाग पेरियोडोंटल उपचार की मांग करने वाले रोगियों की एक बड़ी संख्या के लिए इष्टतम देखभाल प्रदान करता है और साथ ही उन्हें अन्य विभागों में भेज सकता है। गैर–शल्य चिकित्सा और शल्य चिकित्सा पेरियोडोंटल उपचार, पेरियोडोंटल प्लास्टिक सर्जरी, मुलायम और कठोर ऊतक पुनर्योजी प्रक्रियाओं, डायोड लेजर असिस्टेड नरम ऊतक को छांटना और एडजंक्टिव पॉकेट क्षतशोधन प्रक्रियाओं जैसी उपचार प्रक्रियाओं के विभिन्न प्रकार विभाग में किए जा रहे है। विभाग में वर्तमान में संकाय के रूप में एक सहायक प्रोफेसर और एक सीनियर रेजीडेंट है। विभाग में चार डेंटल हाइजिनिस्ट है जिन्हें विशेषज्ञ के पर्यवेक्षण के अंतर्गत बुनियादी पेरियोडोंटल देखभाल प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है।

शिक्षा

*स्नातक पूर्व : 7*वें सेमेस्टर एमबीबीएस छात्रों का नैदानिक शिक्षण।

स्नातकोत्तर : वर्तमान में केंद्र में ऑर्थोडोंटिक्स में एमडीएस पूर्णकालिक स्नातकोत्तर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है और ऑर्थोडोंटिक्स में पहला पीएच.डी. प्रत्याशी जनवरी 2012 में भर्ती किया गया था। डॉ. खरबंदा केंद्रीय वैज्ञानिक उपकरण संगठन (सीएसआईओ), चंडीगढ़ में श्री अभिषेक गुप्ता और श्री बाला चक्रवर्ती पीएच.डी. थीसिस के लिए सह मार्गदर्शक है।

ओरल एंड मैक्सीलोफेशियल सर्जरी प्रभाग

- स्नातकोत्तर सेमिनार, पत्रिका क्लब, बेड साइड मामला चर्चा और सर्जिकल प्रशिक्षण।
- समस्या आधारित अधिगम
- शिक्षण में ''टेल –शो–डू–रिव्यू'' मॉडल
- लॉग बुक और रिकॉर्ड रखना
- क्या सही हुआ, क्या बेहतर हो सकता था? सेमिनार में मॉडल।

प्रोस्थोडोंटिक्स में स्नातकोत्तर : प्रयोगशाला कार्यों में पर्यवेक्षण के साथ ही एमडीएस प्रोस्थोडोंटिक छात्रों के लिए संगठित और आयोजित सेमिनार, पत्रिका क्लब, नैदानिक प्रकरण चर्चा।

क्रमिक आयुर्विज्ञान शिक्षा / कार्यशालाएं / संगोष्ठियां / राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

डब्ल्यूएचओ सीसी और राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र, दंत शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र ने इस वर्ष में निम्नलिखित को आयोजित किया है :

1. राष्ट्रीय मौखिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के लिए राज्य नोडल अधिकारियों की बैठक –
2. दंत चिकित्सा संस्थानों के प्रमुखों के लिए तम्बाकू नशा उन्मूलन सुविधाओं पर समर्थन बैठक
3. एनआईएचएफडब्ल्यू के सहयोग से कार्यक्रम प्रबंधन पर राज्य नोडल अधिकारियों का प्रशिक्षण
4. आईईसी विकास पर विशेषज्ञ समूह बैठक – तिथि।
5. ''लेटेस्ट एडवांस इन लेजर डेंटिस्ट्री'' पर उपदेशात्मक सह सौंपे गए पाठ्यक्रम, 24 मई 2015, जयपुर।
6. क्रेनियोमैक्सीलोफेशियल फ्रेक्चर प्रबंधन में एओसीएमएफ पाठ्यक्रम – सिद्धांत, 2–5 जुलाई 2015, नई दिल्ली।

7. एओसीएमएफ परिचयात्मक संगोष्ठी, 21 अगस्त 2015, भोपाल।
8. ''एम्पावरमेंट ऑफ डेंटल प्रोफेशनल्स इन टुबेको सेसेशन'' पर पूर्ण दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला, 23 अगस्त 2015, चंडीगढ़।
9. ''डेंटल फोटोग्राफी'' पर कार्यशाला, 11 सितंबर 2015, एम्स, नई दिल्ली।
10. ''लेजर एप्लीकेशन्स एंड सेफ्टी'' पर पूर्ण दिवसीय प्रशिक्षण, 17 सितंबर 2015, बहादुरगढ़, हरियाणा।
11. बाल चिकित्सा रोगियों में मुलायम ऊतक लेजर पर पूर्व सम्मेलन पाठ्यक्रम, 18 सितंबर 2015, मुरादनगर, उ. प्र.।
12. स्टेनलेस स्टील क्राउन पर प्रशिक्षण सह सौंपे गए कार्य, 19 अक्टूबर 2015, उ. प्र.।
13. ''एडहेसिव डेंटिस्ट्री'' पर कार्यशाला, 19 नवंबर 2015, एम्स, नई दिल्ली।
14. 'एडवांस्ड पेरियोडोंटल सर्जिकल प्रोसीडर्स एंड रेपिड ऑर्थोडोंटिक टूथ मूवमेंट'' पर लाइव सर्जिकल कार्यशाला, नवंबर 2015, सीडीईआर, एम्स, नई दिल्ली।
15. ''रिसेंट एडवांस इन परियोडोंटल सर्जरी एंड सर्जिकली असिस्टेड रेपिड टूथ मूवमेंट'' पर सीएमई, 24 नवंबर 2015, एम्स, नई दिल्ली।
16. ''जेनेटिक एंड टिशू इंजीनियरिंग – फ्यूचर ट्रेंड्स इन रिसर्च इन ओरल हेल्थ एंड डिजीज'' पर सीएमई, 26 दिसंबर 2015, एम्स, नई दिल्ली।
17. अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष एओसीएमएफ पाठ्यक्रम – क्रेनियोमैक्सीलोफेशियल फ्रेक्चर मैनेजमेंट (ऑर्थोथिक्स पर आधे दिन सहित) का सिद्धांत, 15–17 जनवरी 2016, मस्कट, ओमान।
18. एओसीएमएफ परिचयात्मक संगोष्ठी भारत, 22 जनवरी 2016, लुधियाना।
19. ''3डी प्लानिंग फॉर इंम्लांटोलॉजी'' पर सीएमई, 30 जनवरी 2016, एम्स, नई दिल्ली।
20. ''सीटिंग फिजियोलॉजी'' पर व्याख्यान, 18 फरवरी 2016, एम्स, नई दिल्ली।
21. बाल चिकित्सा रोगियों में मुलायम ऊतक लेजर के उपयोग पर पूर्व सम्मेलन कार्यशाला, 18 फरवरी 2016, नई दिल्ली।
22. एओसीएमएफ परिचयात्मक संगोष्ठी, 1 मार्च 2016, नई दिल्ली।
23. ''ऑर्थोडोंटिक – परियोडोंटल इंटरेक्शन्स एंड डेंटल स्लीप मेडिसिन'' पर संगोष्ठी, 21 मार्च 2016, एम्स, नई दिल्ली।

<u>प्रदत्त व्याख्यान</u>

ओ. पी. खरबंदा : 19	रितु दुग्गल : 1	अजॉय रॉय चौधरी : 15
वीना जैन : 4	ओंकिला भूटिया : 1	अजय लोगानी : 5
विजय माथुर : 14	कल्पना बंसल : 2	नितेश तिवारी : 2
विजय कुमार : 1	अमृता चावला : 2	कृष्ण भट्ट : 1

मौखिक लेख / पोस्टर की प्रस्तुति : 26 (4 सम्मानित सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुतीकरण)

अनुसंधान

वित्तपोषित परियोजनाएं

जारी

1. 'कंकाल मेटास्टेसिस वाले रोगियों में जबड़े की हड्डियों के घनत्व पर बिस्फॉस्फोनेट चिकित्सा के प्रभाव : एक पायलट अध्ययन'। वीना जैन, आई सी एम आर, 2014–16, 10 लाख रुपए।

2. हाइपरकोएगुलेबिलिटी के लिए मार्करों के बीच संबंध का मूल्यांकन करने के लिए अध्ययन और मैंडिबुलर कोंडायलर फ्रैक्चर रोगियों में टेम्पोरोमैंडिबुलरकायलोसिस का विकास करना। अजॉय रॉय चौधरी, अ. भा. आ. सं., 2013–16, 5 लाख रुपए।

पूर्ण

1. ''भारत में क्लेफ्ट लिप एवं पैलेट एनोमली : उपचार की क्लिनिकल प्रोफाइल, जोखिम के कारक और वर्तमान स्थिति – एक अस्पताल आधारित अध्ययन।'' कार्य दल परियोजना (पायलट चरण), ओ. पी. खरबंदा, आई सी एम आर, तीन वर्ष नौ माह, अप्रैल 2012 – जून 2015, 22.38 लाख रुपए।
2. हाइपरकोएगुलेबिलिटी के लिए मार्करों के बीच संबंध का मूल्यांकन करने के लिए अध्ययन और मैंडिबुलर कोंडायलर फ्रैक्चर रोगियों में टेम्पोरोमैंडिबुलरकायलोसिस का विकास करना। अजॉय रॉय चौधरी, अ. भा. आ. सं., 2013–16, 5 लाख रुपए।
3. डायबिटीज मेलिट्स और ओरल कैंडिडिसिस : संक्रमण के विशिष्ट प्रसार, रितु दुग्गल, आई सी एम आर, 3 वर्ष, 2012–15, 36.89 लाख रुपए।
4. फरीदाबाद जिला, हरियाणा के बल्लभगढ़ ब्लॉक में मौखिक स्वास्थ्य सर्वे, नसीम शाह, डब्ल्यूएचओ – एसईएआरओ, 7 माह, मार्च – सितंबर 2015, 10.30 लाख रुपए।
5. परिपक्व, स्थायी, गैर जीवंत दांतों में रूट कैनाल ऑब्ट्यूरेशन से पारम्परिक एंडोडॉन्टिक उपचार की तुलना में एक नवाचारी, गैर ऑप्ट्यूरेशन एंडोस्कोपिक उपचार प्रोटोकॉल ''सील बायो'' की दक्षता के मूल्यांकन के लिए एक यादृच्छिक समकक्ष क्लिनिकल परीक्षण, नसीम शाह, आई सी एम आर, 3 वर्ष, 2012–15, 20 लाख रुपए।

विभागीय परियोजनाएं
जारी

1. सीबीसीटी का उपयोग कर बढ़ती तीसरी श्रेणी रोगियों में संयुक्त तेज पैलेटल एक्सपेशन और मैक्सीलेरी प्रोट्रेक्शन उपचार के अनुपालन में आयामी स्केलेटल और डेंटोलवेयोलर परिवर्तन का मूल्यांकन।
2. आर्थोडोंटिक मिनिस्क्रू इम्प्लांट्स के माइक्रोबायोलॉजिकल कोलोनाइजेशन का पैटर्न।
3. पीए सेफेलोमेट्रिक मापन की विश्वसनीयता और वैधता : पारंपरिक और कम्प्यूटरीकृत सेफेलोमेट्रिक विश्लेषण सॉफ्टवेयर की तुलना।
4. ऑर्थोडोंटिक दांत आवागमन के दौरान एमएमपी–8 के दौर में मिनी स्क्रू इम्प्लांट स्थल का स्तर।
5. ऑर्थोडोंटिक दांत आवागमन के दर पर निम्न स्तर लेजर उपचार के प्रभाव का मूल्यांकन करना।
6. सेफेलोमेट्रिक सुपरिम्पोजिशन मापन की विश्वसनीयता और वैधता : पारंपरिक और कम्प्यूटरीकृत सेफेलोमेट्रिक सॉफ्टवेयर की तुलना।
7. पेरि मिनीस्क्रू इम्प्लांट फ्लुइड में मैक्रोफेज कालोनी स्टीमुलेटिंग कारक स्तरों का मात्रात्मक मूल्यांकन।
8. ऑर्थोडोंटिक दांत आवागमन के दौरान मिनी स्क्रू स्थल के आस पास बायोमार्कर के रूप में सेल मुक्त न्यूक्लेइक एसिड परिसंचारी – एक मात्रात्मक विश्लेषण।

9. ऑर्थोडोंटिक फोर्स अनुप्रयोग से पहले और बाद में पेरि–मिनीस्क्रू इम्प्लांट सरेविकुलर तरल पदार्थ में पेंट्राक्सिन – 3 स्तरों का मात्रात्मक मूल्यांकन।
10. विजुअल जांच, लेजर प्रतिदीप्ति और ऑपरेटिंग माइक्रोस्कोपी का उपयोग कर तय ऑर्थोडोंटिक के पश्चात सफेद धब्बे वाले घावों का मूल्यांकन : एक तुलनात्मक नैदानिक अध्ययन।
11. ऑर्थोडोंटिक मिनिस्क्रू के लिए ग्रेड 5 टाइटेनियम एलॉय के संशोधन के जैव रासायनिक सतह के लिए माध्यमिक सेलुलर प्रतिक्रियाएं।
12. पूर्ण कृत्रिम दांतों वाले रोगियों में चबाने की दक्षता और काटने के बल पर सॉफ्ट लाइनर का प्रभाव।
13. प्रोस्थोडोंटिक्स पुनर्वास के बाद रोगियों में उपचार की संतुष्टि और उनके सामाजिक आर्थिक स्थिति के साथ इसका सह संबंध – एक प्रारंभिक अध्ययन।
14. पेरि – इम्प्लांट अंतराल में एल–पीआरएफ और एलोप्लास्ट संयुक्त रूप से उपयोग करके तत्काल प्रत्यारोपण के आसपास स्थिरता और क्रेस्टल बोन स्तर का तुलनात्मक मूल्यांकन।
15. मैससेटर मांसपेशियों की मोटाई और काटने के बल पर छोटे दंत चाप के प्रभाव का मूल्यांकन – एक प्रारंभिक अध्ययन।
16. परीक्षण करना कि क्या रक्त की हाइपरकोएगुलेबल अवस्था पोस्ट– ट्रयूमेटिक टेम्पोरोमैंडिबुलर जॉइंट एकायलोसिस और हाइपोक्सिया के इन–विट्रो प्रभावों और मेसेंकायमल स्टेम कोशिकाओं पर प्रोटीन सी सक्रियण के लिए जोखिम कारक है।
17. टेम्पोरोमैंडिबुलर संयुक्त के आंतरिक गड़बड़ी में आर्थोसेंटेसिस बनाम श्रेणी 4 लेजर उपचार के बाद इलाज के परिणाम का तुलनात्मक मूल्यांकन – एक यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण।
18. टेम्पोरोमैंडिबुलर संयुक्त अस्थि समेकन रोगी में ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया पर अर्थोप्लास्टी के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए संयुक्त पॉलीसोम्नोग्राफिक और रेडियोग्राफिक अध्ययन।
19. ओरल ल्यूकोप्लासिया के प्रबंधन में प्रणालीगत लाइकोपीन चिकित्सा बनाम क्रायोथैरेपी के बाद लघु अवधि उपचार परिणाम का मूल्यांकन – एक यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण।
20. टेम्पोरोमैंडिबुलर जॉइंट डिस्लोकेशन / सबल्यूएक्सटोइन में ऑटोलॉगस रक्त और डेक्सट्रोज प्रोलोथेरेपी के परिणामों की तुलना में एक यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण।
21. रेट्रोजेनिया रोगियों में जेनियल डिस्ट्रेक्शन के बाद डायगैस्ट्रिक और मायलोइड मांसपेशियों के जटिल क्षेत्र में ईएमजी परिवर्तन के मूल्यांकन के लिए एक भावी अध्ययन।
22. टेम्पोरोमैंडिबुलर जॉइंट के आंतरिक गड़बड़ी में आर्थोस्कोपिक लेवेज – एक भावी अध्ययन।
23. भारतीय आबादी के बीच टीएमजे अस्थिसमेकन में एलोप्लास्टिक टीएमजे प्रतिस्थापन के साथ मैंडिबुलर काइनेमेटिक्स और रोगियों के जीवन की गुणवत्ता का मूल्यांकन।
24. टीएमजे अस्थि समेकन के उपचार में फैट और एब्डोमिनल फैट के इंटरपोज्ड पीडिक्लेडबुकेल के फैट और वॉल्यूमेट्रिक श्रिंकेज के मूल्यांकन के लिए एक क्लस्टर यादृच्छिक नियंत्रित नैदानिक परीक्षण।
25. गैर सर्जिकल एंडोडोंटिक चिकित्सा के रेडियोग्राफिक परिणाम पर सीरम विटामिन डी स्तर के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए एक पार अनुभागीय पाथफाइंडर अध्ययन।
26. टेम्पोरोमैंडिबुलर जॉइंट एंकायलोसिस के इलाज में कोस्टोकोंड्रियल ग्राफ्ट इंटरपोजिशनल अर्थोप्लास्टी और ट्रांसपोर्ट डिस्क डिसट्रेक्शन ऑस्टीयोजेनेसिस के बीच सफलता की दर की तुलना के लिए एक यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण।

27. मौखिक सबम्यूकोस फाइब्रोसिस मामलों में फाइब्रोटोमी के बाद इंट्राओरल दोषों के पुनर्निर्माण में संशोधित नैसोलेबियल फ्लेप बनाम बुकल फैट पैड ट्रांसफर की सफलता दर का तुलनात्मक मूल्यांकन – एक समानांतर समूह यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण।
28. "गैर सर्जिकल एंडोडोंटिक चिकित्सा के दौरान पेरियपिकल एक्सट्रशन के संदर्भ में इनोकुलेटेड डेंटिनल डेबरीस के परिणाम निर्धारित स्वीकार्य स्तरों के लिए रोडेंट मॉडल अध्ययन।
29. गैर महत्वपूर्ण अपरिपक्व स्थायी पूर्वकाल दांत के एपिकल ऑगमेंटेशन पर न्यूनतम इनवेसिव एंडोडोंटिक उपचार प्रोटोकॉल के प्रभाव के मूल्यांकन के लिए एक प्रारंभिक नैदानिक अध्ययन।
30. गैर महत्वपूर्ण अपरिपक्व स्थायी पूर्वकाल दांत के प्रबंधन के लिए खनिज टेरियोक्साइड सकल बैरियर का इष्टतम शिखर सीमा निर्धारित करने के लिए एक प्रारंभिक नैदानिक अध्ययन।
31. गैर सर्जिकल एंडोडोंटिक उपचार के लिए इष्टतम शिखर आकार निर्धारित करने के लिए एक यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण।
32. गैर सर्जिकल एंडोडोंटिक चिकित्सा से गुजर रहे रोगियों में सीरम विटामिन डी स्तर के आकलन के लिए क्रॉस – सेक्शनल पथफाइंडर अध्ययन और पेरिएपिकल हीलिंग के साथ इसकी क्षमता का एसोसिएशन निरीक्षण।
33. गैर – सर्जिकल एंडोडोंटिक उपचार के दौरान परिएपिकल एक्स्ट्रेशन के संदर्भ में इनोकुलेटेड डेंटिनल डेबरिस के निर्धारित स्वीकार्य स्तरों के लिए एक स्थापित रोडेंट मॉडल अध्ययन।
34. पीडियट्रिक मैंडिबुलर फ्रैक्चर्स के विभिन्न प्रबंधन कार्यनीति में परिणामों की तुलना करने के लिए एक पूर्वव्यापी अध्ययन।
35. टीएमजे एंकायलोसिस के ऑपरेटेड प्रकरण का पूर्वव्यापी अध्ययन – एक संस्थागत अनुभव।
36. टेम्पोरोमैंडिबुलर जॉइंट एंकायलोसिस के उपचार में कोस्टोकोंड्रल ग्राफ्ट इंटरपोजिशनल अर्थोप्लास्टी और ट्रांसपोर्ट डिस्क डिस्ट्रेक्शन ऑस्टीयोजेनेसिस के बीच सफलता दर की तुलना करने के लिए एक यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण।
37. टोरल सुमूकोयस फाइब्रोसिस मामलों में फाइब्रोटोमी के बाद इंट्राओरल दोषों के विनिर्माण पुनर्निर्माण में संशोधित नैसोलेबियल फ्लेप बनाम बुकल फैट पैड ट्रांसफर की सफलता दर का तुलनात्मक मूल्यांकन – एक समानांतर समूह यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण।

पूर्ण

1. ऑर्थोडोंटिक दांत क्रिया के दौरान मिनिस्क्रू साइड के आसपास उच्च गतिशीलता समूह बॉक्स 1 प्रोटीन स्तर का मात्रात्मक मूल्यांकन।
2. ऑर्थोडोंटिक मिनिस्क्रू की पुनःप्राप्ति : इन विट्रो अध्ययन पर प्रविष्टि का माप और टोर्क हटाने का मापन।
3. पेरिइम्प्लांट के अंतर को भरने के लिए एलॉग्राफ्ट और एल–पीआरएफ के साथ तुरंत लगाए गए दांत प्रत्यारोपण की स्थिरता और क्रेस्टल हड्डी की ऊंचाई में परिवर्तन का तुलनात्मक मूल्यांकन।
4. टाइटेनियम और जरकोनिया एबटमेंट्स के साथ टाइटेनियम इंप्लांटों के आसपास क्रेस्टल बोन की ऊंचाई में परिवर्तन का तुलनात्मक मूल्यांकन।
5. पॉलिश और ग्लाज्ड जरकोनिया के विरुद्ध प्राकृतिक दांत लगाने का एक तुलनात्मक मूल्यांकन।

6. टेम्पोरोमैंडिबुलर एंकायलोसिस मामलों में ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया पर अर्थोप्लास्टी के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए संयुक्त पॉलीसोम्नोग्राफिक और रेडियोग्राफिक अध्ययन।
7. टेम्पोरोमैंडिबुलर जोड़ के आंतरिक गड़बड़ी में आर्थोसेंटेसिस बनाम श्रेणी 4 लेजर उपचार के बाद इलाज के परिणाम का तुलनात्मक मूल्यांकन – एक यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण।
8. सकारात्मक दबाव सिरिंज के साथ 20 डिग्री से. और 45 डिग्री से. में 2.5 प्रतिशत एनएओसी1 के साथ सिंचन का तुलनात्मक मूल्यांकन, क्षतशोधन, कीटाणुशोधन और पेरिएपिकल निकासी में नेवीटिप एफएक्स, एंडो वैक, वाइब्रिंज (सोनिक) और पेसिव अल्ट्रासोनिक सिंचन – एक स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन सूक्ष्म और सूक्ष्म जैव वैज्ञानिक अध्ययन।
9. कैनल ओरिफिसेस स्थान का सह–संबंध और दाढ़ में केरियास घावों का साइट – एक पूर्व विवो अध्ययन।
10. डेमिनरलाइज्ड एनामेल लेशन्स पर सिल्वर डायमिन फ्लोराइड और फ्लुओर प्रोटेक्टर एन वार्निश की पुनर्खनिजीकृत की प्रभावकारिता : एक पूर्व विवो मात्रात्मक एनर्जी डिसपेरेसिव एक्स–रे (ईडीएक्स) विश्लेषण।

सहयोगी परियोजनाएं

जारी

1. सूजन का पता लगाने के साथ ऑर्थोडोंटिक मिनिस्क्रू एम्बेडेड का डिजाइन और परीक्षण – फेज 1. जैव चिकित्सा अभियांत्रिकी विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, नई दिल्ली और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली।
2. सीबीसीटी डेटा का उपयोग कर 3–डी सेफेलोमेट्रिक विश्लेषण के लिए स्वचालित लैंडमार्क का पता लगाना। सेंट्रल साइंटिफिक इंस्ट्रुमेंट्स ऑर्गनाइजेशन (सीएसआईओ), चंडीगढ़।
3. सीबीसीटी स्कैन डेटा का उपयोग कर ऊपरी एयरवे का स्वचालित विभाजन। सेंट्रल साइंटिफिक इंस्ट्रुमेंट्स ऑर्गनाइजेशन (सीएसआईओ), चंडीगढ़।
4. ओरल माइक्रोबायोमी, प्लाज्मा मेटाबोलोम, डायबिटीज में तम्बाकू नहीं लेने वाले कार्डियो वेस्कुलर रोग के रोगियों का अध्ययन, कार्डियोलॉजी विभाग, एम्स।
5. तम्बाकू धूम्रपान करने वालों में क्यू – प्रेरित क्रेविंग से जुड़े एफएमआरआई परिवर्तन, मनोचिकित्सा विभाग, एम्स।
6. कंकाल मेटास्टेसिस वाले रोगियों में जबड़े की हड्डियों के घनत्व पर बिस्फोस्फोनेट उपचार के प्रभाव – एक पायलट अध्ययन; आईआरसीएच और रेडियोलॉजी, एम्स, नई दिल्ली।
7. बचपन के प्रारम्भिक विकास हॉर्मोन कमी के साथ एशियाई भारतीय व्यक्तियों में जीनोटाइप–फीनोटाइप सह–संबंध पर अध्ययन, शरीर रचना विज्ञान।
8. श्रेणी 2 मैलोक्लुजन के साथ किशोर और युवा व्यस्क में मिनिप्लेट एंकोरेड हाइब्रिड फिक्स्ड कार्यात्मक उपकरण के प्रभावों का मूल्यांकन, ऑर्डोडोंटिक्स एंड डेंटोफेशियल ऑर्थोपीडिक्स विभाग, सीडीईआर, एम्स।

पूर्ण

1. एक्स–रे का उपयोग कर कंकाल इमेजिंग में नेटवर्क सक्षम चिकित्सा निदान और शिक्षा, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी), नई दिल्ली; सेंट्रल साइंटिफिक इंस्ट्रुमेंट्स ऑर्गनाइजेशन, चंडीगढ़; भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मुंबई; विकिरण निदान विभाग, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली।

2. फरीदाबाद जिला, हरियाणा के बल्लभगढ़ ब्लॉक में मौखिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण, सामुदायिक चिकित्सा केंद्र, एम्स।

प्रकाशन

पत्रिकाएं : 44 सार : 2 पुस्तकों में अध्याय : 6

रोगी उपचार

ऑर्थोडोंटिक्स एंड डेंटोफेशियल डिफॉर्मिटी प्रभाग

समीक्षा वर्ष के दौरान हमने क्लेफ्ट होंठ और तालु वाले रोगियों के अंतःविषय उपचार पर अधिक बल दिया है।

ओरल एंड मैक्सीलोफेशियल सर्जरी प्रभाग

ओरल एंड मैक्सीलोफेशियल सर्जरी ओपीडी और अंतरंग रोगी सेवाएं

1. एक्सोडोंटिया, सरल और जटिल
2. टेम्पोरोमैडीबुलर जॉइंट सर्जरी
3. क्रेनियो–फेशियल ट्रॉमा
4. चेहरे की ऑर्थोग्रन्थिक और एस्थेटिक सर्जरी
5. ओरल एंड मैक्सीलोफेशियल पैथोलॉजी
6. मैक्सीलोफेशियल संक्रमण
7. ऑब्सट्रेक्टिव स्लीप एपनिया के लिए सर्जरी
8. ट्राइजेमिनल नेयूराल्जिया क्लिनिक
9. ऑस्ट ओडोंटोकेराटोप्लास्टी

प्रोस्थोडोंटिक्स प्रभाग : पूर्ण और आंशिक रूप से एडेंटुलोस रोगियों का दंत चिकित्सा पुनर्वास। हम ओरल एंड मैक्सीलोफेशियल प्रोस्थोडोंटिक्स, प्रत्यारोपण दंत चिकित्सा और टेम्पोरोमैंडिबुलर विकारों पर विशेषता क्लीनिक चला रहे हैं। कृत्रिम अंग के विभिन्न प्रकार जो हम रोगियों के लिए निर्माण कर रहे हैं, कृत्रिम दांतों की पंक्ति, हटाने योग्य आंशिक कृत्रिम दांतों की पंक्ति, क्राउन और ब्रिज कार्य, लेमिनेट्स ओस्क्लुसल स्पिलिंट, प्रत्यारोपण समर्थित प्रोस्थेसिस (हटाने योग्य और फिक्स्ड) और मैक्सीलोफेशियल प्रोस्थेसिस (अतिरिक्त मौखिक / चेहरे और इंट्रा मौखिक) है। विभाग में हम हटाने योग्य और फिक्स्ड प्रोस्थोडोंटिक उपकरणों के निर्माण के लिए दो प्रयोगशालाएं चला रहे हैं।

पेडोडोंटिक्स और प्रिवेंटिव डेन्टीस्ट्रि प्रभाग मौखिक स्वास्थ्य समस्याओं के साथ बच्चों की रिपोर्टिंग के लिए आधुनिक निवारक, निदान और उपचार सुविधाएं प्रदान करता है। नियमित प्रक्रिया के अलावा, हमारा प्रभाग समान समर्पित छोटे ओटी के साथ भारत में बाल चिकित्सा कोमल ऊतक लेजर दंत चिकित्सा के लिए सर्वश्रेष्ठ केंद्रों में से एक के रूप में विशिष्ट है। विशेष दंत चिकित्सा देखभाल पीडियट्रिक नेफ्रोलॉजी, ऑन्कोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, न्यूरोलॉजी, कार्डियो – थोरेसिस सर्जरी और हीमेटोलॉजी से रेफरल की बड़ी संख्या के साथ अपने स्पेक्ट्रम कार्य का एक अभिन्न भाग है। दंत क्षय निवारक प्रोटोकॉल अति आधुनिक

कार्यनीतियों के साथ अंतरराष्ट्रीय दिशा निर्देशों के अनुसार सख्ती से इसका पालन करता है। प्राथमिक और स्थायी दांत निकलने में दर्दनाक चिकित्सकीय चोटों की रिपोर्टिंग सभी आकस्मिक आधार पर प्रबंधित है और चौबीसों घंटे दंत आघात और दर्द प्रबंधन की सुविधा भी प्रस्तावित की गई है।

कंजर्वेटिव दंत चिकित्सा और एंडोडोंटिक्स प्रभाग

कंजर्वेटिव दंत चिकित्सा और एंडोडोंटिक्स के विशेषता क्लीनिक को एक सप्ताह में दो बार आयोजित किया जाता है।

एक गैर सर्जिकल और सर्जिकल एंडोडोंटिक उपचार क्लिनिक में शुरू किया गया है और यह एक सप्ताह में एक बार आयोजित किया जाता है।

पेरियोडोंटिक्स प्रभाग

विभिन्न उपचार प्रक्रियाएं विभाग में की जाती हैं :

- परंपरागत गैर – शल्य चिकित्सा और शल्य चिकित्सा पेरियोडोंटल उपचार
- पेरियोडोंटल प्लास्टिक सर्जरी
- कोमल और सख्त ऊतक पुनर्योजी प्रक्रियाएं
- डायोड लेजर असिस्टेड कोमल ऊतक को छांटना और एडजंक्टिव पॉकेट डेब्राइडमेंट प्रक्रियाएं

सामुदायिक सेवाएं / शिविर आदि

1. सीडीईआर एम्स रोटरी मिडटाउन अस्पताल, त्रिलोकपुरी में समुदाय आउटरीच सेवाएं चला रहा है।
2. डॉ. कल्पना बंसल 14–27 नवंबर 2015 को प्रगति मैदान में आयोजित भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले के दौरान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा आयोजित की जा रही मौखिम स्वास्थ्य जागरूकता शिविर के लिए समन्वयक थीं।

क्र. सं.	क्लिनिक	नए	पुराने	कुल
1.	ट्राइजेमिनल न्यूरोल्जिया	133	187	320
2.	कंबाइन क्लेफ्ट पैलेट	98	1058	1156
3.	ओरल प्रोफाइलेक्सिस	10036	6047	16083
4.	ऑर्थोडोंटिक्स	2843	17368	20211
5.	प्रोस्थोडोंटिक्स	6918	10927	17845
6.	रेस्टोरेटिव – सह – एंडोडोंटिक	6780	17670	24450
7.	ओरल एण्ड मैक्सीलो फेशियल सर्जरी	15018	20366	35384
8.	पेरियोडोंटिक्स	4012	8634	12646
9.	पेरियोडोंटिक्स (छोटी सर्जरी)			557
10.	ओपीडी रोगी	43029	9241	52270
11.	ऑपरेशन	बड़े	छोटे + निष्कर्षण	कुल
		546	1072+17088	18626
12.	रेडियोलॉजी (एक्स रे)			38756

पुरस्कार, सम्मान और महत्वपूर्ण घटनाएं

आचार्य ओ. पी. खरबंदा ने 1 अक्टूबर 2015 से प्रभावी रूप से दंत शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र के प्रमुख के रूप में कार्यभार ग्रहण किया; रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के मानद परामर्शदाता / सलाहकार के रूप में नियुक्त; आईआईटी, नई दिल्ली की सीनेट के लिए नामांकित किए जाने हेतु पहले दंत व्यावसायिक; यूनिवर्सिटी ऑफ सिडनी, ऑस्ट्रेलिया में नियुक्त अतिथि व्यावसायिक; पीजीआई चंडीगढ़ में संस्थापकों को व्याख्यान दिया; जिनेवा और बैंकॉक में डब्ल्यूएचओ की बैठकों में भाग लेने के लिए आमंत्रित; रोसमैन यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेस, यूएसए में मॉयर संगोष्ठी में वार्ता के लिए पहले दंत चिकित्सक; मुंबई में वार्षिक दीक्षांत समारोह और इंटरनेशनल कॉलेज ऑफ डेंटिस्ट्स (आईसीडी) के पुरस्कार समारोह में भाग लेने के लिए आमंत्रित; एम्स भुवनेश्वर, किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) लखनऊ और कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस (केआईडीएस), केआईआईटी यूनिवर्सिटी, भुवनेश्वर, उड़ीसा में संकाय चयन के लिए एक विशेषज्ञ सदस्य के रूप में नियुक्त; इसके फाउंडेशन के स्वर्ण जयंती के दौरान किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के मुख्य अतिथि; अहमदाबाद में टास्क फोर्स परियोजना के पायलट चरण के लिए आईसीएमआर द्वारा आमंत्रित समन्वयक; स्वामी विवेकानंद सुभारती यूनिवर्सिटी, मेरठ के अनुसंधान सलाहकार बोर्ड के विशेषज्ञ सदस्य; मौखिक स्वास्थ्य और स्नातकोत्तर अनुसंधान अनुदान के क्षेत्र में अनुसंधान परियोजनाओं की समीक्षा करने के लिए आईसीएमआर के लिए विशेषज्ञ; केजीएमयू लखनऊ, पीजीआई चंडीगढ़, त्रिभुवन यूनिवर्सिटी नेपाल, महर्षि मार्कंडेश्वर कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड रिसर्च – मुलाना, अंबाला में स्नातकोत्तर परीक्षक; अध्यक्ष, आचार समिति, मानव रचना डेंटल कॉलेज (एमआरडीसी) फरीदाबाद; 23 दिसंबर 2015 को ''हेल्थ शो'' कार्यक्रम में भाग लेने के लिए लोक सभा टेलीविजन द्वारा आमंत्रित; अध्यक्ष – वैाानिक सत्र (ख) ऑर्थोडोंटिक मिनिस्क्रू की नियुक्ति के लिए तालु स्थलों का मात्रात्मक मूल्यांकन (ग) लघु अवधि फेसमास्क थेरेपी के बाद कोंडायलर स्थिति का 3डी मूल्यांकन, 8 इंटरनेशनल ऑर्थोडोंटिक कांग्रेस – डब्लयूएफओ 2015, 27–30 सितंबर 2015, एक्सेल डॉकलैंड्स, लंदन (यूके); मुख्य अतिथि, सीएमई कार्यक्रम, 26 अगस्त 2015, इंद्रप्रस्थ डेंटल कॉलेज, गाजियाबाद; ओरल हेल्थ, वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) बैठक पर तकनीकी बैठक के लिए आमंत्रित, 5–6 नवंबर 2015, डब्ल्यूएचओ मुख्यालय, जिनेवा, स्विट्जरलैंड।

आचार्य रितु दुग्गल स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, निर्माण भवन में एमडीएस योजना 2016–17 के लिए समिति की सुनवाई के लिए सदस्य है; सरस्वती डेंटल कॉलेज, लखनऊ में चिकित्सा और दंत चिकित्सा संकाय के अनुमोदन के लिए चयन समिति के सदस्य; संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली में दंत चिकित्सा के सहायक प्रोफेसर के पद के लिए विशेषज्ञ सदस्य; एसजीटी यूनिवर्सिटी, गुड़गांव में दंत चिकित्सा विज्ञान के लिए एथिकल समिति के अध्यक्ष; सदस्य, विभिन्न विश्वविद्यालयों में एमडीएस सीटों की संबद्धता के लिए परीक्षण पैनल।

आचार्य अजॉय रॉय चौधरी स्नातकोत्तर शिक्षा प्रदान करने के लिए भारत में विभिन्न डेंटल कॉलेजों के शिक्षण, मूलसंरचना सुविधा के सत्यापन के लिए डेंटल काउंसिल निरीक्षक हैं; भारत में विभिन्न डेंटल कॉलेजों के लिए मान्यता से संबंधित डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया के निर्णय की समीक्षा करने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की समिति के सदस्य; लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश, किंग जॉर्ज यूनिवर्सिटी लखनऊ, ईएसआई अस्पतालों और देश भर के छह एम्स में चयन समिति में विशेषज्ञ; किंग जॉर्ज यूनिवर्सिटी, लखनऊ के

लिए स्नातकोत्तर परीक्षक; ब्रिटिश जर्नल ऑफ ओरल एंड मैक्सीलोफेशियल सर्जरी, नेशनल मेडिकल जर्नल ऑफ इंडिया, डेंटल ट्रॉमेटोलॉजी एंड नेशनल जर्नल ऑफ ओरल एंड मैक्सीलोफेशियल सर्जरी के लिए समीक्षक।

डॉ. विजय प्रकाश माथुर को दिसंबर 2015 में 'फैलो ऑफ इंटरनेशनल कॉलेज ऑफ डेंटिस्ट्स' से सम्मानित किया गया था; केंद्रीय स्वास्थ्य शिक्षा ब्यूरो, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय द्वारा स्वच्छता पर स्वास्थ्य शिक्षा पुस्तिका के लिए आमंत्रित विशेषज्ञ; विभिन्न डेंटल कॉलेज में चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी की ओर से निरीक्षण किए जाने के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के ''स्कीम फॉर यंग साइंटिस्ट्स एंड टेक्नोलॉजिस्ट्स – एसवाईएसटी'' के लिए परियोजनाओं की जांच के लिए आईसीएमआर और विशेषज्ञ हेतु जनजातीय स्वास्थ्य अनुसंधान के लिए एथिकल दिशा–निर्देशों को तैयार करने हेतु कोर समिति के सदस्य।

डॉ. अजय लोगानी को इंडियन एसोसिएशन ऑफ मेडिको लीगल विशेषज्ञों द्वारा इंडियन एसोसिएशन ऑफ मेडिको लीगल विशेषज्ञों (एफआईएएमएलई) के अध्येता से सम्मानित किया गया और पंडित बी डी शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेस रोहतक के अध्ययन स्नातकोत्तर बोर्ड (कंजर्वेटिव दंत चिकित्सा और एंडोटोटिक्स) के लिए बाह्य विशेषज्ञ सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया था।

डॉ. प्रभात कुमार चौधरी को 27–30 सितंबर 2015 को एक्सेल, लंदन, यूके में आयोजित 8वें इंटरनेशनल ऑर्थोडोंटिक कांग्रेस में भाग लेने और शोध पत्र प्रस्तुत करने के लिए वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ ऑर्थोडोंटिस्ट (डब्ल्यूएफओ –15) की ओर से ब्रिटिश ऑर्थोडोंटिक सोसायटी द्वारा प्रतिष्ठित शैक्षिक यात्रा से सम्मानित किया गया था।

डॉ. कुणाल ढींगरा को अक्टूबर 2015 में चेन्नई, तमिलनाडु में आयोजित आईसीओआई चौथी साउथ ईस्ट एशियन इम्प्लांट संगोष्ठी में ओरल इम्प्लांटोलॉजी में अपने नैदानिक कौशल की मान्यता के लिए प्रतिष्ठित इंटरनेशनल कांग्रेस ऑफ ओरल इम्प्लांटोलॉजिस्ट्स (यूएसए) के 'राजनयिक' की उपाधि प्रदान की।

अतिथि वैज्ञानिक

- डॉ. कुलदीप डीमेलो, आचार्य एवं अध्यक्ष, ऑर्थोडोंटिक्स विभाग, व्यास डेंटल कॉलेज, जोधपुर (भारत)।
- डॉ. रॉबर्ट ए. होरोविट्ज, क्लिनिकल सहायक प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ इम्प्लांट डेंटिस्ट्री, न्यू यॉर्क यूनिवर्सिटी, कॉलेज ऑफ डेंटिस्ट्री, न्यू यॉर्क, यूएसए।
- प्रोफेसर रेना डिसूजा, इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर डेंटल रिसर्च, यूएसए।
- डॉ. राघुनाथ पुटट्या, इनोवेशन्स इन इंफेक्शन कंट्रोल एंड मॉनिटरिंग, 19 फरवरी 2016
- डॉ वेली जुस्सी जलकनेन, सिटिंग फिजियोलॉजी, 18 फरवरी 2016
- डॉ. स्टेन ब्रॉडी, 3डी इम्प्लांट प्लानिंग, 30 जनवरी 2016

आर. अम्बेडकर संस्थान रोटरी कैंसर अस्पताल

आचार्य एवं प्रमुख
जी. के. रथ
(विकिरण अर्बुद विज्ञान)

आचार्य

एन. के. शुक्ला
(शल्य चिकित्सा अर्बुद विज्ञान)

ललित कुमार
(चिकित्सा अर्बुद विज्ञान)

सुभाष चंद्र
(विकिरण अर्बुद विज्ञान)

सिद्धार्थ सत्पथी
(अस्पताल प्रशासन)

राजीव कुमार
(प्रयोगशाला अर्बुद विज्ञान)

एस. वी. एस. देव
(शल्य चिकित्सा अर्बुद विज्ञान)

संजय थुलकर
(विकिरण निदान)

सुषमा भटनागर
(संवेदनाहरण विज्ञान)

अतुल शर्मा
(चिकित्सा अर्बुद विज्ञान)

समीर बख्शी
(चिकित्सा अर्बुद विज्ञान)

सीमा मिश्रा
(संवेदनाहरण विज्ञान)

डी. एन. शर्मा
(विकिरण अर्बुद विज्ञान)

सुमन भास्कर
(विकिरण अर्बुद विज्ञान)

प्रतीक कुमार
(चिकित्सा भौतिकी)

अपर आचार्य

सुष्मिता पाथी
(विकिरण अर्बुद विज्ञान)

रितु गुप्ता
(प्रयोगशाला अर्बुद विज्ञान)

सहायक आचार्य

हरेश के. पी.
(विकिरण अर्बुद विज्ञान)

चंद्रशेखर एस. एच.
(विकिरण निदान)

अनीता चोपड़ा
(प्रयोगशाला अर्बुद विज्ञान)

सुभाष गुप्ता
(विकिरण अर्बुद विज्ञान)

प्रणय तंवर
(प्रयोगशाला अर्बुद विज्ञान)

संजीव कुमार गुप्ता
(प्रयोगशाला अर्बुद विज्ञान)

अमर रंजन सिंह
(प्रयोगशाला अर्बुद विज्ञान)

सुनील कुमार
(शल्य चिकित्सा अर्बुद विज्ञान)

मेजर एम. डी. रे
(शल्य चिकित्सा अर्बुद विज्ञान)

सच्चिदानंद जी भारती
(संवेदनाहरण विज्ञान)

विनोद कुमार
(संवेदनाहरण विज्ञान)

राकेश गर्ग
(संवेदनाहरण विज्ञान)

निष्कर्ष गुप्ता
(संवेदनाहरण विज्ञान)

अजय कुमार गोगिया
(चिकित्सा अर्बुद विज्ञान)

रंजीत कुमार साहू
(चिकित्सा अर्बुद विज्ञान)

प्रभात सिंह मलिक

रंभा पाण्डेय

अहितान्नि बिस्वास

(चिकित्सा अर्बुद विज्ञान)	(विकिरण अर्बुद विज्ञान)	(विकिरण अर्बुद विज्ञान)
रितेश कुमार (विकिरण अर्बुद विज्ञान)	दुर्गातोष पांडेय (शल्य चिकित्सा अर्बुद विज्ञान)	अलोक गुप्ता (चिकित्सा अर्बुद विज्ञान)
समीर रस्तोगी (चिकित्सा अर्बुद विज्ञान)	बिवस बिस्वास (चिकित्सा अर्बुद विज्ञान)	भरत चौहान (चिकित्सा अर्बुद विज्ञान)
मुकेश यादव (विकिरण निदान)	एकता धमीजा (विकिरण विज्ञान)	
प्रशासनिक अधिकारी रजी जावेद	लेखा अधिकारी मीरा गुप्ता	भंडार अधिकारी राकेश शर्मा

विशिष्टताएं

संवेदनाहरण विज्ञान

संवेदनाहरण विज्ञान इकाई को जून 2015 में अर्बुद–संवेदनाहरण और प्रशामक चिकित्सा विभाग उन्नत बनाया गया। विभाग संवेदनाहरण, गहन देखभाल, दर्द और प्रशामक देखभाल सेवाएं प्रदान करता है। विभाग का मिशन उपचारात्मक और प्रशामक दोनों आशय के साथ कैंसर वाले रोगियों के लिए नवीनतम और व्यापक देखभाल प्रदान करना है। इसमें विभिन्न नैदानिक उपाय, शल्य चिकित्सा प्रक्रिया, दर्द और प्रशामक प्रक्रियाओं की सेवाएं शामिल हैं। विभाग तीव्र और जीर्ण दर्द प्रबंधन के लिए रात–दिन सेवाएं प्रदान करता है। विभाग ने छः पलंग वाले गहन चिकित्सा इकाई जो गंभीर रूप से बीमार रोगियों की देखभाल और कैंसर रोगियों की प्रशामक देखभाल के लिए छः पलंग वाले प्रशामक देखभाल वार्ड के लिए प्रदान किया। विभाग अपनी नियमित शैक्षिक गतिविधियों और रोगी के लिए प्रस्तावित लाभों के लिए कैंसर के दर्द, प्रशामक देखभाल और ऑपरेशन के बाद चिकित्सा के क्षेत्र में विभिन्न अनुसंधान गतिविधियों को भी आगे बढ़ा रहा है। विभाग ने प्रोटोकॉल विकसित किया और बेहतर रोगी प्रबंधन के लिए एसओपी संरचित किया। विभाग नियमित आधार पर सीएमईएस, सम्मेलनों और कार्यशालाओं का आयोजन करता है। विभाग वर्ष में दो बार जून और नवंबर के महीने में प्रशामक देखभाल में सर्टिफिकेट कोर्स और वर्ष में एक बार फरवरी के महीने में प्रशामक देखभाल पर फाउंडेशन कोर्स का भी आयोजन करता है।

दिल्ली कैंसर रजिस्ट्री (डीसीआर)

दिल्ली कैंसर रजिस्ट्री एक जनसंख्या आधारित कैंसर रजिस्ट्री है जो कि 169 से अधिक सरकारी अथवा निजी अस्पतालों / केंद्रों और 250 नर्सिंग होम्स तथा एमसीडी और एनडीएमसी के प्रमुख सांख्यिकी प्रभाग से कैंसर रोगियों का डेटा एकत्र करती है और दिल्ली के शहरी निवासियों में विभिन्न प्रकार के कैंसर के मामलों की जानकारी देती हैं। 1988 में जब रजिस्ट्री की स्थापना हुई थी तो इसने 5854 कैंसर के नए मामले पंजीकृत किए थे और पिछले कई वर्षों में कैंसर के नए मामलों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है और 2010 में पंजीकृत मामलों की संख्या 17176 थी। दिल्ली के पुरुषों में कैंसर के आम साइट्स फेफड़े, जीभ, पौरुष ग्रंथि, मुंह और गले में और महिलाओं में कैंसर के आम साइट्स स्तन, गर्भाशय ग्रीवा, अंडाशय, पित्ताशय की थैली और गर्भाशय ग्रीवा में होते हैं। रजिस्ट्री द्वारा तैयार की गई रिपोर्टों का अनुसंधानकर्ताओं, सरकारी संगठनों इत्यादि द्वारा व्यापक प्रयोग किया जाता है।

चिकित्सा अर्बुद विज्ञान

विभाग में नियमित डीएम और पीएचडी प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ नियमित शिक्षण और अनुसंधान कार्यक्रम होता है। वर्तमान में, 17 नियमित डीएम छात्र (3 प्रायोजित प्रत्याशियों सहित) और 7 पीएचडी छात्र अपना प्रशिक्षण/अनुसंधान कर रहे हैं। इसके अलावा, (विभिन्न राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी/विश्वविद्यालयों द्वारा प्रायोजित) 9 छात्रों ने विभाग में अपना प्रशिक्षण प्राप्त किया। इन्हें विभाग में 9 संकाय सदस्यों द्वारा निर्देशित किया जा रहा है। विभिन्न अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय चिकित्सा पत्रिकाओं में 82 शोध पत्रों से अधिक शोधपत्र प्रकाशित किए गए, और 25 व्याख्यान अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय बैठकों में वितरित किया। भारत में अनेक विश्वविद्यालयों में चिकित्सा अर्बुद विज्ञान संकाय को डीएम और पीएचडी के परीक्षकों के रूप में आमंत्रित किया गया। विभाग में बहुत सक्रिय अनुसंधान कार्यक्रम भी हैं; 20 से अधिक शोध परियोजनाएं विभिन्न अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय सरकारी और गैर सरकारी एजेंसियों द्वारा वित्त पोषित वर्तमान में चलाए जा रहे हैं। विभाग में रोगियों की देखभाल के लिए नियमित प्रयोगशाला सेवा भी है, इनमें सीएमएल रोगियों के लिए कोशिकाजनन प्रकरण और पीसीआर की सुविधा, स्टेम सेल प्राप्तकर्ताओं के लिए सीडी 34 इन्यूमरेशन और क्रायोप्रिजर्वेशन की सुविधाएं शामिल है। इसके अलावा, 97 रोगियों का मूल कोशिका प्रत्यारोपण कराना पड़ा। विभाग ने जनवरी 2016 के बाद से अंतःस्रावी मैलिग्नेंसी पर भी एक नया क्लिनिक शुरू किया, इसे सप्ताह में एक बार हर पूर्वाह्न शनिवार को चलाया जाता है। अस्थि मज्जा और मूल कोशिका प्रत्यारोपण में अध्येतावृत्ति के लिए प्रस्ताव स्टाफ परिषद द्वारा अनुमोदित किया गया और अगले वर्ष से शुरू होने की संभावना है। यह सब कड़ी मेहनत और गंभीर प्रयासों के साथ संभव हुआ था, जो विभाग के सभी सदस्यों ने किया।

चिकित्सा भौतिकी

विभग द्वारा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान और डॉ. बीआरए आईआरसीएच में विभिन्न विभागों में मेडिकल इमेजिस के इमेज गुणवत्ता और विकिरण सुरक्षा और अनुकूलन में एक्स–रे उत्सर्जक मेडिकल इमेजिंग उपकरण, शिक्षा और अनुसंधान के विकिरण सुरक्षा, वैधानिक अनुपालन किया जाता है। विभाग सीएनसी, सीडीईआर, ट्रॉमा, आरपीसी, विकिरण विज्ञान, अस्थि रोग विज्ञान, जठरांत्र विज्ञान, मूत्रविज्ञान, संज्ञाहरण, अंतःस्त्राविका विज्ञान विभाग आदि सहित भी हमारे द्वारा सेवा प्राप्त करते हैं। हमने परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड, मुंबई के साथ पूरे एम्स में फैले लाइसेंस प्राप्त/पंजीकृत हमारे 144 एक्स–रे उत्सर्जक इमेजिंग उपकरण प्राप्त करने के लिए अब तक, महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हमने एईआरबी के साथ विकिरण कामगारों को भी दर्ज किया है जो विकिरण सुरक्षा नियमों के तहत अनिवार्य है। हमने रोगियों, कर्मचारियों और जनता के लाभ के लिए इमेजिंग मशीनों से नियमित गुणवत्ता की जांच और विकिरण खुराक मापन निकाले। 2015–2016 के दौरान, हमने 7188 मापन, परीक्षण, प्रयोग, जोखिम और ब्लड बैग विकिरण निकाले। हमने साथ ही विकिरण मात्रामापी, इमेज अनुकूलन और विकिरण सुरक्षा के क्षेत्र में पीएचडी कार्यक्रम किए।

विकिरण निदान

दो नए संकाय सदस्य विभाग में शामिल हुए। विभिन्न अंतःक्षेपी प्रक्रियाएं जैसे इमेज गाइडिड बायोप्सी, एफएनएसी, परक्यूटेनियस कैथेटर ड्रेनेज, परक्युटेनियस नेफ्रोस्टॉमी, बिलेयरी स्टेंटिंग, पीआईसीसी लाइन, सेंट्रल लाइन, एम्बोलाइजेशन, आरएफ एब्लेशन प्रक्रियाओं की काफी वृद्धि हुई। एम्स कम्प्यूटरीकरण समिति, नियुक्तियों की पहल और सक्रिय समर्थन के साथ और विभाग में सभी जांचों की रिपोर्टिंग को डिजिटलीकृत किया गया। नाभिकीय चिकित्सा और जीआई ट्यूमर बोर्ड के साथ दो नए साप्ताहिक क्लिनिको–रेडियोलॉजिकल सम्मेलनों को इस वर्ष शुरू किया गया।

शल्यचिकित्सा अर्बुदविज्ञान

विभाग के सभी संकाय सदस्यों ने स्नातक और स्नातकोत्तर शिक्षण और 15 एमसीएच और 12 गैर शैक्षणिक सीनियर रेजीडेंट और 5 लघु/दीर्घकालिक प्रशिक्षुओं सहित 27 सीनियर रेजीडेंट्स के संरचित प्रशिक्षण में भाग लिया। विभागीय संकाय एमसीएच शिक्षण और प्रशिक्षण और उनके शोध कार्य में मार्गदर्शक में शामिल है। संकाय ने विकिरण कैंसर विज्ञान, चिकित्सा कैंसर विज्ञान, जैव रसायन और जैव प्रौद्योगिकी वृद्धावस्था चिकित्सा आदि सहित विभिन्न विभागों के शोध कार्य में सह–निर्देशक के रूप में काम किया। उन्होंने व्याख्यान देने, पैनल चर्चा में भाग लेने और शैक्षिक वीडियो प्रस्तुत करने के लिए 31 सीएमई कार्यक्रम और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लिया। संकाय और रेजीडेंट स्तन कैंसर, जठरांत्र कैंसर, सिर और गर्दन के कैंसर, स्त्री रोग कैंसर, हड्डी और कोमल ऊतक ट्यूमर, थोरेसिस कैंसर, हेपेटा बिलियरी पैंक्रियाटिक कैंसर और जेनिटोयूरेनरी कैंसर के लिए विशेष कैंसर क्लीनिक में भाग लेते हैं। मंगलवार और गुरुवार को सुबह 2 सर्जिकल ऑन्कोलॉजी ओपीडी चलाई जाती हैं। विभाग कैंसर के रोगियों के लिए बड़े और छोटे ऑपरेशन की सुविधाएं प्रदान करता है। संकाय ने ओस्टोमेट्स को सलाह देने, ऑल इंडिया रेडियो में बात करने और एनजीओ द्वारा आयोजित कैंसर जागरूकता शिविरों में भाग लेने के लिए सामुदायिक सेवाओं में भाग लिया। संकाय सदस्यों को संपादकीय बोर्ड के सदस्यों, शोध पत्र के समीक्षक और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय निकायों के सदस्यों के रूप में शामिल किया गया था। संकाय सदस्यों ने एमसीएच सर्जिकल ऑन्कोलॉजी और एमएस सर्जरी परीक्षाओं के लिए विभिन्न चिकित्सा कॉलेजों और संस्थाओं के परीक्षक के रूप में काम किया। उन्होंने अखिल भारतीय एमबीबीएस और स्नातकोत्तर परीक्षाओं के संचालन में भी भाग लिया।

शिक्षा

प्रयोगशाला अर्बुद विज्ञान

लघु अवधि प्रशिक्षु

1. डॉ. शीफा हक सहायक प्रोफेसर, शेर–ए–कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, श्रीनगर, जनवरी 2016.
2. डॉ. मंजूर अहमद मलिक सहायक प्रोफेसर, शेर–ए–कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, श्रीनगर, जनवरी 2016.

चिकित्सा अर्बुद विज्ञान

डी एम कार्यक्रम : इसमें 16 नियमित छात्र हैं।

पी एच डी प्रशिक्षण : सात पी एच डी विद्यार्थी चिकित्सा अर्बुद विज्ञान के विभिन्न पक्षों में अपना कार्य कर रहे हैं।

- डॉ. सोबुही इकबाल – महिला वैज्ञानिक – परियोजना का शीर्षक स्तन कैंसर के रोगियों में एक प्रोग्नोस्टिक मार्कर के रूप में परिसंचारी सेल–फ्री डीएनए (सीसीएफडी) का मूल्यांकन। अनुदान एजेंसी – स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय।

प्रशिक्षु

